राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 26 मई 2026
वर्ष 07, अंक 230, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

ककरहिया से अमहा गांव गांव को जोड़ने वाला कच्चा संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार....03

खुफिया जहाज ने अचानक भारत के पास चालू किया सिग्नल, मचा तहलका!...12

# तेल के दाम बढ़ने पर विपक्ष हमलावर, राहुल ने कहा- 'महंगाई मानव मोदी का फिर से हमला'

**» मोदी सरकार ने मई 2026 में चौथी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की है। विपक्षी नेताओं राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव और टीएमसी ने इस बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना की है।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** केंद्र सरकार नियंत्रित तेल कंपनियों ने सोमवार, 25 मई 2026 को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी। यह इस महीने की चौथी बढ़ोतरी है। पेट्रोल की कीमत औसतन 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल की 2.71 रुपये प्रति लीटर बढ़ी है। दिल्ली में पेट्रोल अब 102 रुपये प्रति लीटर के पार पहुंच गया है, जबकि डीजल 95 रुपये के करीब है। विपक्ष ने इस बढ़ोतरी पर जबरदस्त हमला किया है।

15 मई से शुरू हुई बढ़ोतरी में अब तक कुल करीब 7.5 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो चुकी है। सरकार ग्लोबल तेल कीमतों के बढ़ने की दुहाई दे रहा है। लेकिन विपक्ष इस बढ़ोतरी के लिए सरकार की नीतियों को भी जिम्मेदार बता रहा है। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तेल कीमतों के बढ़ने पर सबसे तीखी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने एक्स पर लिखा है- महंगाई मानव मोदी का फिर से हमला। पेट्रोल-डीज़ल के दाम किश्तों में बढ़ाते हैं - ताकि चुपके-चुपके आपकी जेब कटती रहे। मैं महीनों से आर्थिक तूफान आने की बात कह रहा था। पर मोदी जी तब हमेशा की तरह चुनाव में व्यस्त थे- और चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल-डीजल ?8 महंगा कर दिया। और, ये बढ़त होती ही जाएगी। महंगाई मानव मोदी का एक ही काम है - चुनाव में वादे, और बाक़ी समय जनता की जेब पर वार।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे 'किस्तों में लूट' करार दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें कम थीं तब लाभ जनता को नहीं दिया गया, लेकिन अब बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार रोजाना पेट्रोल-डीजल पर हजारों करोड़ रुपये टैक्स वसूल रही है। खड़गे ने लिखा कि पेट्रोल 100 रुपये पार कर गया है, आम नागरिक की कमाई को किस्तों में लूटा जा रहा है। खड़गे ने एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए एआई से तैयार एक पोस्टर भी जारी किया है। जिसे आप उनके ट्वीट के साथ नीचे देख सकते हैं।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बढ़ोतरी पर तंज कसते हुए साइकिल का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ना है तो साइकिल ही विकल्प है। अखिलेश ने पहले ही चेतावनी दी थी कि चुनाव के बाद दाम बढ़ेंगे और आम आदमी पर बोझ पड़ेगा। टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) ने भी केंद्र की नीतियों की आलोचना की। पार्टी ने इसे मध्यम वर्ग और आम जनता पर हमला बताया। टीएमसी नेताओं ने कहा कि बढ़ोतरी से परिवहन, किराना और दैनिक जीवन महंगा हो जाएगा। पार्टी ने पहले भी ईंधन कीमतों पर विरोध प्रदर्शन किए हैं।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने लिखा है- प्यारे देशवासियों मोदी जी के लिए आप मात्र एक वोट हैं। चुनाव ख़त्म ज़रूरत ख़त्म। वैसे अंधभक्त तो 200 रू तक पेट्रोल ख़रीदने को तैयार हैं।

शिवसेना यूबीटी नेता और पूर्व सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने लिखा है- जनता का खून पीने के बाद, रिकॉर्ड तोड़ महँगाई के बाद देश की तेल कंपनी रिकॉर्ड तिमाही प्रॉफिट डिक्लेअर कर रहीं हैं । ग़ज़ब सरकार है - जनता त्रस्त, तेल कंपनियाँ मस्त! अन्य विपक्षी दलों ने भी इसे चुनाव के बाद की 'वसूली' बताया और मांग की कि केंद्र उच्च टैक्स कम कर जनता को राहत दे।

विरुधुनगर से कांग्रेस सांसद मणिक्कम टैगोर ने पेट्रोल की बढ़ती कीमतों और केंद्र सरकार की तेल नीति को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया कि सरकार आम जनता के बजाय तेल कंपनियों और कॉरपोरेट घरानों के हित में काम कर रही है।

मणिक्कम टैगोर ने अपने पोस्ट में 2014, 2016 और 2026 के कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) और पेट्रोल कीमतों की तुलना करते हुए कहा कि 2014 में अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत 114 डॉलर प्रति बैरल थी, तब पेट्रोल 72 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था। वहीं 2016 में क्रूड ऑयल घटकर 27 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया, तो पेट्रोल की कीमत 64 रुपये प्रति लीटर रही। उन्होंने दावा किया कि 2026 में क्रूड ऑयल 97 डॉलर प्रति बैरल होने के बावजूद पेट्रोल 103 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# नीट- यूजी 2026 रद्द होना दुखद, एनटीए ने सबक नहीं सीखा: सुप्रीम कोर्ट




**ब्यूरो प्रयागराज** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर गहरा दुख जताया कि पेपर लीक होने की वजह से नीट-यूजी 2026 को रद्द करना पड़ा। कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि दो साल पहले, 2024 में पेपर लीक के संबंध में कोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के बावजूद, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कोई सबक नहीं सीखा। कोर्ट ने डॉक्टरों और मेडिकल स्टूडेंट्स द्वारा एनटीए को बदलने की मांग वाली याचिकाओं पर नोटिस जारी किया, और एनटीए से उस हाई-पावर्ड कमेटी (उच्च-स्तरीय समिति) की सिफारिशों के अनुसार उठाए गए कदमों पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी। इस कमेटी का गठन कोर्ट के 2024 के फैसले के अनुसार, नीट व्यवस्था को मज़बूत करने के उपाय सुझाने के लिए किया गया था।

जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने इस मामले पर विचार किया। कोर्ट ने यह भी आदेश दिया कि सभी याचिकाओं की कॉपी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को दी जाए। याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील तन्वी दुबे पेश हुईं। जस्टिस नरसिम्हा ने मौखिक रूप से टिप्पणी की: 'हमें बहुत दुख है, उन्होंने (एनटीए) कोई सबक नहीं सीखा। हमने आदेश पारित किया था, जिसमें सिफारिशें देने के लिए एक समिति के गठन का निर्देश दिया गया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया था। 'हम एनटीए को एक हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हैं, जिसमें 14 नवंबर, 2024 को गठित निगरानी समिति के संबंध में स्थिति स्पष्ट की जाए। हम पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन को भी हलफनामा दायर करने का निर्देश देते हैं, जिसमें हाई-पावर्ड कमेटी द्वारा दी गई सिफारिशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख हो; इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यह हलफनामा 3 दिनों के भीतर दायर किया जाना चाहिए।

2024 के नीट-यूजी पेपर लीक की पृष्ठभूमि में केंद्र सरकार द्वारा इस उच्च-स्तरीय समिति का गठन किया गया था। इसकी अध्यक्षता इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन ने की थी। 2024 में 'वंशिका यादव बनाम भारत संघ' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द करने से इनकार किया था, लेकिन कोर्ट ने पेपर लीक से निपटने के लिए कई निर्देश जारी किए। साथ ही सार्वजनिक परीक्षाओं को रद्द करने के लिए एक मानदंड भी निर्धारित किया था।

कोर्ट ने डॉ. राधाकृष्णन समिति के अधिकार क्षेत्र का विस्तार किया और समिति को परीक्षा सुरक्षा, पेपरों के परिवहन, सीसीटीवी निगरानी, उम्मीदवारों के सत्यापन, एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल, तकनीकी सुरक्षा उपायों, रियल-टाइम निगरानी, शिकायत निवारण और अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं पर सुधारों की सिफारिश करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने विशेष रूप से समिति को व्यापक सीसीटीवी निगरानी, अचानक निरीक्षण, सुरक्षित परिवहन प्रणालियों, डिजिटल ट्रैकिंग और पहचान सत्यापन के अधिक सख्त तंत्रों की व्यावहारिकता की जांच करने का निर्देश दिया। केंद्र सरकार ने 17 दिसंबर, 2024 को रिपोर्ट दाखिल की, जिसमें विशेषज्ञों की उच्च-स्तरीय समिति (एचएलसीई) की सिफारिशों के बाद उठाए गए कदमों का विस्तृत विवरण दिया गया था। अनुपालन रिपोर्ट के अनुसार, एचएलसीई ने 'राष्ट्रीय सामान्य प्रवेश परीक्षा प्रणाली में सुधार' की सिफारिश की, जिसमें एनटीए को मजबूत करना, राज्यों के साथ संस्थागत समन्वय और विशेष परीक्षा तथा ज्ञान भागीदारों को शामिल करना शामिल है।

ये याचिकाएं नीट-यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने की पृष्ठभूमि में दायर की गई थीं। यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) द्वारा दायर याचिका में नीट-यूजी 2026 परीक्षा आयोजित करने में एनटीए की 'प्रणालीगत विफलता' को देखते हुए एनटीए को भंग करने की मांग की गई। इसमें कहा गया कि परीक्षा में 23 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### नाबालिग किशोरी लापता, पड़ोसी महिला पर भगाने का आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ गांव के पास किराए के मकान में रहने वाली एक महिला ने पड़ोस में रहने वाली महिला पर उसकी नाबालिग बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। बेटी के लापता होने से परिवार पिछले 15 दिनों से परेशान है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा की रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति और बच्चों के साथ बाल्हेमऊ गांव के पास किराए के मकान में रहती है। पति-पत्नी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। महिला के अनुसार उसकी 15 वर्षीय बेटी 7 मई को दोपहर करीब ढाई बजे पड़ोस में रहने वाली सुनीता के साथ दुकान से दूध लेने गई थी। आरोप है कि कुछ देर बाद सुनीता वापस लौट आई, लेकिन उसकी बेटी घर नहीं पहुंची। काफी तलाश के बावजूद किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला। पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाली महिला उसकी बेटी की फोन पर हरियाणा के सोहना गुरुग्राम निवासी प्रदीप से बातचीत कराती थी। उसी महिला ने युवक के साथ मिलकर उसकी बेटी को भगाया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में एक महिला और एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। किशोरी और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### पूर्वी दिल्ली में जहरीली गैस से बेहोश हुए दो मजदूर, एक की मौत; उतरे थे सेप्टिक टैंक की सफाई करने



**पूर्वी दिल्ली।** राजधानी के न्यू अशोक नगर इलाके में एक घर में सेप्टिक टैंक की सफाई करने उतरे दो कर्मचारी जहरीली गैस से हुए बेहोश। दोनो को अचेत हालत में एलबीएस अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने एक विनोद कुमार को मृत घोषित कर दिया। वह नोएडा सेक्टर 9 में रहता था। वहीं, दूसरे साथी धर्मेंद्र की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका आईसीयू में इलाज चल रहा है।

## मध्य गहरी बोरिंग योजना में भारी भ्रस्टाचार, जिम्मेदार साधे मौन

**●कमीशनखोरी और दलालों की सक्रियता बनी लघु सिंचाई विभाग की पहचान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** लघु सिंचाई विभाग इन दिनों जिले में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। मध्य गहरी बोरिंग योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद किसानों ने आवाज उठाई तो विभाग में हड़कंप मच गया।मामला तब तूल पकड़ा जब किसान लगातार घटिया बोरिंग और कमीशनखोरी की शिकायतें लेकर दफ्तरों के चक्कर काटते रहे। आरोप है कि जेई और बीटी की मिलीभगत से मानक विहीन बोरिंग कराई जा रही है। काम के नाम पर किसानों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा था।

कुछ किसानों ने अधिकारी से यह भी कहा कि 'साहब, टेस्टिंग-ट्रायल का पैसा किस मद से लिया जाता है? कभी डीजल के नाम पर तो कभी भाड़े के नाम पर हमसे वसूली होती है। साहब, ये लोग ट्रायल-टेस्टिंग समय पर करते ही नहीं हैं।' किसानों का आरोप है कि ट्रायल न होने से बोरिंग फेल हो रही है और बाद में उन्हें ही नुकसान उठाना पड़ता है।किसानों की शिकायतों पर लघु सिंचाई विभाग के कुछ अधिकारियों ने संज्ञान लिया। 22 अप्रैल बुधवार को अधिशासी अभियंता, लघु सिंचाई सीतापुर डिवीजन ने लखीमपुर खीरी के ब्लॉक बेहजम में मध्य गहरी बोरिंग की जांच की। टीम ने पांच बोरिंग चेक कीं, जिनमें से तीन में गंभीर कमियां पाई गईं।जांच की भनक लगते ही भ्रष्टाचार में लिप्त जेई और बीटी में हड़कंप मच गया। विकास भवन में भी हलचल तेज है। अवर अभियंता के इर्द-गिर्द जेई की परिक्रमा जारी है। गुपचुप मीटिंग चल रही हैं और उनकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं सहायक अभियंता का अता-पता नहीं है।अधिशासी अभियंता ने बताया कि चेकिंग अभियान आगे भी जारी रहेगा। गांव-गांव जाकर बोरिंग की गुणवत्ता परखी जाएगी। जब तक किसानों की दिक्कत दूर नहीं होती, कार्रवाई चलती रहेगी।हालात सिर्फ ब्लॉक बेहजम के नहीं हैं। जिले के ज्यादातर ब्लॉकों से इसी तरह की शिकायतें आ रही हैं। किसान दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं लेकिन फाइलें आगे नहीं बढ़ रही। घटिया बोरिंग, कमीशनखोरी और दलालों की सक्रियता ही अब लघु सिंचाई विभाग की पहचान बन गई है।

विभागीय सूत्रों की मानें तो जांच में कई और बोरिंग फेल होने की आशंका है। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे।

## नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च फिर भी नल सूखे




**● मामला नकहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रामापुर रौली का है**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** जनपद खीरी के अन्तर्गत नकहा ब्लॉक से बड़ी खबर सामने आई हैं।सूत्र बताते है कि विकासखंड नकहा की ग्राम पंचायत रामापुर रौली में सरकारी धन के दुरुपयोग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पंचायत में हैंडपंप नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये का घोटाला किया गया है।ग्रामीणों के मुताबिक, पंचायत के रिकॉर्ड में दर्जनों हैंडपंपों के रिबोर और मरम्मत पर लाखों का बजट खर्च दिखाया गया है। लेकिन हकीकत यह है कि गांव के ज्यादातर हैंडपंप आज भी खराब पड़े हैं। आरोप है कि बिना काम किए ही फर्जी मस्टररोल और बिल लगाकर सरकारी रकम निकाल ली गई। केवल नल ही नहीं, कई अन्य योजनाओं में भी खेल के आरोप लगाए जा रहे हैं।ग्रामीणों का दावा है कि घोटाला सिर्फ नल रिबोर तक सीमित नहीं है। नल-जल योजना, सीसी रोड, नाली निर्माण, खड़ंजा और मनरेगा के कार्यों में भी बड़े पैमाने पर हेराफेरी की गई है। कागजों में सभी काम पूर्ण दिखाकर भुगतान करा लिया गया, जबकि गांव में विकास कहीं नजर नहीं आता है।गांव के लोगों ने बताया कि पानी की किल्लत से जूझने के बावजूद पंचायत स्तर से कोई मदद नहीं मिली। कई बार ब्लॉक और तहसील में शिकायत की गई, लेकिन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई।अब देखना है कि नवागत जिलाधिकारी खीरी द्वारा इस मामले पर क्या कार्रवाई की जाएगी, होगी मामले की जांच या फिर मामले की लीपापोती कर रफा-दफा कर दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने सीसी रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा धमार्थ योजना के अन्तर्गत पकड़ी उदयपुर से योगमाया मंदिर तक सीसी रोड चौड़ीकरण निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग(प्रा0ख0) द्वारा 1.5 किमी तक 5.5 मी0 चौड़ीकरण का कार्य कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति में पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करने हुये सम्बंधित को कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के साथ समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराने का निर्देष दिया।

### दिल्ली के विधायकों की बल्ले-बल्ले, विकास के लिए मिले 5-5 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। विधायकों को अपने क्षेत्र में विकास कार्य के लिए इस वित्त वर्ष में भी पांच-पांच करोड़ रुपये की राशि मिलेगी। शहरी विकास मंत्री आशीष सूद के निर्देश पर शहरी विकास विभाग ने इस बारे में आदेश जारी कर दिया है। वित्त वर्ष 2025 -26 के बजट में भी भाजपा सरकार ने पहली बार सभी विधायकों को पांच-पांच करोड़ रुपये का फंड जारी किया था। इस राशि से विधायक अपने क्षेत्र में आवश्यकता अनुसार काम करा सकते हैं। दिल्ली में विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए विधायक निधि का उपयोग करके कई बुनियादी और प्रशासनिक कार्य करवा सकेंगे। विधायक के माध्यम से क्षेत्र में मुख्य रूप से सड़कों और गलियों का निर्माण, मरम्मत, पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाना, सीवर लाइन डालना और सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जा सकता है। गलियों व सड़कों पर नई स्ट्रीट लाइट लगवाना या खराब लाइटों की मरम्मत सुनिश्चित करने से लेकर ओपन जिम लगवाने से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े काम भी इसमें शामिल हैं। बता दें कि पिछले साल भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में आई सरकार ने जब विधायक निधि के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये निर्धारित किए थे तो विपक्षी दल खास कर आम आदमी पार्टी ने सरकार पर हमला बोला था और तरह-तरह के आरोप लगाए थे। मगर भाजपा सरकार अपने फैसले पर अडिग रही है और इस बार भी सरकार ने प्रत्येक विधायक को विधायक निधि के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये देने ही निर्धारित किए हैं।

## कानपुर में मेडिकल स्टोर में घुसी स्कार्पियो,तीन घायल,एक नीचे दबा, लोगों ने पकड कर पीटा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** कानपुर में रविवार देर रात एक स्कार्पियो मेडिकल स्टोर में जा घुसी, प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक स्कार्पियो क़रीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से नन्द लाल चौराहे की ओर जा रही थी,इसी दौरान रास्ते में भीड़ देखकर चालक घबरा गया और वाहन से नियंत्रण खो बैठा,, स्कार्पियो पहले एक कार से टकराई और फिर मेडिकल स्टोर में जा घुसी,, हादसे में दुकान के बाहर खड़ा एक युवक गाड़ी की चपेट में आकर नीचे दब गया,, जबकि तीन अन्य लोग भी घायल हो गए, घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को हैलट अस्पताल पहुंचाया, इसमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है,, हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने भागने की कोशिश कर रहे चालक को पकड़ लिया, और पीट दिया,,नशे में धुत्त चालक ने बताया कि गाड़ी के ब्रेक ही नहीं लग रहे थे, इसी बजह से स्कार्पियो बेकाबू हो गई,और हादसा हो गया। वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की ,,चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है, घटना गौविद नगर थाना क्षेत्र क्षेत्र का मामला है,, कल्याण पुर आवास विकास निवासी शेखर गुप्ता ने बताया कि बीती देर रात करीब 11,30 बजें काले रंग की स्कार्पियो सीटीआई नन्दलाल चौराहे की ओर जा रही थी,, चालक नशे में था, रास्ते में लोगों की भीड़ देखकर वह गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा, बेकाबू स्कार्पियो पहले एक दुकान के बाहर खड़ी कार से टकराई और फिर मेडिकल स्टोर में जा घुसी,, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान के बाहर खड़ा एक युवक स्कार्पियो नीचे दब गया,, हादसे में चार लोग दब गए,, घायलों में छोटी जूही निवासी रोहित और राम आसरे नगर निवासी हर्षित शामिल हैं,जब कि दो अन्य घायलों की पहचान नहीं हो सकी,, घटना के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई स्थानीय लोगों ने चालक को पकड़ लिया और उ से? पुलिस के हावाले कर दिया,, गोविंद नगर थाना प्रभारी निरीक्षक रिंकेश कुमार सिंह ने बताया कि चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है,,उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त, ग्राम प्रधान ही बनेंगे गाँव के प्रशासक




**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्राम पंचायतों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद सुचारू प्रशासन सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। पंचायती राज अनुभाग-3 द्वारा जारी ज्ञाप के अनुसार, 2021 के सामान्य पंचायत चुनावों के तहत गठित ग्राम पंचायतों का कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है।

**मुख्य प्रावधान:**

- नई ग्राम पंचायतों की प्रथम बैठक आयोजित होने तक या अधिकतम छह माह की अवधि तक वर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक के रूप में नियुक्त किया जाएगा।
- प्रशासक को ग्राम पंचायत की समस्त शक्तियां, कर्तव्य और उत्तरदायित्व सौंपे जाएंगे।
- यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा-12 के प्रावधानों के तहत की गई है।
- प्रशासक द्वारा कोई नीति-निर्णय नहीं लिया जाएगा। आवश्यक नीतिगत मामले जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से जिला अधिकारी को प्रस्तुत किए जाएंगे।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी व्यवस्था नई चुनी हुई पंचायतों के गठन और प्रथम बैठक होने तक चलेगी।

**सामान्यतः** पंचायत चुनाव हर पांच वर्ष में होते हैं। 2021 में हुए चुनावों के आधार पर गठित पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 को पूरा हो रहा है। नए चुनावों की प्रक्रिया या प्रथम बैठक में देरी की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार ने यह अग्रिम व्यवस्था कर ली है।

**यह आदेश पूरे उत्तर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों पर लागू होगा**

यह कदम स्थानीय स्तर पर प्रशासनिक खालीपन को रोकने और विकास कार्यों को बिना बाधा जारी रखने के लिए उठाया गया है। आमतौर पर चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद नई पंचायतें शीघ्र गठित की जाती हैं, लेकिन इस बार सरकार ने पहले से ही बैकअप प्लान तैयार रखा है।

अधिक जानकारी के लिए पंचायती राज विभाग के आधिकारिक आदेश का हवाला दिया गया है, जो मई में जारी किया गया है। अभी तक नए पंचायत चुनावों की घोषणा पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस आदेश पर चर्चा शुरू हो गई है।


## संक्षिप्त खबरें

### अवैध मिट्टी खनन पर नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जेसीबी समेत तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज



**बस्ती।** बस्ती में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ थाना नगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन और तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर दिया। इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया।थानाध्यक्ष नगर भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में नगर पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम सभा चौबाह में जेसीबी मशीन के जरिए अवैध रूप से मिट्टी खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके पर बिना किसी वैध अनुमति के मिट्टी खनन करते हुए एक जेसीबी मशीन तथा तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गई। खास बात यह रही कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर प्लेट भी नहीं लगी थी। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को कब्जे में लेकर थाना परिसर पहुंचाया और सीज की कार्रवाई की। थाना नगर पुलिस की इस कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन की शिकायतें मिल रही थीं, लेकिन इस बार पुलिस की त्वरित कार्रवाई से खनन माफियाओं में खलबली मच गई है।

### आधी रात सड़कों पर उतरे एसपी विकास कुमार, ड्यूटी प्वाइंटों पर मचा हड़कंप



**बलरामपुर।** जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार रविवार देर रात अचानक सर्किल नगर क्षेत्र में निरीक्षण पर निकल पड़े। एसपी के औचक निरीक्षण से ड्यूटी प्वाइंटों और पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। रात्रि गश्त के दौरान एसपी ने बहादुरपुर ड्यूटी एवं पिकेट प्वाइंटों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से उनकी ड्यूटी, सतर्कता, गश्त व्यवस्था और संदिग्ध गतिविधियों पर की जा रही निगरानी की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि रात्रिकालीन पेट्रोलिंग में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। असामाजिक तत्वों, संदिग्ध व्यक्तियों और अवांछनीय गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसपी ने पुलिस कर्मियों को आमजन में सुरक्षा का माहौल बनाए रखने, हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। देर रात हुए इस औचक निरीक्षण से पुलिस महकमे में सक्रियता बढ़ गई और सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत नजर आई।

### ट्रेन यात्रा के दौरान ट्रॉली बैग से लाखों के जेवरात चोरी

**गोपीगंज।** थाना गोपीगंज क्षेत्र के बरजी कला (उपवार) निवासी एवं वर्तमान में गुजरात के सूरत शहर में रह रहे अनिल कुमार मिश्रा ने ट्रेन यात्रा के दौरान ट्रॉली बैग से लाखों रुपये मूल्य के सोने व हीरे के आभूषण चोरी होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि अनिल कुमार मिश्रा पुत्र स्वर्गीय दशरथ प्रसाद मिश्रा, ग्राम बरजी कला (उपवार), पोस्ट भवानीपुर, थाना गोपीगंज, जनपद भदोही के मूल निवासी हैं तथा वर्तमान में बी-195, स्वान विला रेजिडेंसी, ननसाड रोड, कामरेज, सूरत (गुजरात) में निवास करते हैं। पीड़ित के अनुसार वह दिनांक 05 मई 2026 को ट्रेन संख्या 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस के कोच संख्या-2 में सीट संख्या 38 एवं 40 से उधना (सूरत) से ज्ञानपुर रोड स्टेशन के लिए पत्नी के साथ यात्रा कर रहे थे।उन्होंने बताया कि 06 मई 2026 की सुबह लगभग 5:30 बजे ज्ञानपुर रोड स्टेशन पहुंचने से पहले वह कोच के एग्जिट गेट के पास ट्रॉली बैग के साथ खड़े थे। इसी दौरान करीब चार अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें उनके लगेज से अलग कर दिया। आरोप है कि उसी समय ट्रॉली बैग में रखे छोटे बैग से सोने व हीरे के कीमती आभूषण चोरी कर लिए गए। घर पहुंचने पर सामान की जांच के दौरान घटना की जानकारी हुई। चोरी गए आभूषणों में लगभग 65 ग्राम का मंगलसूत्र, 28 ग्राम के दो कंगन, 15 ग्राम का झुमका, 3.8 ग्राम का डायमंड आभूषण तथा एक कैरेट की दो डायमंड रिंग शामिल हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# बस्ती पुलिस का बड़ा एक्शन अन्तरजनपदीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 4 चोरी की बाइक बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बस्ती पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना लालगंज पुलिस, स्वाट टीम और सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में दो अन्तरजनपदीय वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की चार मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोर गिरोह में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना लालगंज क्षेत्र के महथा मार्ग स्थित नहर पुलिया के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को रोककर पूछताछ की गई। जांच में बाइक के इंजन व चेचिस नंबर खुरचे हुए पाए गए, जिससे पुलिस का शक गहरा गयापूछताछ में पकड़े गए युवकों ने अपना नाम प्रदुम्य पटेल पुत्र राजेश पटेल निवासी गंगौरा थाना मुण्डेरवा तथा राहुल उर्फ गोलू सोनकर पुत्र राजू सोनकर निवासी सजनाखोर थाना लालगंज बताया। सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों ने चोरी की घटनाओं को स्वीकार कर । अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने बनकटी पोखरे के पास झाड़ियों में छिपाकर रखी गई तीन अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद कर लीं। बरामद वाहनों में हीरो स्प्लेंडर नंबर क्क्43 4633, हीरो स्प्लेंडर नंबर क्क्43ङ्ग4908, बिना नंबर प्लेट की हीरो पैशन प्रो तथा हरियाणा नंबर ॥क्र36छ्ह9010 की हीरो स्प्लेंडर शामिल है। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पकड़े जाने से बचने के लिए फर्जी नंबर प्लेट लगाई थी और इंजन व चेचिस नंबर भी खुरच दिए थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि दो मोटरसाइकिलें जनपद गोण्डा से तथा एक बाइक संतकबीरनगर से चोरी की गई थी। चोरी के बाद वाहनों को बेचने की नीयत से झाड़ियों में छिपाकर रखा गया था।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना लालगंज में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस सफल ऑपरेशन में प्रभारी निरीक्षक विनय पाठक, स्वाट प्रभारी उ0नि0 शेषनाथ यादव, व0उ0नि0 राधेश्याम प्रसाद सहित थाना लालगंज, स्वाट एवं सर्विलांस टीम के पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

# अमईपार में मनरेगा का महाघोटाला, 222 फर्जी मनरेगा मजदूरों के नाम पर रोज 55 हजार रुपये से अधिक की लूट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले केकुदरहा ब्लॉक की ग्राम पंचायत अमईपार का मनरेगा फर्जीवाड़ा अब जिले में सबसे बड़ी चर्चा का विषय बन गया है। भीषण गर्मी में 222 मजदूरों का मस्टर रोल चलना ही अपने आप में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सबूत है।घोटाले का पूरा नेटवर्क:

**222 फर्जी मजदूर:** कुदरहा ब्लॉक में सबसे ज्यादा अमईपार में ही फर्जी ऑनलाइन मस्टर रोल

**55,000 रोज का खेल:** 222 मजदूर म ?252 = ?55,944 रोज। महीने में 783216 लाख की सीधी लूट

**ऊपर से नीचे तक मिलीभगत:** रोजगार सेवक + ग्राम प्रधान + सचिव + TA + APO + BDO कुदरहा आलोक कुमार पंकज सभी शामिल

**फेस हाजिरी भी फेल:** फोटो से हाजिरी अनिवार्य होने के बाद भी फर्जीवाड़ा जारी, मतलब फोटो-मॉर्फिंग या डमी लोगों का इस्तेमाल

**BDO पर सीधा आरोप:** सूत्रों के अनुसार BDO आलोक कुमार पंकज मनचाहा कमीशन लेकर कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं। उनके सहयोग से ही भ्रष्टाचार का गोरखधंधा फल-फूल रहा है।

**CDO सार्थक अग्रवाल को चुनौती:** तेज तर्रार छ्ष्ठह्र के रहते इतना बड़ा फर्जीवाड़ा चलना सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है।

**ये संगठित अपराध है:**

IPC 420 - धोखाधड़ी, IPC 409 - सरकारी कर्मचारी द्वारा गबन, IPC 120B - आपराधिक षड्यंत्र। फर्जी मस्टर रोल बनाना IPC 467/471 के तहत भी अपराध है।

**अब कार्रवाई के लिए तुरंत करें:**

1. CDO सार्थक अग्रवाल को लिखित शिकायत - 222 फर्जी मजदूरों का मस्टर रोल नंबर देकर

2. लोकपाल, मनरेगा बस्ती - जांच + रिकवरी + दोषियों को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

3. DM बस्ती + कमिश्नर बस्ती मंडल - BDO आलोक कुमार पंकज समेत पूरे नेटवर्क पर FIR

4. CM हेल्पलाइन 1076 - 'अमईपार में 222 फर्जी मजदूर, रोज 55 हजार की लूट' बोलकर शिकायत

जरूरी सबूत: http://nrega.nic.in से अमईपार का मौजूदा मस्टर रोल निकाल लें। 222 नाम, काम का नाम और MR नंबर के साथ शिकायत दोगुनी मजबूत हो जाएगी।आपकी पिछली खबरों से साफ स्पष्ट है कि कुदरहा की अमईपार बस्ती में मनरेगा घोटाले का पैटर्न एक जैसा है: रोजगार सेवक की ID + प्रधान-सचिव-ञ्ज-क्चष्ठह्र की मिलीभगत अब देखना यह है कि ग्राम पंचायत अमईपार के मनरेगा भ्रष्टाचार पर क्या होती है कार्यवाही ? या जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जांच व कार्रवाई के नाम पर लीपापोती करके मामले को किया जायेगा रफा - दफा ?

# मानक विहीन निजी अस्पतालों पर आखिर कब होगी कार्रवाई? बस्ती में मरीजों की मौतों से दहशत

● स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे गंभीर सवाल?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** जनपद में कथित तौर पर बिना मानक संचालित निजी अस्पतालों और नर्सिंग होमों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। जिले में आए दिन इलाज के दौरान मरीजों की मौत और लापरवाही के आरोप सामने आ रहे हैं,लेकिन जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग अब तक ठोस कार्रवाई करता दिखाई नहीं दे रहा। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि गरीब और मजबूर मरीज इलाज की उम्मीद लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं, लेकिन कई जगहों पर उन्हें उचित इलाज के बजाय लापरवाही, अव्यवस्था और मौत मिल रही है। ताजा मामला शहर के चर्चित जी-एस हॉस्पिटल से जुड़ा बताया जा रहा है,जहां एक महिला की इलाज के दौरान हालत बिगड़ने और समय पर उचित चिकित्सकीय सुविधा न मिलने से मौत होने का आरोप लगाया जा रहा है। घटना के बाद मृतका के परिजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। अस्पताल में न तो पर्याप्त विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद थे और न ही मरीज की हालत बिगड़ने पर जरूरी चिकित्सा व्यवस्था की गई। महिला की मौत के बाद अब पूरे जिले में निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में बड़ी संख्या में ऐसे हॉस्पिटल और नर्सिंग होम संचालित हो रहे हैं, जिनके पास न पर्याप्त संसाधन हैं और न ही प्रशिक्षित चिकित्सक,लेकिन फिर भी खुलेआम मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो कई निजी अस्पतालों में अनुभवहीन लोग खुद को विशेषज्ञ डॉक्टर बताकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। विजिटिंग कार्ड और बोर्डों पर बड़ी-बड़ी डिग्रियां लिखकर आम जनता को भ्रमित किया जा रहा है। कई जगहों पर कथित फर्जी डिग्रियों के सहारे मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किए जाने के आरोप भी लगते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था इतनी कमजोर क्यों है? जिले में संचालित अस्पतालों का नियमित निरीक्षण क्यों नहीं हो रहा? यदि जांच होती भी है तो कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित क्यों रह जाती है? लोगों के बीच चर्चा है कि अवैध अस्पतालों,नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्रवाई न होने के पीछे विभागीय मिलीभगत भी एक बड़ा कारण हो सकती है। आरोप यहां तक लगाए जा रहे हैं कि कुछ जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय कथित रूप से संरक्षण देने में लगे हैं, जिसके चलते मानक विहीन अस्पतालों के संचालकों के हौसले बुलंद हैं। जिले में लगातार सामने आ रही मौतों और शिकायतों के बावजूद यदि जिम्मेदार विभाग नहीं जागता तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। गरीब और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि वे बेहतर इलाज की उम्मीद में ऐसे अस्पतालों का सहारा लेने को मजबूर हैं। अब जनता मांग कर रही है कि जिले में संचालित सभी निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम, पैथोलॉजी और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। जिन संस्थानों के पास मानक, पंजीकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर और आवश्यक संसाधन नहीं हैं, उन पर तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में किसी और परिवार को अपनों की जान गंवानी न पड़े। आखिर कितनी मौतों के बाद जागेगा स्वास्थ्य विभाग? क्या मानक विहीन अस्पतालों पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर या यूं ही मौत बांटते रहेंगे निजी हॉस्पिटल?

# रूधौली मे भयानक सड़क हादसा, 2 की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** जनपद के रुधौली थाना क्षेत्र से करीब 4 किलोमीटर दूर भितेहरा गांव में सोमवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पंचायत भवन के सामने दसिया की तरफ जा रही ट्रॉली में भानपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही महाराष्ट्र नंबर की फॉर्च्यूनर ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह उड़ गया, जबकि ट्रॉली भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। वाहन में फंसे लोगों को निकालने के लिए स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत की। किसी को खींचकर बाहर निकाला गया तो कहीं वाहन का लोहा काटकर घायलों को बाहर निकालना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हादसे के करीब 30 मिनट बाद पुलिस मौके पर पहुंची, जबकि एम्बुलेंस लगभग 45 मिनट बाद पहुंच सकी। गंभीर रूप से घायल लोग देर रात तक तड़पते रहे। बताया जा रहा है कि रात करीब 2 बजे अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सूत्रों के अनुसार हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनमें से दो लोगों की मौत हो चुकी है। मृतकों की पहचान मल्हर और रामस्वरूप निवासी गनवरिया कला के रूप में बताई जा रही है, जबकि अन्य घायल आसपास के गांवों के निवासी बताए जा रहे हैं। तीन घायलों की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और देर रात तक मौके पर भारी भीड़ जुटी रही। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, मई में 23 वाहन पकड़े गए

● 7.08 लाख से अधिक अर्थदण्ड वसूला, प्रशासन की सख्ती से माफियाओं में हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन लगातार सख्त अभियान चला रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन के निर्देशन में गठित विशेष टास्क फोर्स द्वारा तहसील स्तर पर लगातार छापेमारी और निगरानी की जा रही है। प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अवैध खनन कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। खनन विभाग के अनुसार मई 2026 में अब तक कुल 23 वाहनों पर कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें से 19 वाहनों से ?7,08,560 का अर्थदण्ड जमा कराया गया है। इसी क्रम में 24 मई को तहसील बलरामपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी परिवहन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी गईं। एक वाहन से 25 हजार का जुर्माना वसूला गया, जबकि दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना ललिया की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया। अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष टास्क फोर्स गठित की है, जिसमें संबंधित उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी (पुलिस) कोयक्षं जिम्मेदारी सौंपी गई है। टीम लगातार क्षेत्र भ्रमण कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। 22 मई को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई, जिसमें अधिकारियों को अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ नियमित और प्रभावी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध खनन और अवैध परिवहन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

## बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** जनपद की थाना कोतवाली देहात पुलिस ने बेसिक शिक्षा विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर अभ्यर्थियों से रुपये मांगने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 मई 2026 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से थाना कोतवाली देहात को एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। शिकायतकर्ता कामता प्रसाद निवासी पहलवारा, बलरामपुर ने आरोप लगाया कि ECC Educater पदों की चयन प्रक्रिया के दौरान उन्हें लगातार फोन कर नियुक्ति पत्र दिलाने के नाम पर रुपये की मांग की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली देहात में मु0अ0सं0-193/2026 के तहत धारा 308(2), 318(4) बीएनएस तथा उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले का सफल अनावरण किया। पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र यादव निवासी रजडेरवा, थाना पचपेड़वा जनपद बलरामपुर तथा आयुष सिंह निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि वे लखनऊ स्थित E&-serviceman संस्था में कार्यरत हैं। संस्था को GEM पोर्टल के माध्यम से ECC Educater भर्ती प्रक्रिया में चयनित अभ्यर्थियों के सत्यापन का कार्य मिला था। सत्यापन की आड़ में दोनों आरोपी चयनित अभ्यर्थियों को फोन कर चयन सुनिश्चित कराने के नाम पर धन उगाही कर रहे थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि अमित गुप्ता एवं जान्ह्वी नामक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन माध्यम से 20-20 हजार रुपये वसूले गए थे। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा जा रहा है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्रवण चन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक राहुल कुमार भारती सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# स्थगन आदेश के बावजूद अधिवक्ता की भूमि पर सरकारी निर्माण, वकीलों में आक्रोश: कार्य बहिष्कार से 490 मुकदमे अटके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर उतरौला** - सिविल कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद अधिवक्ता की निजी भूमि पर मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल विद्यालय का निर्माण जबरन जारी रखने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सोमवार को तहसील संघ भवन में अध्यक्ष प्रह्लाद यादव की अध्यक्षता में बैठक की। बैठक में सरकार की कड़ी निंदा करते हुए न्यायिक कार्य के बहिष्कार का निर्णय लिया गया, जिसके चलते तहसील और सिविल कोर्ट में लंबित 490 मुकदमों की सुनवाई नहीं हो सकी और वादकारियों को मायूस लौटना पड़ा। मामला अधिवक्ता मनीष पांडेय की भूमि से जुड़ा है। आरोप है कि सिविल कोर्ट, उतरौला द्वारा स्थगन आदेश पारित होने के बावजूद उनकी भूमि पर विद्यालय का निर्माण कराया जा रहा है। पैमाइश में यह भी सामने आया कि विद्यालय की प्रस्तावित भूमि से अधिक क्षेत्र पर कब्जा किया गया है। अधिवक्ता संघ ने इसकी सूचना जिलाधिकारी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को दी, लेकिन निर्माण कार्य नहीं रोका गया। सोमवार को हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने जबरन कब्जे और निर्माण की निंदा की। बैठक के बाद अध्यक्ष प्रह्लाद यादव व मंत्री रवि मिश्र के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी बलरामपुर विपिन जैन से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने और न्यायालय के स्थगन आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने की मांग की, लेकिन जिलाधिकारी की ओर से कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। प्रतिनिधिमंडल में जिला बार बलरामपुर के अध्यक्ष मुर्तजा हुसैन, महामंत्री संजय तिवारी, कलेक्ट्रेट बार के कमलेश्वर सिंह, पंकज शर्मा, अमित श्रीवास्तव, रवि गुप्त व ऋषभ श्रीवास्तव सहित कई अधिवक्ता शामिल रहे।

**आज होगी रणनीति पर बैठक**

जिलाधिकारी द्वारा स्थगन आदेश के बावजूद निर्माण न रुकवाए जाने से व्यथित अधिवक्ता संघ ने मंगलवार को संघ भवन में बैठक बुलाई है। अध्यक्ष प्रह्लाद यादव व मंत्री रवि मिश्र ने बताया कि बैठक में प्रकरण को लेकर आगे की रणनीति तय की जाएगी और आंदोलन को तेज करने पर निर्णय लिया जाएगा।

## ADO पंचायत कार्यालयों में गलत तरीके से कार्यरत सफाईकर्मियों स्थानांतरण की उठी की मांग

● जिलाध्यक्ष सफाई कर्मचारी संघ बस्ती ने मुख्य विकास अधिकारी से किया लिखित शिकायतशासनादेश के खिलाफ ब्लाक मुख्यालयों पर कार्यरत सफाईकर्मियों के स्थानांतरण की शिकायत को लेकर मचा हड़कंपसीडीओ ने कहा कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर होगा सफाई कर्मियों का स्थानांतरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद के 14 विकास खण्डों में सहायक विकास अधिकारियों (पंचायतों) के कार्यालयों में गलत तरीके से कार्यरत सफाईकर्मियों के स्थानांतरण की मांग सफाई कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष ने की है जिलाध्यक्ष ने मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल को दिये शिकायती पत्र में लिखा है कि जिले के सभी विकासखण्डों के एडीओ पंचायत कार्यालयों में 3 से 5 सफाईकर्मी लिखित / मौखिक रूप से संबद्ध है। जबकि इन सफाईकर्मियों की तैनाती अभिलेख में राजस्व ग्राम में है। यह संबद्ध सफाईकर्मी स्वयं को ए.डी.ओ. पंचायत समझकर सफाईकर्मियों का उत्पीड़न/धनादोहन करते है तथा वर्षो से एक ही विकास खण्ड में तैनात है। कोई सफाईकर्मी इनकी शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। यह तानाशाही रवैया अपना कर उत्पीड़न तथा धनादोहन करते रहते है। न्याय हित में सफाईकर्मी जो सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के कार्यालयों में लिखित/मौखिक रूप से कार्यरत है उन्हे दूसरे विकास खण्डों में स्थानांतरित किया जाना आवश्यक है । ताकि सफाईकर्मियों को उत्पीड़न व धनादोहन से बचाया जा सके। विकास खण्ड विक्रमजोत में सम्बद्ध 09 सफाईकर्मी, विकासखण्ड राम नगर में सम्बद्ध 02 सफाईकर्मी , विकासखण्ड गौर में सम्बद्ध 04 सफाईकर्मी , विकासखण्ड हरैया में सम्बद्ध 02 सफाईकर्मी , विकासखण्ड सल्टौवा गोपालपुर में सम्बद्ध 02 सफाईकर्मी , विकासखण्ड परसरामपुर में सम्बद्ध 03 सफाईकर्मी , विकासखण्ड साऊँघाट में सम्बद्ध 04 सफाईकर्मी, विकासखण्ड बनकटी में सम्बद्ध 05 सफाईकर्मी, विकासखण्ड कप्तानगंज में सम्बद्ध 02 सफाईकर्मी, विकासखण्ड दुबौलिया में सम्बद्ध 02 सफाईकर्मी , विकासखण्ड बस्ती सदर में सम्बद्ध 02 सफाईकर्मी , विकासखण्ड रुधौली में सम्बद्ध 03 सफाईकर्मी का नाम सूची में शामिल हैं । उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी ने जांच कर निष्पक्ष स्थानांतरण करने का आश्वासन दिया है ।

# ट्रेनों में पत्थरबाजी रोकने को जीआरपी आरपीएफ की चौपाल

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सोमवार को जीआरपी और आरपीएफ ने ट्रेनों पर पत्थरबाजी तथा रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने की घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता चौपाल लगाई। पूरे दल्लू, आनापुर, झम्मनपुर और पूरे भिखारी गांव में आयोजित अभियान के दौरान लोगों को रेलवे सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेनों पर पत्थरबाजी और ट्रैक बाधित करना रेलवे अधिनियम की धारा 152 व 153 के तहत दंडनीय अपराध है। लोगों से बच्चों को जागरूक करने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना रेलवे हेल्पलाइन 139 व जीआरपी को देने की अपील की गई। अभियान में जीआरपी व आरपीएफ के जवान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात कारणों से श्रमिक के छप्पर में लगी आग, अनाज और सामान जला

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के तनगाभीट मजरे जगतपुर भिचकौरा गांव में शनिवार को अज्ञात कर्म से श्रमिक के छप्पर में आग लग गई इससे चक्कर के नीचे रखा अनाज भूसा कंडे और कपड़े जलकर राख हो गए। गांव निवासी शिवगुलाम ने बताया कि उसके कमरे के आगे रखे छप्पर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धर लिया। ग्रामीणों की मदद से आप पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक उसका काफी सामान जल गया। पास में बंधे मवेशी भी मामूली रूप से झुलस गए।

### पेड़ काटने से रोका तो महिला को चप्पलों से पीटा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के धन्नीपुर गांव में आंधी में गिरा पेड़ काटने का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। आरोप है कि गांव के चार लोगों ने महिला की चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना में महिला घायल हो गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव निवासिनी सीमा ने बताया कि आंधी में उसके साझे का एक नीम का पेड़ गिर गया था। उसे आरोपी काट कर उठा ले गए। बताया कि इससे पहले भी उसके साझे के चार हरे नीम और चार आम के पेड़ कटवा लिए हैं। आरोप है कि चारों लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसकी चप्पलों से पिटाई कर दी। घटना में महिला को चोटें आईं हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है।

### बांदा समेत यूपी के इन 5 जिलों में लू का रेड अलर्ट, 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है तापमान




**लखनऊ।** प्रदेश में अगले तीन दिनों तक लू की तीव्रता बनी रहेगी है। 33 जिलों में लू या अत्यधिक लू चलने की संभावना है। दिन के साथ रातें भी गर्म रहेंगी। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज व फतेहपुर सहित आस-पास जिलों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। इन जिलों में मौसम विभाग ने लू को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञ ने सुझाव दिए हैं कि इन दिनों दोपहर में बाहर निकलने से बचाव करें। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि कौशांबी, फतेहपुर, सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रवि दास नगर, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को तीव्र लू चलेगी। प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, अमेठी, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर एवं आसपास के क्षेत्रों में भी लू का प्रभाव बना रहेगा। सिंह ने बताया कि बांदा, चित्रकूट, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के क्षेत्र में दिन के साथ रातें भी अधिक गर्म रहेंगी। बुधवार तक लगभग ऐसा ही मौसम रहेगा। लू और गर्मी से राहत मिलने के फिलहाल आसार नहीं हैं। प्रदेश में सोमवार को भी बांदा में अधिकतम तापमान सर्वाधिक 47.6 डिग्री सेल्सियस बना रहा। लखनऊ का तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। कुछ जिलों में मेघगर्जन के साथ झोंकेदार हवा चलेगी। हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है।



### बेदखली सूचना

मैं जगदंबिका प्रसाद तिवारी पुत्र शिवशंकर तिवारी, निवासी, ग्राम परसिया कला, थाना महराजगंज तराई, जिला बलरामपुर का हूं, अपने छोटे पुत्र विनय तिवारी के खराब चाल चलन के कारण जो आए दिन जुआ खेलता रहता है और अपनी छोटी बहु मोनिका पत्नी विनय तिवारी को अपने समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। विनय तिवारी और मोनिका द्वारा किसी से वाद विवाद या आपराधिक मामला कारित होता है तो उसमें हमारी या परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी,विनय व उसकी पत्नी मोनिका स्वयं जिम्मेदार होंगी।

**सूचना कर्ता**
**जगदंबिका प्रसाद तिवारी पुत्र शिवशंकर तिवारी,**
**निवासी, ग्राम परसिया कला, थाना महराजगंज तराई, जिला बलरामपुर।**


# ककरहिया से अमहा गांव गांव को जोड़ने वाला कच्चा संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**महराजगंज/रायबरेली:** विकास के तमाम दावों और योजनाओं के बावजूद जनपद रायबरेली के दूरदराज़ इलाकों में आज भी कई गांव ऐसे हैं, जहां लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। महराजगंज तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत दौरता अंतर्गत ककरहिया से अमहा गांव को जोड़ने वाला कच्चा संपर्क मार्ग वर्षों से बदहाली का शिकार है। बरसात के दिनों में यह मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं। आपको बता दें कि, ग्रामीणों के अनुसार, ककरहिया से अमहा गांव तक लगभग एक किलोमीटर तथा अमहा से दौरता तक करीब 1200 मीटर लंबा कच्चा मार्ग बरसात के मौसम में इतना जर्जर हो जाता है कि, उस पर पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। हालत यह है कि, एम्बुलेंस और चार पहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते। गंभीर मरीजों और गर्भवती महिलाओं को चारपाई पर लादकर पगडंडियों और जंगल के रास्तों से मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। कई बार रास्ते की कठिनाइयों के चलते हादसों और अनहोनी की घटनाएं भी सामने आती हैं।

ग्रामीण राजेश, शीतलादीन, राम प्रसाद, मातादीन, रमेश, श्यामू, रामदेव, रानी, गीता, शिवकला, जगदीश, हरिश्चंद्र वर्मा, राकेश कुमार और संतोष सहित अन्य लोगों ने बताया कि, खराब सड़क के कारण छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। बरसात के दिनों में बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और गांव पूरी तरह बाहरी दुनिया से कट जाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि, खराब संपर्क मार्ग के कारण सरकारी अधिकारी और कर्मचारी भी गांव तक नियमित रूप से नहीं पहुंचते, जिससे लोगों को राशन, पेंशन और अन्य सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता। अनुसूचित जाति बाहुल्य इन गांवों में आज भी विकास की किरण नहीं पहुंच सकी है।

एक ओर सरकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और अन्य योजनाओं के माध्यम से हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर रायबरेली के इन दूरस्थ गांवों की तस्वीर सरकारी दावों की पोल खोल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि, उन्होंने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों, ब्लॉक, तहसील और जिला प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। समस्या से त्रस्त ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कराकर ककरहिया-अमहा तथा अमहा-दौरता मार्ग को शीघ्र पक्का कराने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि, यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## नैमिष में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**मिश्रिख (सीतापुर)** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सीतापुर तृप्ति आर सिंह के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेदिकचिकित्सालय नैमिषारण्य एवं राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गड़ासा के संयुक्त तत्वाधान में वृद्धा आश्रम नैमिषारण्य में आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 131मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण डा. गौरवेंद्र प्रताप सिंह एवं डा. रूपचंद चौरसिया द्वारा किया गया। सभी मरीजो को निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया। आयोजित चिकित्सा शिविर में जिला न्यायालय के सचिव आलोक यादव भी उपस्थित रहे। शिविर का उद्घाटन सभासद ऋषभ गुप्ता, रौनक तिवारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी सीतापुर तृप्ति आर सिंह के द्वारा किया गया। इस मौके पर योग प्रशिक्षक शिवसागर के द्वारा रोगियों को रोग के अनुसार योगभ्यास भी कराया गया।

# दो मासूम बेटों के सिर से उठा पिता का साया, अजय की बेरहमी से हत्या

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**अंबेडकरनगर।** थाना महरुआ क्षेत्र के ग्राम सेहरा जलालपुर में शनिवार रात एक युवक की निर्मम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव रविवार सुबह गांव के बाहर जमुनियहवा के पास स्थित अडानी प्लांट से करीब 200 मीटर दूरी पर खेत के किनारे पड़ा मिला। मृतक की पहचान अजय (35) पुत्र अनुसूचित निवासी ग्राम सेहरा जलालपुर, तहसील भीटी के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि अजय शनिवार शाम गांव की डेरी पर दूध देने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन पूरी रात उसकी तलाश करते रहे। रविवार सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने अजय का शव खून से लथपथ हालत में देखा। उसके सिर पर ईंट से कई वार किए गए थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जुट गई।

मृतक अपने पीछे पत्नी तथा दो छोटे पुत्र आकाश (13 वर्ष) और आदित्य (11 वर्ष) को छोड़ गया है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सूचना पर थाना महरुआ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी महरुआ ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है और न ही किसी पर आरोप लगाया गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

# क्षेत्र में युवक ने की आत्महत्या



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**तालगांव सीतापुर** तालगांव कोतवाली इलाके के मे उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक युवक का शव पेड़ में गमछा के सहारे लटकता हुआ देखा गया, सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने मौके के साक्ष्य एकत्र किए उधर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली इलाके के शाहआलमपुर गांव निवासी विनीत पुत्र सियाराम उम्र लगभग 27 वर्ष का शव गांव के पश्चिम यूकेलिप्टस के पेड़ से लटकता मिला, परिजनों का आरोप है युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया गया है।

मृतक युवक पड़ोस में ही ईट भठ्ठे पर मजदूरी का काम करता था। परिजनों के मुताबिक विनीत रविवार दिन में 11:00 बजे से लापता था जिसकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे। सोमवार दोपहर इस घटना की जब जानकारी हुई तब परिजनों में कोहराम मच गया और ग्रामीणों में दहशत फैल गई। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार शुक्ला ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## वाराणसी में भूटान सरकार को मिलेगी दो एकड़ भूमि, बौद्ध मंदिर और गेस्ट हाउस का होगा निर्माण

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार द्वारा रायल गवर्नमेंट आफ भूटान को वाराणसी में दो एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। भूटान सरकार द्वारा इस भूमि पर बौद्ध मंदिर और गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए सरकार की ओर से लीज डीड की कार्यवाही की जा रही है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भूटान सरकार को यह जमीन वाराणसी के मौजा पिंडरा अजईपुर कोलसला में उपलब्ध कराई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के अनुरूप उप्र सरकार इस दिशा में आगे बढ़ी है। लीज डीड पर रायल गवर्नमेंट आफ भूटान के प्रतिनिधि और पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर होंगे। शासन स्तर से डीड पर हस्ताक्षर करने के लिए विशेष सचिव पर्यटन मृदुल चौधरी को नामित किया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि काशी में सारनाथ समेत विश्व प्रसिद्ध धर्मस्थल हैं। बौद्ध मंदिर के निर्माण से यहां देशी एवं विदेशी बौद्ध अनुयायियों का आगमन होगा, जिससे पर्यटन गतिविधियां बढ़ेंगी।

# इलाज, जमीन और कारोबार के नाम पर जाल... विरोध करने पर मौत

**● उमाशंकर सिंह हत्याकांड में सात पर गैंगस्टर, गुडंबा पुलिस का बड़ा एक्शन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**लखनऊ** में चर्चित उमाशंकर सिंह हत्याकांड में गुडंबा पुलिस ने बड़ा कदम उठाते हुए सात आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह लंबे समय से लोगों को इलाज, कारोबार और जमीन दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करता था और विरोध होने पर दबाव, धमकी तथा गंभीर वारदातों को अंजाम देता था। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के अनुसार,सुल्तानपुर निवासी ममता सिंह ने 24 जून 2025 को अपने पति उमाशंकर सिंह की हत्या का मुकदमा गुडंबा थाने में दर्ज कराया था। जांच के दौरान सामने आया कि गिरोह के सरगना शिवा सिंह और उसके करीबी संजय कुमार चौहान ने कारोबारी उमाशंकर सिंह से इलाज और कारोबार में निवेश के नाम पर मोटी रकम ली थी। इसके अलावा जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए इकरारनामा भी कराया गया था।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि जब उमाशंकर सिंह ने रकम वापस करने और जमीन का बैनामा कराने का दबाव बनाया, तब आरोपियों ने साजिश रचनी शुरू कर दी। शिवा सिंह ने उन्हें गुडंबा इलाके के अर्जुन एन्क्लेव में किराये का मकान दिलवाया और धीरे-धीरे कारोबारी को अपने जाल में फंसाता चला गया। परिवार में दूरी पैदा करने के लिए एक युवती के जरिए कारोबारी के कथित अवैध संबंधों की चर्चा भी फैलायी गई, ताकि परिवार और करीबी लोगों का भरोसा कमजोर किया जा सके। पुलिस के मुताबिक 23 जून 2025 की रात सुनियोजित तरीके से उमाशंकर सिंह की हत्या कर दी गई। मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस पहले ही कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। अब गिरोह की गतिविधियों और आपराधिक नेटवर्क को देखते हुए पुलिस ने सरगना शिवा सिंह समेत संजय कुमार चौहान, कविनंदन सिंह, अभिनंदन सिंह, प्रिंशु सिंह, संतराम सिंह और विश्राम सिंद्र के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गिरोह की संपत्तियों और आर्थिक गतिविधियों की भी जांच की जा रही है। जरूरत पड़ने पर अवैध रूप से अर्जित संपत्तियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

# दरगाह कलंदरिया खैराबाद में हज़रत मकबूल मियां का 68वा उर्स समाप्त

**● हमे अपने किरदार को अच्छा बनाना होगा तथा नमाज़ की पाबन्दी अनिवार्य है:-सैय्यद तरीक मियां सज्जादानशीन**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खैराबाद सीतापुर** स्थानीय दरगाह क़लन्दरिया में हजरत सैय्यद मकबूल मियां का 68 वा उर्स सज्जादा नशीन की दुआ पर समाप्त हो गया इस अवसर पर कुरआन ख्वानी, महफिल समा और मीलाद का आयोजन किया गया तत्पश्चात कुल शरीफ हुआ। दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद तरीक़ अहमद किरमानी ने कहा कि हमे अपने बुजुर्गो की दी हुई शिक्षा पर अमल करना चाहिए और अपने चरित्र को अच्छा बनाना होगा साथ ही आपस मे मेल मिलाप से रहने तथा नमाज़ की पाबन्दी पर अधिक जोर दिया इस अवसर पर उपस्थित सज्जादगान में सैय्यद तरीक मियां किरमानी, सैय्यद लईक अहमद किरमानी शोएब मियां, सैय्यद मदनी मियां, हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी,सैय्यद गयास मियां, सैय्यद सबीक़ मियां, सैय्यद फ़रोग किरमानी, सैय्यद अकील अहमद अल्वी, निजामी मियां,उर्स के मुख्य व्यवस्थापक सैय्यद अनीक़ अहमद किरमानी,जुगनू किरमानी, जूनु किरमानी, तालिब किरमानी, सैय्यद वसीक मियां, सैय्यद खुर्शीद मियां, शेख इशरत अली सादी,सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद सलमी मियां सैय्यद फरमान मियां चिश्ती सैय्यद फरहान मियां,सैय्यद इमरान किरमानी, सैय्यद अफ़ज़ाल किरमानी, हाफिज सैय्यद शारिक किरमानी, हाफिज सैय्यद ताहिर किरमानी, मौलाना अक़ीक़ अहमद, सैय्यद बिलाल अहमद किरमानी, सैय्यद मोईन अल्वी, डॉक्टर कामिल सिद्दीकी, टीटू खान, हाजी सैय्यद इश्तियाक अली वारसी, सैय्यद अंसार मियां, फरहान



हुसैन, रेहान हुसैन, सैय्यद फरहान मियां, मौलाना फहीम मिस्बाही, सैय्यद ताजुद्दीन, हाफिज अरसलान हसनी, सैय्यद नफीस किरमानी, मोहम्मद जुबैर,जाने आलम, हस्सान शाकिर मुन्ना गाज़ी, आदि मौजूद थे। इसके पश्चात सज्जादानशीन के घर पर विशेष फातेहा का आयोजन किया गया। उर्स के सरपरस्त एवं मुख्य व्यवस्थापक सैय्यद अनीक मियां किरमानी ने उर्स में आए सभी ज़ायरीन के साथ साथ प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था के लिए नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन की अच्छी व्यवस्था के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया।

# अब प्रवेश के समय भरवाया जाएगा छात्रवृत्ति का फॉर्म

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब प्रवेश के समय ही छात्र-छात्रा से छात्रवृत्ति का फार्म भी भरवा लिया जाएगा। इस नई व्यवस्था से सत्र के मध्य या अंत में विद्यार्थियों फार्म भरने और दफ्तरों के चक्कर काटने की समस्या से पूरी तरह निजात मिल जाएगी। इसके साथ ही, प्रवेश के पहले ही दिन छात्र-छात्रा को शासन और विश्वविद्यालय स्तर पर दी जाने वाली सभी प्रकार की छात्रवृत्ति की विस्तृत जानकारी भी दी जाएगी। यह निर्णय सोमवार को कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। अभी तक की व्यवस्था के अनुसार विद्यार्थी प्रवेश लेता है। फिर जब छात्रवृत्ति फार्म की समय सारिणी आती है तब आवेदन करता है। उसके बाद उसे जमा करने, फिर बायोमीट्रिक प्रक्रिया से उसे गुजरना पड़ता है, जिसमें कई बाद कई दिन परेशानी का सामना करना होता है। नई व्यवस्था से काफी राहत मिलेगी।

**अपने ही संकाय में जमा कर सकेंगे छात्रवृत्ति फार्म**

छात्रवृत्ति के सभी फार्म अब विकेंद्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत स्वीकार करने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत छात्र-छात्राएं यह फार्म अपने ही संकाय में जमा कर सकेंगे। यदि समाज कल्याण विभाग से इसकी अंतिम अनुमति मिल जाती है, तो इसका बड़ा लाभ द्वितीय परिसर के छात्र-छात्राओं को होगा, जिन्हें अब तक फार्म सत्यापन कराने के लिए मुख्य परिसर की दौड़ लगानी पड़ती थी। इस प्रक्रिया के लिए कुलपति ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया को अधिकृत किया है कि वे तत्काल समाज कल्याण अधिकारी से वार्ता करें। **हर विद्यार्थी को आवंटित होगा मेंटर**

विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय का व्यक्तिगत जुड़ाव (पर्सनल टच) बढ़ाने के लिए कैंपस में मेंटरशिप कार्यक्रम को विशेष रूप से बढ़ावा दिया जाएगा। कुलपति ने निर्देश दिया कि छात्र-छात्राएं जिस दिन एडमिशन पूरा करेंगे, उसी दिन उन्हें उसका 'मेंटर' (शिक्षक मार्गदर्शक) आवंटित कर दिया जाएगा। यह मेंटर छात्र के पूरे शैक्षणिक सफर में उसकी समस्याओं, करियर काउंसलिंग और व्यक्तिगत संशय को दूर करने में एक अभिभावक की भूमिका निभाएगा। बैठक में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमिता कनौजिया, निदेशक प्रवेश प्रो. पंकज माथुर, समन्वयक प्रवेश प्रो. अनित्य गौरव और चीफ प्रोवोस्ट प्रो. आशीष अवस्थी मौजूद रहे।




# हनुमान चालीसा पाठ के बाद सुहेलदेव आर्मी प्रमुख योगेश पासी हाउस अरेस्ट, कार्यकर्ताओं में नाराजगी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी को पुलिस प्रशासन द्वारा हाउस अरेस्ट किए जाने का मामला रविवार रात से लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। संगठन की ओर से आरोप लगाया गया है कि प्रशासन ने उन्हें उनके आवास पर ही रोक रखा है और करीब 20 घंटे से अधिक समय से वे पुलिस निगरानी में हैं। इस कार्रवाई के बाद संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नाराजगी देखने को मिल रही है, वहीं प्रशासन कानून-व्यवस्था बनाए रखने की बात कह रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मामला मलिहाबाद थाना क्षेत्र के कसमंडी कला इलाके से जुड़ा हुआ है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में स्थित विवादित ढांचों के पास हनुमान चालीसा का पाठ किए जाने के बाद प्रशासन सतर्क हो गया और किसी भी संभावित तनाव या विवाद की आशंका को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। इसी क्रम में सुहेलदेव आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश पासी के आवास पर पुलिस बल की तैनाती की गई और उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया गया।

सुहेलदेव आर्मी प्रमुख योगेश पासी ने प्रशासन की कार्रवाई पर कड़ी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि वे किसी प्रकार का प्रदर्शन या टकराव नहीं करना चाहते थे, बल्कि संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से हनुमान चालीसा का पाठ कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम मलिहाबाद को सौंपने जा रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने उनकी बात सुने बिना ही उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया, जिससे उनके संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन हुआ है। योगेश पासी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था के तहत हनुमान चालीसा का पाठ करना और अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाना था। उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रम शांतिपूर्ण था और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने जैसी कोई मंशा नहीं थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अपनाया गया रवैया सवाल खड़े करता है। उनका कहना है कि यदि लोकतांत्रिक तरीके से ज्ञापन सौंपने और धार्मिक पाठ करने पर भी रोक लगाई जाएगी तो यह गंभीर विषय है।

दूसरी ओर पुलिस प्रशासन इस मामले को पूरी तरह एहतियाती कार्रवाई बता रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार कसमंडी कला क्षेत्र संवेदनशील माना जा रहा है और विवादित ढांचों के पास हुए घटनाक्रम के बाद माहौल पर लगातार नजर रखी







जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या तनाव की संभावना को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम किसी विशेष व्यक्ति या संगठन को निशाना बनाने के लिए नहीं बल्कि कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से उठाया गया है।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद सुहेलदेव आर्मी के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में नाराजगी का माहौल दिखाई दे रहा है। संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि उनका कार्यक्रम शांतिपूर्ण था तो फिर इस प्रकार की कार्रवाई क्यों की गई। वहीं कुछ कार्यकर्ताओं ने इसे धार्मिक और लोकतांत्रिक गतिविधियों पर अनावश्यक प्रतिबंध बताया है। सोशल मीडिया पर भी इस मामले को लेकर बहस तेज हो गई है और लोग प्रशासनिक कार्रवाई तथा संगठन के आरोपों पर अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। फिलहाल पुलिस और प्रशासन क्षेत्र की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

मलिहाबाद और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती जा रही है ताकि किसी भी तरह की अफवाह, तनाव या विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं सुहेलदेव आर्मी की ओर से प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाने और अपनी बात आगे रखने की बात कही जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह मामला प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर और अधिक चर्चा का विषय बन सकता है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत अमांवा, विकास खण्ड सरोजनी नगर लखनऊ

**पत्रांक: मेमो/ग्राम पंचायत/विज्ञप्ति टेंडर नोटिस/2026-27** **दिनांक:25.05.2026**

**अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत अमांवा विकासखंड सरोजनीनगर जनपद लखनऊ की मनरेगा/वी बी जी राम जी योजना/पंचम वित्त/ षष्ठम वित्त/15 वें वित्त/राज्य वित/कें द्रीय वित्त आयोग एवं शासन द्वारा प्राप्त स्वीकृत एवं अन्य योजना के तहत स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की स्वीकृत कार्य योजना में आंगनबाड़ी केंद्र, अंत्येष्टि स्थल, ग्राम पंचायत में पेयजल आपूर्ति, सैनिटाइजेशन कार्य, फागिंग कार्य, साफ-सफाई कार्य, सोलर लाइट, सीसी रोड निर्माण कार्य की सामग्री इंटरलॉकिंग रोड निर्माण कार्य सामग्री, गौशाला पशु आश्रय स्थल इत्यादि कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी द्वितीय श्रेणी, इंटरलॉकिंग, बालू, सीमेंट, मौरंग, सरिया 2/3/4/6 सूत, पेंट, विद्युत वायरिंग सामग्री, इंट गिट्टी, पत्थरगिट्टी, ह्यूम पाइप, लोहे के दरवाजे, पल्ले, खिड़की, टीन शेड, एंगल, हैंडपंप मरम्मत, रिबोर पाइप, पेयजल योजना सामग्री, फर्नीचर, वेंच, कंप्यूटर उपकरण, स्ट्रीट लाइट, ई-रिक्शा, ठेलिया, प्लास्टिक बैग, कूड़ादान, स्ट्रीट लाइट, ओपन जिम आदि की आपूर्ति, पाइप पेयजल योजना सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सत्र 2026-27 हेतु आमंत्रित की जानी है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर व वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जायेगी अथवा सीधे कार्यालय में जमा की जा सकती है। आपूर्तिकर्ता दिनांक 26.05.2026 से दिनांक 02.06.2026 तक टेंडर फार्म ग्राम पंचायत के निविदा बॉक्स में अथवा ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

नियम व शर्तेः-

1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराये जाने हेतु सूचित किया जाएगा यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति नहीं की जा सकती है तो ऐसी दशा में ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने को स्वतंत्र होगी। 2. फर्म जीएसटी पंजीकृत हो व आयकर हो की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/ कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में दिनांक 02.06.2026 को निविदा खोली जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5. जो दरें प्रस्तुत की जाएं वह दरें जीएसटी तथा ढुलाई, चढ़ाई, उत्तराई तथा अन्य करों को जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत / ग्राम प्रधान की आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 8. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक / अवर अभियंता द्वारा सामग्री को गुणवता प्रमाणित होने पर मापन के उपरांत ही किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जाएगा।

**सुजीत राय**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत अमांवा वि0ख0**
**सरोजनी नगर, लखनऊ।**

**श्रीमती जय देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत अमांवा वि0ख0**
**सरोजनी नगर, लखनऊ।**

# क्या गाय को 'राष्ट्रीय पशु' घोषित करने में कोई समस्या है?



भारत में गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि करोड़ों लोगों की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक चेतना और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा मानी जाती है। भारतीय समाज में सदियों से गाय को माता का दर्जा दिया जाता रहा है। अनेक धार्मिक ग्रंथों, लोक परंपराओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गाय का विशेष महत्व रहा है। यही कारण है कि समय समय पर गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठती रही है। कई धार्मिक संगठनों, सामाजिक समूहों और कुछ राजनीतिक दलों ने यह मांग सार्वजनिक रूप से रखी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी एक मामले की सुनवाई के दौरान गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की आवश्यकता पर टिप्पणी की थी। इसके बावजूद भारत सरकार ने अब तक ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है। इसके पीछे केवल राजनीतिक कारण नहीं बल्कि सामाजिक, संवैधानिक, आर्थिक और प्रशासनिक जटिलताएँ भी हैं।

भारत का वर्तमान राष्ट्रीय पशु बंगाल टाइगर है। इसे 1973 में शुरू किए गए प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत संरक्षण का प्रतीक बनाया गया था। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार देश में बाघ संरक्षण के लिए विशेष कानूनी और पर्यावरणीय ढांचा तैयार किया गया। आज भारत विश्व के लगभग 70 प्रतिशत बाघों का घर माना जाता है और देश में 50 से अधिक टाइगर रिजर्व स्थापित किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय पशु के रूप में बाघ केवल शक्ति और साहस का प्रतीक नहीं है बल्कि यह भारत की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण नीति का केंद्र भी है। ऐसे में गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने का प्रश्न केवल भावनात्मक नहीं बल्कि नीतिगत बहस का विषय बन जाता है।

भारत एक बहुधार्मिक और बहुसांस्कृतिक देश है। यहाँ हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और अनेक आदिवासी समुदाय रहते हैं। हिंदू धर्म में गाय को पवित्र माना जाता है, लेकिन सभी समुदायों की मान्यताएँ समान नहीं हैं। पूर्वोत्तर भारत के कई राज्यों, केरल और गोवा जैसे क्षेत्रों में गोमांस भोजन का हिस्सा रहा है। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को अपनी संस्कृति और भोजन की स्वतंत्रता देता है। ऐसे में यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है तो कई लोग इसे एक धर्म विशेष की मान्यताओं को सरकारी पहचान देने के रूप में देख सकते हैं। आलोचकों का तर्क है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में किसी धार्मिक प्रतीक को राष्ट्रीय पहचान बनाना संवैधानिक संतुलन को प्रभावित कर सकता है।

हालांकि दूसरी ओर यह भी सच है कि भारतीय संविधान के नीति निर्देशक तत्वों में अनुच्छेद 48 के अंतर्गत राज्यों को गोवंश संरक्षण और नस्ल सुधार के लिए प्रयास करने का निर्देश दिया गया है। देश के अधिकांश राज्यों में गोहत्या पर किसी न किसी रूप में प्रतिबंध पहले से मौजूद है। केंद्र सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग भी गोवंश संरक्षण और पशुधन विकास के लिए कई योजनाएँ चला रहा है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन जैसी योजनाओं का उद्देश्य देशी नस्लों का संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाना है। इससे स्पष्ट होता है कि गाय को पहले से ही विशेष सरकारी संरक्षण प्राप्त है। इसलिए समर्थकों का कहना है कि राष्ट्रीय पशु का दर्जा केवल उस सम्मान को औपचारिक रूप देने जैसा होगा जो भारतीय समाज में गाय को पहले से प्राप्त है। लेकिन वास्तविक समस्या केवल सम्मान तक सीमित नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में देश के अनेक राज्यों में आवारा पशुओं की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में किसान खुले घूमते पशुओं से परेशान हैं। जब गाय दूध देना बंद कर देती है या बूढ़ी हो जाती है तो गरीब किसान उसका पालन जारी नहीं रख पाते। परिणामस्वरूप उन्हें सड़कों या खेतों में छोड़ दिया जाता है। ये पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुँचाते हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। अनेक ग्रामीण इलाकों में रात भर खेतों की रखवाली करना किसानों की मजबूरी बन गया है। यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है और कानून और कठोर हो जाते हैं तो यह संकट और बढ़ सकता है, क्योंकि पशुओं के पुनर्वास के लिए पर्याप्त गौशालाएँ और संसाधन अभी उपलब्ध नहीं हैं।

भारत की कृषि व्यवस्था अभी भी छोटे और सीमांत किसानों पर आधारित है। अधिकांश किसान सीमित आय और बढ़ती लागत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। एक बूढ़ी या अनुत्पादक गाय का पालन करना उनके लिए भारी आर्थिक बोझ बन जाता है। चारा, दवा और देखभाल पर लगातार खर्च होता है जबकि उससे कोई आय नहीं होती। यदि सरकार गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करती है तो संभव है कि पशुधन प्रबंधन से जुड़े नियम और कड़े हो जाएँ। इससे किसानों की आर्थिक कठिनाइयाँ और बढ़ सकती हैं। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी बड़े निर्णय से पहले पशु आश्रय, चारे की व्यवस्था और किसानों के लिए आर्थिक सहायता की मजबूत नीति आवश्यक है।

गाय से जुड़ा एक बड़ा आर्थिक पक्ष चमड़ा और मांस उद्योग भी है। भारत दुनिया के प्रमुख चमड़ा उत्पादक देशों में शामिल रहा है। इस उद्योग से लाखों लोगों का रोजगार जुड़ा है। इनमें बड़ी संख्या में आर्थिक रूप से कमजोर और हाशिए पर रहने वाले समुदाय शामिल हैं। भारत से मांस निर्यात का बड़ा हिस्सा भैंस के मांस से जुड़ा होता है, लेकिन कठोर सामाजिक माहौल का प्रभाव पूरे उद्योग पर पड़ता है। यदि राष्ट्रीय पशु का दर्जा मिलने के बाद कानून और सामाजिक दबाव बढ़ते हैं तो रोजगार और व्यापार दोनों प्रभावित हो सकते हैं। इसलिए आर्थिक विशेषज्ञ इस विषय को केवल धार्मिक दृष्टि से देखने के बजाय रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संदर्भ में भी देखते हैं।

पिछले कुछ वर्षों में गाय के नाम पर हिंसा और भीड़ द्वारा हमले की घटनाएँ भी सामने आई हैं। कई मामलों में गौ रक्षा के नाम पर लोगों को पीटा गया, अपमानित किया गया या उनकी हत्या तक कर दी गई। ऐसे मामलों ने देश की कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द पर गंभीर प्रश्न खड़े किए। समाजशास्त्रियों का मानना है कि यदि गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाता है तो कुछ कट्टर समूह इसे अपने सामाजिक अधिकार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे प्रशासन और पुलिस के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी हो सकती हैं। कानून का शासन किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी आवश्यकता है और किसी भी प्रतीकात्मक निर्णय का मूल्यांकन इसी आधार पर किया जाना चाहिए।

वन्यजीव संरक्षण के दृष्टिकोण से भी यह बहस महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय पशु का दर्जा सामान्यतः उन जीवों को दिया जाता है जिनके संरक्षण की विशेष आवश्यकता होती है। बंगाल टाइगर संकटग्रस्त वन्यजीवों में शामिल रहा है और उसके संरक्षण के लिए विशेष अभियान चलाए गए। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण का गठन वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के अंतर्गत किया गया था। इसके विपरीत गाय एक पालतू पशु है जिसकी संख्या करोड़ों में है। इसलिए कुछ पर्यावरणविद मानते हैं कि राष्ट्रीय पशु का दर्जा वन्यजीव संरक्षण की भावना से जुड़ा होना चाहिए, न कि पालतू पशुओं से।

गाय भारतीय समाज में श्रद्धा, सेवा और ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह भी सच है कि भारतीय कृषि और डेयरी व्यवस्था में उसका योगदान ऐतिहासिक रहा है। लेकिन किसी पशु को राष्ट्रीय प्रतीक बनाना केवल भावनात्मक निर्णय नहीं होता।

उसके पीछे संवैधानिक संतुलन, सामाजिक विविधता, आर्थिक प्रभाव, प्रशासनिक क्षमता और पर्यावरणीय दृष्टिकोण जैसे अनेक पहलुओं पर विचार करना पड़ता है। भारत जैसे विशाल और विविध देश में किसी भी राष्ट्रीय निर्णय का प्रभाव करोड़ों लोगों के जीवन पर पड़ता है। इसलिए गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की बहस केवल धार्मिक या भावनात्मक नहीं बल्कि भारत की लोकतांत्रिक और सामाजिक संरचना की परीक्षा भी है।

महेन्द्र तिवारी

# अमेरिका-ईरान युद्धः क्या होगा शेयर बाजार का

संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला



मई-जून 2026 में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव ने दुनियाभर के शेयर बाजारों को हिला कर रख दिया। 'युद्ध का डर' एक बार फिर सबसे बड़ा रिस्क फैक्टर बन गया और निवेशकों ने रिस्क-ऑफ मोड में शिफ्ट कर लिया। सेंसेक्स लगातार नीचे जा रहा है, निफ्टी में भी गिरावट जारी है। प्रतिदिन गिरावट इतनी हो रही है कि लोगों की भरोसेमंद एसआईपी भी टूटने लगी है। पब्लिक परेशान है कि अब करें तो क्या करें। ट्रंप के बयान ने शेयर मार्केट में आग में घी डालने का काम किया है। मई के तीसरे हफ्ते में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वो ईरान पर हमले का फैसला लेने से 'सिर्फ एक घंटे दूर' थे। उन्होंने साफ किया कि ईरान को परमाणु हथियार नहीं रखने दिए जाएंगे। बाजार को डर है कि अगर मध्य पूर्व में हालात बिगड़े तो होर्मुज स्ट्रेट से होने वाली तेल सप्लाई रुक सकती है। दुनिया का लगभग 20% समुद्री तेल इसी रास्ते से जाता है।

दूसरी तरफ महंगाई और ब्याज दरों के डबल झटके ने भी शेयर मार्केट की कमर तोड़ कर रख दी है। उसी समय अमेरिका में महंगाई के आंकड़े उम्मीद से ज्यादा मजबूत आए। इससे फेडरल रिजर्व के ब्याज दर घटाने की उम्मीद टूट गई, बल्कि दर बढ़ाने की चर्चा शुरू हो गई। हम अमेरिकी बाजार की बात करें तो 20 मार्च 2026 को 444 अंक गिरकर 45,577 पर बंद हुआ। S&P 500 1.51% टूटकर 6,506 पर थमी। Nasdaq टेक शेयरों की बिकवाली से 2.01% गिरकर 21,647 पर रुकी।

एक अन्य दिन Dow800 अंक टूटा और साल 2026 के लिए नेगेटिव जोन में चला गया। भारतीय बाजार का भी लगातार गिरावट जारी है जिससे निवेशकों में भय पैदा हो गया है। वेस्ट एशिया युद्ध शुरू होने के बाद से निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। स्द्धठ्ठह्यद्द× 11.48% गिरकर 9,339 अंक नीचे आ गया। ऑल टाइम हाई 86,159 से Sense× 16.49% नीचे है। मार्च में FIIs ने 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की निकासी की- यह अब तक की सबसे बड़ी मासिक बिकवाली। जब शेयर गिरते हैं तो पैसा सेफ हेवन में जाता है। लेकिन इस बार कहानी थोड़ी अलग हैः ब्रेंट क्रूड $112 प्रति बैरल के ऊपर निकल गया।

IEA ने इमरजेंसी रिजर्व से 400 मिलियन बैरल तेल निकालने का फैसला किया - इतिहास की सबसे बड़ी रिलीज। डॉलर मजबूत, सोना-चांदी गिरे - आमतौर पर युद्ध में सोना चमकता है, लेकिन इस बार डॉलर की मजबूती ने कीमती मेटल पर दबाव बना दिया। इस बात को समझना होगा कि यह निवेशकों का डर असली है या ओवररिएक्शन?

असली डर प्रमुखतः 3 चीजों से है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने का खतराः अगर यहां शिपिंग रुकी तो तेल $200 प्रति बैरल तक जा सकता है। Goldman Sachs कहता है कि 50% फ्लो एक महीने रुका तो प्राइस में $18 का रिस्क प्रीमियम जुड़ जाएगा।

महंगाई फिर बढ़ेगीः तेल महंगा = ट्रांसपोर्ट, फूड, मैन्युफैक्चरिंग सब महंगा। इससे फेड दरें कम नहीं करेगा। फॉरेन फ्लो रिवर्सलः ग्लोबल निवेशक इमर्जिंग मार्केट से पैसा निकाल रहे हैं। लेकिन कुछ एक्सपर्ट मानते हैं कि ये ओवररिएक्शन भी है। विशेषज्ञों का कहना है कि ट्रंप मिडटर्म इलेक्शन के पास युद्ध लंबा नहीं खींचेंगे क्योंकि पेट्रोल महंगा होने से पॉलिटिकल प्रेशर बढ़ेगा। अगर युद्ध 1-2 महीने में खत्म होता है तो Nift4 29,000 तक जा सकता है। अगर अमेरिका-ईरान में सीजफायर बढ़ती है और होर्मुज खुलता है, तो तेल 70 पर वापस आ सकता है। बाजार तुरंत रिकवर करेगा। 19 मई को ट्रंप ने डेडलाइन 10 दिन बढ़ाई तो रु फ्यूचर्स 0.5% चढ़ गए थे। विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध रुकने से बहुत कुछ कवर हो जाएगा। उन्होंने खुलकर कहा कि विकावली जल्दबाजी में न करें। एसआईपी होल्डर को राय दी गई है कि वह अपनी एसआईपी जारी रखें आगे यह बहुत जल्दी रिकवर करेगी।

# प्रतिष्ठित परिवारों की बहुओं में बढ़ते - आत्महत्या के मामले

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल बीते कुछ दिनों से एक ऐसे मामले को लेकर देशभर में चर्चा का केंद्र बनी हुई है, जिसने समाज, कानून और संवेदनाओं तीनों को झकझोर कर रख दिया है। न्याय जगत से जुड़े एक प्रतिष्ठित परिवार की बहू त्विषा शर्मा की संदिग्ध मृत्यु ने न केवल कई सवाल खड़े किए हैं, बल्कि आधुनिक समाज के उस कड़वे सच को भी उजागर किया है, जिसे अक्सर रसूख और प्रतिष्ठा की चमक के पीछे छिपा दिया जाता है। त्विषा शर्मा की मौत आत्महत्या है या हत्या इसका अंतिम निर्णय जांच एजेंसियां और न्यायालय करेंगे। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मामले की जांच सीबीआई को सौंपना और दोबारा पोस्टमार्टम कराना इस घटना की गंभीरता को दर्शाता है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि आखिर वह कौन सी पीड़ा होती है, जो एक शिक्षित, संपन्न और प्रतिष्ठित परिवार की बहू को जीवन समाप्त करने जैसे भयावह कदम तक पहुँचा देती है? यह विडंबना ही है कि जिन घरों को समाज आदर्श मानता है, जहाँ ऐश्वर्य, उच्च शिक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा का अभाव नहीं होता, वहीं कई बार रिश्तों की संवेदनाएँ सबसे अधिक दम तोड़ती दिखाई देती हैं। बाहर से चमकते हुए महलों के भीतर मानसिक प्रताड़ना, अपेक्षाओं का दबाव, अहंकार, पारिवारिक वर्चस्व और स्त्री की भावनाओं की अनदेखी धीरे धीरे किसी बेटी के आत्मविश्वास को खत्म कर देती है। आज भी प्रश्न वही है क्या दहेज जैसी कुप्रथा केवल गरीब और मध्यम वर्ग तक सीमित है? यदि संपन्न और उच्च शिक्षित परिवारों में भी बहुओं को प्रताड़ना सहनी पड़ रही है, तो यह केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक मानसिकता का गंभीर संकट है। प्रेम विवाह हो या पारंपरिक विवाह, जब रिश्तों में सम्मान और संवेदना समाप्त हो जाती है, तब घर केवल ईंट पत्थर का ढाँचा बनकर रह जाता है।

देश में प्रतिदिन अनेक विवाहित महिलाओं की आत्महत्या और हत्या के मामले सामने आते हैं। इनमें से अधिकांश घटनाएं घरेलू हिंसा, मानसिक प्रताड़ना और दहेज की मांग से जुड़ी होती हैं। दुर्भाग्य यह है कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की बेटियों की आवाज़ अक्सर थानों की चौखट पर ही दम तोड़ देती है। उनके पास न प्रभाव होता है, न संसाधन और न ही लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने की ताकत। ऐसे मामलों को कभी 'घरेलू विवाद ', कभी 'अवैध संबंध' तो कभी 'सामान्य आत्महत्या' बताकर फाइलों में दफना दिया जाता है। त्विषा शर्मा का मामला इसलिए राष्ट्रीय चर्चा बना क्योंकि उसके परिवार ने हार नहीं मानी। उन्होंने न्याय के लिए आवाज उठाई और मामला सर्वोच्च स्तर तक पहुँचा। लेकिन सवाल यह है कि देश की उन हजारों बेटियों का क्या, जिनकी मौतें बिना शोर, बिना सुर्खियों और बिना न्याय के दफना दी जाती हैं? इक्कीसवीं सदी का भारत विज्ञान, तकनीक और आधुनिकता की बात करता है, लेकिन यदि आज भी एक बहू को दहेज, मानसिक प्रताड़ना या पारिवारिक दबाव के कारण आत्महत्या करनी पड़ रही है, तो यह पूरे समाज के लिए शर्मनाक स्थिति है। कठोर कानून होने के बावजूद दहेज प्रताड़ना के मामलों में दोषसिद्धि का प्रतिशत बेहद कम है। यही कारण है कि अपराधियों के मन से कानून का भय समाप्त होता जा रहा है। अब समय केवल संवेदना प्रकट करने का नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना जगाने का है। बेटियों को केवल 'पराया धन' नहीं, बल्कि समान अधिकार और सम्मान देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। सरकारों को भी दहेज और घरेलू हिंसा से जुड़े मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करना होगा, ताकि हर बेटी को यह विश्वास मिल सके कि उसका जीवन भी उतना ही मूल्यवान है जितना किसी प्रतिष्ठित परिवार की बहू का। क्योंकि हर आत्महत्या केवल एक मौत नहीं होती, वह समाज की संवेदनहीनता की एक दर्दनाक हार भी होती है। अरविंद रावल

अरविंद रावल

# क्या हम दैनिक जीवन में तनिक सा कष्ट तो बिना ओह ऊफ के

## अनुशासन का प्रभाव



> सहन कर पाते हैं? जरा सी भी मनचाही न होने पर क्या हम शान्तचित्त रह पाते हैं? जीवन की विषम परिस्थितियों में उद्विग्न तो नहीं हो जाते हैं ? क्या हम भगवान् महावीर की तरह संयत रह पाते हैं? तनिक भी विचलित नहीं हो जाते हैं? जीवन में जो भी कष्ट आते है, क्या हम कर्मोदय मान कर सहन कर लेते हैं? या आलाप-विलाप करने लगते हैं? क्या हम हर परिस्थिति में तनाव मुक्त रह पाते हैं? क्या हम अनेकान्तवाद के सुन्दर सिद्धांत को जीवन के आचरण का अभिन्न अंग बना पाते हैं ? हठधर्मी पर तो नहीं अड़ जाते हैं? हम स्थूल हिंसा तो नहीं करते हैं पर क्या मानसिक, वाचिक हिंसा पर लगाम कस पाते हैं? क्या हम परिग्रह से अपरिग्रह की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास कर पाते हैं? क्या हम इस तरह के छोटे-छोटे व्रत-नियम ग्रहण करने की प्रवृत्ति रखते हैं? आदि- आदि। इस तरह इन सब प्रश्नों के उत्तर में हम गहराई से चिंतन में यदि जायें तो हमको इसके उत्तर में अनुशासन किसी न किसी रूप में अवश्य मिलेगा। अधिकांशतया देखा गया की अशांति के पीछे एक ही बात सामने आती है और वह यह हैं की एक दूसरे के प्रति हमारे मन में सम्मान की कमी हैं। हमारा मन इस कारण कुढ़ता रहता है। अशांति का एक कारण हमारी असीमित इच्छाएं भी है यानी की जितने भी द्वंद,उपद्रव, अशांति और अराजकता आदि है वे सब व्यक्ति के भीतर ही है। उसकी तृष्णा ही उसकी चिंता और जहां चिंता वहां शांति कैसे? अशांति के झंझावातों में मूल्यवान शब्द शांति है- और यह सब मन का खेल है जिस दिन अपने विवेक द्वारा अपने मन को हमने अनुशासन से साध लिया उस दिन हमको समझ आ जायेगा की शांति में ही सार है। हमको दिन की शुरुआत में लगेगा की जिंदगी में पैसे बहुत जरूरी हैं लेकिन दिन ढलने के बाद समझ आता है कि जिंदगी में शांति वह अनुशासन का होना अधिक जरूरी है। हमारी आत्मा का मूल स्वभाव शान्ति का है। उस पर अब गर्द इतनी छा गई है कि इसके यथार्थ अर्थ पर अदृश्य परत आ गई है। सचमुच आज के वातावरण में मनःतुष्टि एक अजनबी सा शब्द हो गया है। वह

> अनुशासन से सही दिनचर्या कहीं सो गया है। अनुशासन स्वस्थ जीवन का मूल आधार है। जीवन के हर क्षेत्र में अनुशासन सह पारस्परिक स्नेह व प्यार जरूरी है। चाहे पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रशासन व्यवस्था आदि हो। हर जगह अनुशासन में गहन आस्था बहुत ही महत्वपूर्ण है। अनुशासन में आस्था जहां नहीं होती वहां चहुंदिक अराजकता एवं उच्छृंखलता हो जाएगी। वह सब अपनी-अपनी ढ़फली, अपना-अपना राग बजाने लगेंगे। परस्पर स्नेह व अनुराग रह ही नहीं सकेगा। यह समझना जरूरी है कि अनुशासन के तीन आधार अपनत्व, समत्व और ममत्व से भरा पारस्परिक प्यार हैं। अनुशासन में कभी कोई विवशता नहीं होती हैं। सविनय मन से आस्था कर्तव्य पालन में है। अनुशासन किसी पर नियंत्रण नही है। यह सामुहिक सुव्यवस्था को सही से आमंत्रण है। इसीलिए अनुशासन प्यार व फटकार दोनों में आवश्यक है। बिना उपालंभ उद्ण्डता फैलती है। वह बिना प्यार अनुशासन में आस्था घट जाती है। मुख्य बात अनुशासन करने व मानने के लिए आत्मानुशासन का सबमें होना बहुत जरूरी है। जीवन में सफल होने के लिए खुद पर खुद का अनुशासन होना जरूरी है, यदि हम अपने दिनचर्या व्यवस्थित करें तो जीवन को एक सही दिशा मिलती है। समाज में एक अलग पहचान बन जाती है। हम अनुशासित रहेंगे तो हमारे परिवार पर इसका असर पड़ेगा और वह भी अनुशासन में रहने की कोशिश करेंगे, इसका सृजन बचपन से ही किया जाना चाहिए। अनुशासन सकारात्मक दृष्टिकोण लाता है।दुनिया में रहने के लिए प्रकृति जैसे अनुशासन की आवश्यकता है। आचार्य श्री भिक्षु की चाह थी एक शुद्ध आचार और एक अनुशासन का पालन उसी का प्रतिफल तेरापंथ है। 1989 योगक्षेम वर्ष में आचार्य श्री तुलसी ने समयबद्धता का एक प्रयोग किया था। प्रवचन स्थल पर निर्धारित समय पर पहुंचना। विलम्ब न हो। एक बार अति आवश्यक कार्य से कुछ मिनट शायद 1 2 मिनट विलम्ब पहुंचे। नमस्कार मन्त्र के समुच्चारण के बाद अपने स्थान पर प्रायश्चित की मुद्रा में खड़े हो गए और पुनः विराजमान होने पर बताया कि आज में विलंब से पहुंचा तो उसका मैं प्रायश्चित कर रहा हूं। अनुशासन तेरापंथ धर्मसंघ का प्राण है। गुरुदेव तुलसी के रग-रग में अनुशासन बसा था। > प्रदीप छाजेड़

# दैनिक राशिफल




**मेष** आज का दिन ऊर्जा से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी, अनावश्यक खर्च से बचें। **शुभ रंगः** लाल शुभ अंकः 9

**वृषभ** रुके हुए कार्य पूरे होने की संभावना है। नौकरी और व्यापार में लाभ के संकेत हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। **शुभ रंगः** सफेद **शुभ अंकः** 6

**मिथुन** आज मन थोड़ा चंचल रह सकता है। निर्णय सोच-समझकर लें। विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। **शुभ रंगः** हरा **शुभ अंकः** 5

**कर्क** परिवार का सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से सराहना मिल सकती है। धन लाभ के योग बन रहे हैं। **शुभ रंगः** क्रीम **शुभ अंकः** 2

**सिंह** आत्मविश्वास बढ़ा रहेगा। व्यापार में नए अवसर मिल सकते हैं। यात्रा के योग बन रहे हैं। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात लाभदायक रहेगी। **शुभ रंगः** सुनहरा **शुभ अंकः** 1

**कन्या** आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। करियर में प्रगति के संकेत हैं। परिवार के किसी सदस्य की चिंता हो सकती है। खानपान का ध्यान रखें। **शुभ रंगः** नीला **शुभ अंकः** 7

**तुला** आज का दिन संतुलित रहेगा। दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। **शुभ रंगः** गुलाबी **शुभ अंकः** 8

**वृश्चिक** गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है। धैर्य और समझदारी से काम लें। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। **शुभ रंगः** मैरून **शुभ अंकः** 4

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। शिक्षा और करियर में सफलता के योग हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। निवेश करने से पहले सलाह अवश्य लें। **शुभ रंगः** पीला **शुभ अंकः** 3

**मकर** आज जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में बदलाव के संकेत मिल सकते हैं। किसी पुराने विवाद का समाधान होगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। **शुभ रंगः** भूरा **शुभ अंकः** 10

**कुंभ** रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है। **शुभ रंगः** आसमानी **शुभ अंकः** 11

**मीन** भावनाओं में बहकर निर्णय न लें। आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी है। परिवार में खुशखबरी मिल सकती है। विद्यार्थियों के लिए दिन शुभ रहेगा। **शुभ रंगः** बैंगनी **शुभ अंकः** 12

# अमेरिका में गन कल्चर का बढ़ता खतरा, लोकतंत्र की सबसे ताकतवर कुर्सी भी अब सुरक्षित नहीं



अमेरिका एक ऐसा देश माना जाता है जहा दुनिया की सबसे आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था मौजूद है। व्हाइट हाउस जैसी जगह को अभेद्य सुरक्षा का प्रतीक समझा जाता है। वहां तक किसी सामान्य व्यक्ति का पहुंचना भी आसान नहीं माना जाता। लेकिन हाल की घटनाओं ने यह धारणा कमजोर कर दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर एक महीने के भीतर दूसरी बार हमले की कोशिश ने पूरे विश्व को चिंता में डाल दिया है। यह केवल किसी एक नेता की सुरक्षा का मामला नहीं है बल्कि उस अमेरिकी व्यवस्था पर सवाल है जो खुद को दुनिया का सबसे शक्तिशाली लोकतंत्र बताती है। व्हाइट हाउस के बाहर हुई ताजा गोलीबारी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अमेरिका में गन कल्चर अब केवल सामाजिक समस्या नहीं रहा बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का गंभीर संकट बन चुका है। जिस देश में हर हाथ में हथियार पहुंच जाए वहां भय और हिंसा का वातावरण स्थायी रूप ले लेता है। यही स्थिति आज अमेरिका में दिखाई दे रही है।

व्हाइट हाउस के बाहर हुई घटना बेहद चिंताजनक रही। सुरक्षा चौकी को तोड़कर घुसने की कोशिश करने वाले युवक ने दर्जनों गोलियां चलाई। राष्ट्रपति ट्रंप उस समय व्हाइट हाउस में मौजूद थे। हालांकि सीक्रेट सर्विस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हमलावर को मार गिराया लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि आखिर इतनी संवेदनशील जगह तक हथियार लेकर कोई व्यक्ति पहुंच कैसे गया। यदि सुरक्षा एजेंसियां कुछ सेकंड भी देर कर देतीं तो परिणाम बेहद भयावह हो सकते थे। इस घटना ने अमेरिकी सुरक्षा व्यवस्था की सीमाओं को उजागर कर दिया है। दुनिया के सबसे सुरक्षित भवन के बाहर गोलियां चलना यह दिखाता है कि अमेरिका में हिंसा किस हद तक सामान्य हो चुकी है। वहां सार्वजनिक स्थानों पर गोलीबारी की घटनाएं अब रोजमर्रा की खबर बन गई हैं। स्कूल कॉलेज बाजार चर्च मॉल और सड़कें कहीं भी लोग सुरक्षित महसूस नहीं करते। सामान्य नागरिक से लेकर राष्ट्रपति तक हर कोई खतरे में है।

अमेरिका में गन रखने की आजादी को संवैधानिक अधिकार माना जाता है। वहां बड़ी संख्या में लोग हथियार रखना अपनी स्वतंत्रता और सुरक्षा का प्रतीक समझते हैं। लेकिन यही सोच अब देश के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गई है। लाखों लोग बिना किसी सख्त निगरानी के हथियार खरीद लेते हैं। मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति भी आसानी से बंदूक हासिल कर लेते हैं। इसका परिणाम बार बार होने वाली गोलीबारी की घटनाओं के रूप में सामने आता है। व्हाइट हाउस के बाहर हमला करने वाला युवक मानसिक रूप से परेशान बताया गया। वह पहले भी कई बार संदिग्ध गतिविधियों के कारण पकड़ा जा चुका था। उसने खुद को ईसा मसीह और सन ऑफ गॉड बताया था। ऐसे व्यक्ति के हाथ में हथियार पहुंचना यह दिखाता है कि अमेरिका की हथियार नियंत्रण व्यवस्था कितनी कमजोर है। मानसिक बीमारी और हथियारों का मेल हमेशा खतरनाक होता है। इसके बावजूद वहां प्रभावी नियंत्रण नहीं दिखाई देता।

अमेरिका में गन लॉबी बेहद शक्तिशाली मानी जाती है। हथियार बनाने वाली कंपनियां और उनसे जुड़े संगठन राजनीतिक दलों पर प्रभाव रखते हैं। यही कारण है कि हर बड़ी गोलीबारी के बाद कुछ दिनों तक बहस होती है लेकिन सख्त कानून नहीं बन पाते। नेता संवेदना व्यक्त करते हैं लेकिन ठोस बदलाव नहीं दिखाई देता। परिणाम यह है कि हिंसा का यह चक्र लगातार चलता रहता है। राष्ट्रपति ट्रंप पर इससे पहले चुनाव प्रचार के दौरान भी हमला हुआ था। उस समय गोली उनके कान को छूते हुए निकल गई थी। वह बाल बाल बच गए थे। यह घटना पूरी दुनिया ने देखी थी। उसके बाद उम्मीद की जा रही थी कि अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था और हथियार नियंत्रण पर गंभीरता से काम करेगा लेकिन एक महीने के भीतर फिर हमला होना यह दिखाता है कि समस्या कितनी गहरी है।

इतिहास गवाह है कि अमेरिका में कई बड़े नेताओं की हत्या हो चुकी है। पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या आज भी दुनिया के सबसे चर्चित राजनीतिक हत्याकांडों में गिनी जाती है। अब्राहम लिंकन भी हिंसा का शिकार हुए थे। इसके अलावा कई राष्ट्रपति और बड़े नेता हमलों का सामना कर चुके हैं। यह बताता है कि अमेरिका में राजनीतिक हिंसा कोई नई बात नहीं है बल्कि लंबे समय से मौजूद समस्या है। आज सोशल मीडिया और कट्टर विचारधाराओं ने स्थिति को और खतरनाक बना दिया है। मानसिक रूप से परेशान लोग इंटरनेट के जरिए उग्र विचारों से प्रभावित हो जाते हैं। कई लोग खुद को मसीहा या भगवान का दूत बताने लगते हैं। यदि ऐसे लोगों को हथियार आसानी से मिल जाएं तो वे कभी भी हिंसक कदम उठा सकते हैं। व्हाइट हाउस के बाहर की घटना इसी खतरे का उदाहरण है। अमेरिका में आम नागरिक भी लगातार भय के साये में जी रहे हैं। वहां स्कूलों में बच्चों को गोलीबारी से बचने की ट्रेनिंग दी जाती है। सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा जांच सामान्य बात बन चुकी है। माता पिता अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय चिंतित रहते हैं। यह किसी भी विकसित लोकतंत्र के लिए शर्मनाक स्थिति है।

गन कल्चर केवल अपराध नहीं बढ़ाता बल्कि समाज में अविश्वास और डर का वातावरण भी पैदा करता है। जब हर व्यक्ति दूसरे को संभावित हमलावर समझने लगे तो सामाजिक शांति खत्म हो जाती है। अमेरिका में यही स्थिति धीरे धीरे गहराती जा रही है। वहां हथियार आत्मरक्षा के नाम पर खरीदे जाते हैं लेकिन अक्सर वही हथियार हिंसा का कारण बन जाते हैं। अब समय आ गया है कि अमेरिका इस समस्या को राजनीतिक मुद्दे के बजाय राष्ट्रीय संकट माने। केवल सुरक्षा एजेंसियों के भरोसे समाधान संभव नहीं है। जब तक हथियारों की बिक्री पर सख्त नियंत्रण नहीं होगा तब तक ऐसी घटनाएं रुकना मुश्किल है। मानसिक रूप से अस्थिर लोगों की पहचान और निगरानी भी जरूरी है। बैकग्राउंड जांच को और कठोर बनाना होगा। अवैध हथियारों पर कड़ी कार्रवाई करनी होगी।

दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश यदि अपने राष्ट्रपति और नागरिकों को सुरक्षित नहीं रख पा रहा तो यह चिंता का विषय है। लोकतंत्र की असली ताकत हथियारों में नहीं बल्कि कानून व्यवस्था और सामाजिक विश्वास में होती है। अमेरिका को यह समझना होगा कि असीमित हथियारों की संस्कृति अंततः समाज को असुरक्षित ही बनाती है। राष्ट्रपति ट्रंप पर लगातार हो रहे हमले यह संकेत हैं कि खतरा केवल व्यक्तियों तक सीमित नहीं रहा बल्कि अमेरिकी लोकतंत्र की स्थिरता तक पहुंच चुका है। हर बार किस्मत साथ दे यह जरूरी नहीं। यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में कोई बड़ी त्रासदी दुनिया को झकझोर सकती है। अमेरिका को अब यह तय करना होगा कि वह हथियारों की आजादी को प्राथमिकता देगा या अपने नागरिकों की सुरक्षा को। क्योंकि जिस समाज में बंदूकें कानून से ज्यादा ताकतवर हो जाएं वहां डर स्थायी हो जाता है और लोकतंत्र कमजोर पड़ने लगता है।

कांतिलाल मांडोत

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल, हालत गंभीर

सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक जिला अस्पताल रेफर




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर स्थित परसामलिक थाने के सामने सोमवार की दोपहर एक बाइक सवार तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गया। टक्कर के बाद बाइक पर सवार युवक ट्रेलर के बंपर में फंस गया और करीब 50 मीटर तक घसीटता चला गया। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे स्थानीय सीएचसी पहुंचाया जहां से नाजुक हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवतरी टोला परसा निवासी असलम (18) पुत्र मुर्तजा अली सोमवार दोपहर किसी कार्य से परसामलिक थाना चौराहे की तरफ जा रहा था। वह जैसे ही थाने के सामने पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रेलर के चपेट में आ गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि युवक ट्रेलर के अगले हिस्से में फंसकर काफी दूर तक घिसटता चला गया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल असलम को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रेलर और बाइक को कब्जे में ले लिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि घायल को तत्काल अस्पताल भिजवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष से तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीजल वितरण के दौरान डीजल का नोजल तोड़ने का आरोप

**रतनपुर/महराजगंज।** सोनौली कोतवाली क्षेत्र के जगरनाथपुर सेमरतर चौराहा स्थित किसान सेवा केन्द्र पेट्रोल पंप पर सोमवार को डीजल वितरण के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने जमकर हंगामा और तोड़फोड़ की, जिससे पेट्रोल पंप परिसर में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। इस उपद्रव के दौरान अराजक तत्वों ने डीजल मशीन की नोजल तोड़ दी, जिसके कारण डीजल का वितरण पूरी तरह ठप हो गया और खेती के इस सीजन में स्थानीय किसानों को भारी किल्लत और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना के बाद पेट्रोल पंप के मैनेजर राजेंद्र राय ने सोनौली कोतवाली में लिखित तहरीर देकर मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है, जिसके आधार पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन और अराजकतत्वों की पहचान करने में जुटी हुई है।

### बरसात से पहले सड़क परियोजनाएं पूरी करने का डीएम के निर्देश




देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को बरसात से पहले प्रमुख परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य गुणवत्ता और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं तथा निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान राम-जानकी मार्ग, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग, सलेमपुर बाईपास, देवरिया बाईपास तथा तमकुहीराज-मझौली मार्ग की प्रगति पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राम-जानकी मार्ग परियोजना में 53.60 प्रतिशत, नवलपुर-सिकंदरपुर मार्ग में 30 प्रतिशत, सलेमपुर बाईपास में 32 प्रतिशत तथा तमकुहीराज-मझौली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना में 82 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। देवरिया बाईपास परियोजना की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जून माह तक सड़क निर्माण कार्यों में अपेक्षित प्रगति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। बैठक में वीके सिंह, प्रेम नारायण सिंह और रामशंकर समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने अधिकारियों को दिए सतर्कता और व्यवस्थाओं के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर भी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने भाग लेकर अपने सुझाव साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी पर्व को पारंपरिक और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। उन्होंने निर्देश दिए कि नमाज केवल निर्धारित स्थानों पर ही अदा की जाए। अधिक भीड़ होने की स्थिति में शिफ्टवार नमाज की व्यवस्था की जाए ताकि यातायात और आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों। जिलाधिकारी ने प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करने, अफवाहों से बचने तथा कुर्बानी के बाद अवशेषों का निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक अधिकारियों को पर्व से पूर्व व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और ड्यूटी स्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाने को कहा गया। उप जिलाधिकारियों को तहसील स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने तथा कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं नगर निकायों को साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा गया। वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी को गर्मी को देखते हुए चिकित्सा टीम, दवाइयों और ओआरएस की उपलब्धता के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने कहा कि सभी की सुरक्षा प्रशासन और पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद मांस को यदि कहीं ले जाया जाए तो उसे पूरी तरह ढककर ले जाया जाए और संबंधित विवरण की पर्ची साथ रखी जाए। बैठक का संचालन अपर पुलिस अधीक्षक आनंद पांडेय ने किया। इस दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी वीके सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, एसडीएम, सीओ, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## प्रेम संबंध बना मौत की वजह? गीडा में आमी नदी किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी, गला रेतकर हत्या की आशंका; चार हिरासत में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी /सहजनवा /हरपुर बुदहट :** गोरखपुर जिले के गीडा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब भरसाँड़ स्थित सेमरहवा बाबा मंदिर के पास आमी नदी किनारे एक युवक का शव बरामद हुआ। शव की हालत देखकर आशंका जताई जा रही है कि युवक की बेरहमी से हत्या कर शव को नदी किनारे फेंका गया। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जुट गई, जबकि पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। पुलिस के अनुसार, मृत युवक की पहचान आदित्य कुमार पुत्र राजेश निषाद निवासी ग्राम टिकरिया, थाना सहजनवा, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। युवक करीब 30 वर्ष का बताया जा रहा है। शव मिलने के समय उसने काला टी-शर्ट और जींस पहन रखा था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि युवक के हाथ-पैर रस्सी से बंधे थे और गला किसी धारदार हथियार से रेता गया था, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है। मामले में सामने आया है कि मृतक का ननिहाल खजनी थाना क्षेत्र के रुद्रपुर में था और उसका रुद्रपुर की एक युवती से प्रेम संबंध चल रहा था। बताया जा रहा है कि आदित्य अक्सर रुद्रपुर आता-जाता था। परिजनों और स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, युवती के बुलावे पर वह रविवार शाम अपने गांव से खजनी क्षेत्र पहुंचा था। घटना से जुड़ी एक और सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि रुद्रपुर में मृतक की मोटरसाइकिल को आग के हवाले कर दिया गया और इसके बाद कटघर इलाके में उसकी हत्या कर शव को गीडा और खजनी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित आमी नदी किनारे फेंक दिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए खजनी क्षेत्र में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कैंप कर रहे हैं। पुलिस ने मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस अभी आधिकारिक तौर पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस हत्या के पीछे प्रेम ड्ढप्रसंग, रंजिश तथा अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस हत्याकांड ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है।

## दहेज की मांग, गर्भपात और प्रताड़ना का आरोप: विवाह के एक माह बाद ही टूटा रिश्ता, पति-सास-ननद पर केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ग़ोला बाजार -गोरखपुर।** जिले के गोला तहसील क्षेत्र में विवाह के कुछ ही दिनों बाद एक नवविवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट और गर्भपात कराने तक के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता की तहरीर पर गोला पुलिस ने पति, सास और ननद के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला गोला थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर और बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बिहुआ उर्फ अगिलगउवा से जुड़ा है। पीड़िता सोनम यादव पुत्री रमेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 29 अप्रैल 2025 को गोपालपुर निवासी सन्नी यादव पुत्र रंजीत यादव उर्फ राजू यादव के साथ हुई थी। विवाह के बाद शुरुआती एक सप्ताह तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन बाद में ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया। पीड़िता का आरोप है कि उसकी ननद राधा और सास संध्या देवी दहेज में मिले सामान को खराब बताकर नए सामान की मांग करने लगीं। इसके साथ ही 10 लाख रुपये की जगह 8 लाख रुपये मिलने की बात कहते हुए शेष दो लाख रुपये और एक बुलेट मोटरसाइकिल की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। तहरीर के अनुसार, ससुराल पक्ष द्वारा उसे आए दिन मारपीट का शिकार बनाया जाता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि उसकी मुंह दिखाई में मिले पैसे भी ले लिए गए। इतना ही नहीं, भोजन में हार्पिक मिलाने, कमरे में बंद कर देने और लगातार प्रताड़ित करने जैसे आरोप भी लगाए गए हैं। पीड़िता ने बताया कि गर्भवती होने के बाद उस पर अल्ट्रासाउंड कराने का दबाव बनाया गया और लड़की होने पर गर्भ गिराने की बात कही गई। विरोध करने पर ननद और सास ने उसके साथ मारपीट की, जबकि पति ने पेट में लात मारी, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और गर्भपात हो गया। गोला पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 तथा बीएनएस की धारा 110, 115(2), 351(3), 352, 85 और 89 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## आपदा प्रबंधन समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सतर्क एवं समन्वित कार्यवाही के दिए निर्देश

**●मौसम चेतावनी संदेशों को अंतिम व्यक्ति तक समय से पहुंचाने, जनजागरूकता एवं 'सचेत ऐप' इंस्टॉल कराने पर विशेष जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही:-** आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की संयुक्त अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 शुभांगी शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, जनप्रतिनिधिगण, संभ्रांत नागरिक, आपदा मित्र तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति रही। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागों को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी संदेशों को गंभीरता से लेते हुए सभी विभाग तत्परता के साथ कार्य करें तथा सूचना जनपद के अंतिम व्यक्ति तक समय से पहुंचाना सुनिश्चित करें जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आपदा के दौरान 'क्या करें और क्या न करें' संबंधी जानकारी आमजन तक व्यापक रूप से पहुंचाई जाए। इसके लिए जनजागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को आपदा से निपटने हेतु तैयार किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा संबंधी सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान हेतु अपने-अपने विभागों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाए जाएं, जिससे समय रहते सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूक किया जा सके। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक 'सचेत ऐप' इंस्टॉल कर लें, ताकि किसी भी प्रकार की आपदा अथवा मौसम संबंधी चेतावनी की तत्काल सूचना प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि आपदा से बचाव हेतु अत्यधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है तथा हम सभी को सदैव सजग एवं सचेत रहना चाहिए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी नगर पंचायतों में पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम स्थापित किए जाएं, जिससे किसी भी आपात सूचना को तत्काल आमजन तक पहुंचाया जा सके। साथ ही ग्राम पंचायतों में जनजागरूकता हेतु उद्घोषणा (अनाउंसमेंट) सिस्टम का प्रयोग करते हुए लोगों को आपदा से बचाव के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि संभावित आपदाओं से होने वाली घटनाओं को रोका जा सके।

## गोरखपुर में नकली नोट फैक्ट्री का भंडाफोड़: शटरनुमा दुकान में चल रहा था 'करेंसी प्रिंटिंग रैकेट', 5 गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



गोरखपुर में पुलिस ने नकली नोट बनाने वाले गिरोह का बड़ा खुलासा करते हुए एक शटरनुमा दुकान में चल रही अवैध 'मिनी करेंसी फैक्ट्री' का पर्दाफाश किया है। गुलरिहा थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से नकली नोट, प्रिंटर, कंप्यूटर सिस्टम, नोट छापने के फॉर्मे और बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सोमवार देर रात पादरी बाजार स्थित सरस्वतीपुरम कॉलोनी में की गई। थाना गुलरिहा की टीम रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक शटरनुमा दुकान के भीतर कुछ लोग नकली नोट तैयार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही गुलरिहा पुलिस, शाहपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने संयुक्त घेराबंदी कर छापेमारी की और मौके से पांचों आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करन सिंह, मोहित कुमार, विशाल शर्मा, आशीष शर्मा और आकाश सिंह के रूप में हुई है। इनमें चार आरोपी गोरखपुर और एक कुशीनगर का निवासी बताया गया है। छापेमारी के दौरान पुलिस को 500 रुपये के 9 नकली नोट और 100 रुपये का एक नकली नोट बरामद हुआ। इसके अलावा कंप्यूटर सेट, दो प्रिंटर, मॉनिटर, सीपीयू, कीबोर्ड, माउस, इंक, ए4 पेपर, नोट छापने के आगे-पीछे के फॉर्मे, गांधीजी की तस्वीर वाले प्रिंट, नोट में लगने वाला तार तथा 500 रुपये के आकार में कटे हुए काले रंग के कागजों की 39 गड्डियां बरामद हुई। बरामद सामग्री से आशंका जताई जा रही है कि गिरोह लंबे समय से नकली नोट तैयार करने की तैयारी कर रहा था और बाजार में इन्हें खपाने की योजना थी। पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह के नेटवर्क, सप्लाई चैन और अन्य संभावित सदस्यों की जानकारी जुटा रही है। इस मामले में थाना गुलरिहा में बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा है कि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## महोबा की दलित छात्रा से कथित दरिंदगी पर गोरखपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर,।** महोबा जिले की एक दलित छात्रा के साथ कथित अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म और अमानवीय उत्पीड़न के मामले को लेकर गोरखपुर में कांग्रेस पार्टी का आक्रोश फूट पड़ा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि महोबा निवासी छात्रा नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी और उसका सपना डॉक्टर बनने का था, लेकिन कुछ आपराधिक तत्वों ने उसका अपहरण कर प्रयागराज में कथित रूप से 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस दौरान छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया, उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया और उस पर जबरन शादी का दबाव भी बनाया गया। कांग्रेस ने घटना को 'मानवता को शर्मसार करने वाली' बताते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। पार्टी का आरोप है कि महिला अपराधों में लगातार बढ़ोतरी से समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। राज्यपाल के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की कि मामले में शामिल सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में स्पीडी ट्रायल चलाया जाए और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाई जाए।

**पार्टी ने पीड़ित परिवार के लिए प्रमुख मांगें भी रखीं, जिनमें—** दोषियों को फांसी की सजा, पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता, तथा पूरे परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराना शामिल है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ऐसी घटनाएं केवल एक परिवार को नहीं तोड़तीं, बल्कि पूरे समाज में महिलाओं के प्रति भय और अविश्वास का माहौल पैदा करती हैं। उन्होंने राज्य सरकार से महिला सुरक्षा को लेकर प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## प्रेम विवाह की रंजिश में बवाल! घर में घुसकर हमला, बच्चों तक को नहीं छोड़ा, तोड़फोड़ के बाद दी जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोला -गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के बनवारपार गांव में प्रेम विवाह की पुरानी रंजिश एक बार फिर हिंसक विवाद में बदल गई। आरोप है कि नाराज ससुराल पक्ष के लोगों ने पहले युवक की पिटाई की और फिर देर रात घर में घुसकर परिवार पर हमला बोल दिया। इस दौरान घर में तोड़फोड़ की गई और बच्चों तक को नहीं बख्शा गया। मामले में पुलिस ने नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता रजनी देवी पत्नी राजाराम यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका प्रेम विवाह राजाराम यादव से हुआ था। शादी के बाद से दोनों के चार बच्चे हैं, लेकिन आरोप है कि परिवार के कुछ लोग इस विवाह को अब तक स्वीकार नहीं कर पाए हैं और इसी बात को लेकर समय-समय पर विवाद होता रहता है। तहरीर के अनुसार, 22 मई की रात करीब नौ बजे राजाराम यादव अपने पिता से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी रामसकल यादव वहां पहुंचे और प्रेम विवाह को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने लगे। विरोध करने पर मामला बढ़ गया और आरोप है कि राजाराम यादव के साथ मारपीट की गई। पीड़िता का कहना है कि घटना के करीब एक घंटे बाद राजमन यादव, प्रशांत यादव उर्फ गोलू, हर्षित यादव समेत अन्य लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंच गए। आरोप है कि सभी लोग जबरन घर में घुस गए और गेट व बल्ब तोड़ते हुए उत्पात मचाया। इसके बाद पति समेत परिवार के अन्य सदस्यों को लाठी-डंडों, लात-घूंसों से पीटा गया। मारपीट के दौरान घर में मौजूद बच्चों को भी चोटें आने की बात सामने आई है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जाते-जाते हमलावरों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद गोला पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 191(2), 324(4), 333, 351(3) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव में घटना को लेकर चर्चा बनी हुई है।

## धान क्रय सत्यापन में बड़े घोटाले का आरोप, सरकारी भूमि और नाले के खाते पर भी दिखाया गया धान बिक्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सहजनवा गोरखपुरः सहजनवा तहसील क्षेत्र में फसली वर्ष 2025-26 के धान क्रय सत्यापन में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। इस संबंध में ग्राम झुंगिया, पोस्ट रावतपार निवासी रामेश्वर पुत्र श्री सुन्नर ने सहायक चकबंदी अधिकारी, सहजनवा को शिकायती पत्र देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम खिरीडाड़, पोस्ट हरपुर, सहजनवा में धान क्रय सत्यापन के दौरान निर्धारित क्षेत्रफल से अधिक भूमि का सत्यापन कर धान खरीद दर्शाई गई। इतना ही नहीं, खतौनी में दर्ज खातेदारों के नाम के स्थान पर अज्ञात व्यक्तियों के नाम जोड़कर सत्यापन किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत पत्र के अनुसार ग्राम सभा के पोखरे के खाता संख्या 325 पर 60 कुंतल धान बिक्री, नाला खाता संख्या 115 पर 188 कुंतल तथा आबादी खाता संख्या 326 पर 174 कुंतल धान बिक्री दर्शाकर सरकारी अभिलेखों में सत्यापन किया गया। शिकायतकर्ता ने इसे सरकारी व्यवस्था में गंभीर अनियमितता बताते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रार्थी ने प्रशासन से मामले को संज्ञान में लेकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की अपील की है। इस मामले में चकबंदी अधिकारी सहजनवा धर्मेंद्र मिश्रा से बात करने पर उन्होंने बताया कि, मामला संज्ञान में नहीं है, अगर ऐसा कोई मामला आता है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# शराब ठेका बन रहा दुर्घटनाओं का कारण

**● ग्रामीणों ने उठाई बंद कराने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कौलापुर।** गोपीगंज क्षेत्र के बेरासपुर स्थित कौलापुर-सेमराध मार्ग पर संचालित शराब का ठेका अब दुर्घटनाओं और विवादों का कारण बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ठेका खुलने के बाद से आए दिन सड़क हादसे और विवाद की घटनाएं बढ़ गई हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले माह शराब ठेका के सामने हुई सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि शराब पीने के बाद कई लोग ठेका के आसपास गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार करते हैं, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बेरासपुर के ग्राम प्रधान मिथिलेश कुमार ने बताया कि शराब ठेका के समीप मंदिर स्थित है और इसी मार्ग से छात्राएं स्कूल आती-जाती हैं। ऐसे में शराबियों की अभद्र टिप्पणियों और हरकतों से विवाद की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा और सामाजिक माहौल को देखते हुए ठेका हटाया जाना जरूरी है। सोमवार की शाम भी शराब ठेका के सामने खड़ी बाइक की वजह से दो बाइकों में टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार घायल हो गए। घटना के बाद ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ गई।ग्रामीण सूबेदार, मुन्ना लाल, सुरेन्द्र कुमार, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, कमलेश कुमार, नीलम देवी, रिंकी देवी और ललिता देवी समेत कई लोगों ने प्रशासन से शराब ठेका बंद कराने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## भीषण गर्मी में पानी को तरसते मरीज़, अधीक्षक की लापरवाही आई सामने

**मामला बांकेगंज सी. एच सी का है जहां पर लगे वाटर कूलर और पंखे पड़े ख़राब**

**न पंखा, और न शुद्ध शीतल पेय जल , बूंद बूंद पानी को तरसते मरीज़**

**बांकेगंज खीरी** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांके गंज के अधीक्षक की लापरवाही खुलकर उस समय सामने आ गई जब प्यास से बेहाल मरीज़ अपना गला सीचने के लिए सी एच सी में लगे वाटर कूलर के पास गए।तो पता चला कि वाटर कूलर चाय से भी ज्यादा गरम और गंदा पानी फेंक रहे हैं।सी एच सी में लगा वाटर आर ओ/वाटर कूलर महज शोपीस साबित हो रहे हैं।दूर दराज से दवा लेने आए कई मरीज़ों ने बताया कि काफी दिनों से वाटर कूलर खराब पड़ा है कोई इसकी सुधि लेने वाला नहीं है जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते मरीज़ और उनके तीमारदार गंदा और खौलता हुआ गरम पानी पीने को मजबूर है। इतना ही नहीं अस्पताल में लगे अधिकांश पंखे भी बंद पड़े हैं कुछ ही पंखे चलते दिखाई पड रहे हैं हालत यह है कि जहां पर मरीज़ बैठकर अपनी बारी आने का इन्तजार करते हैं वहां के पंखे भी बंद पड़े हैं लोग इस भीषण गर्मी में आग उगलती छत के नीचे बैठने को विवस है। बांके गंज सी एच सी में कोई भी सुविधा मरीजों को नसीब नहीं हो पा रहीं हैं।न ठंडी हवा और न ही शुद्ध शीतल पेय जल ही मिल पाता है।इसे सिस्टम की अनदेखी कहा जाय या फिर कुछ और? इस मामले पर जब सी एच सी अधीक्षक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि पानी तो ठीक आ रहा है जब आकर देखने की बात की गई तो कहा अभी भेजता हूं और फिर फार्मासिस्ट को भेजा तो उसने बताया मिस्त्री बुलाया है 0 2 से 03 दिन में सही हो जाएगा।

## सड़क पर वाहन खड़ा करके यातायात बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई, 16 वाहन थाने भेजे



**कानपुर।** आज दिनांक 25.05.2026 को पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में सुगम यातायात योजना ' Reducing Traffic Congestion (RTC) Scheme' के अंतर्गत शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सड़क किनारे नो पार्किंग जोन में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा लाउड हेलर के माध्यम से वाहन स्वामियों/चालकों को सूचित करते हुए अपने वाहनों को तत्काल नो पार्किंग क्षेत्र से हटाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बावजूद भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने वाहन नहीं हटाए गए, उनके वाहनों को क्रेन के माध्यम से कुल 16 चार पहिया वाहनों को सम्बन्धित थाने में भेजा गया। वाहन स्वामियों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु अंतिम चेतावनी देते हुए नियमानुसार उनके वाहन सुपुर्द किए गए। यातायात पुलिस कानपुर नगर द्वारा आमजन से अपील कि जाती है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें तथा नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर यातायात व्यवस्था बाधित न करें। यातायात नियमों का पालन कर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

## शाहजहांपुरः कुत्तों के झुंड ने 11 साल की बच्ची को बेरहमी से नोचकर मार डाला




**शाहजहांपुर।** पिता के साथ खेत पर गई 11 वर्ष की स्वालिया को कुत्तों ने नोंचकर नोंचकर मार डाला। शहर के ककरा मुहल्ला निवासी नईम ने नगर निगम के चार्जिंग स्टेशन के पास खेत बटाई पर लिया है। खेत में लौकी, तोरई आदि फसल उगाई है। रविवार सुबह व बेटी स्वालिया के साथ सब्जी तोड़ने खेत पर गए थे। सब्जी तोड़ते समय नईम ने बेटी को घर से बेटे इकराम को बुलाने के लिए भेज दिया। चार्जिंग स्टेशन के पास कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। गर्दन के पास कई जगह नोंच लिया। वहां से निकल रहे लोगों ने कुत्तों को जैसे तैसे भगाया। घटना स्थल से कुछ दूरी पर मौजूद नईम ने भीड़ देखी तो वह भी दौड़कर मौके पर पहुंच गए।बेटी को खून से लथपथ देख मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हालांकि स्वजन ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। शहर के अजीजगंज में एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर बना है।जहां कुत्तों का बधियाकरण किया जाता है लेकिन उसके बाद भी हिंसक हो रहे कुत्तों का आतंक कम नही हो रहा है।

# हर्निया ऑपरेशन के बाद मजदूर की मौत, परिजनों ने किया हंगामा, अस्पताल संचालक फरार

- राजा ताल स्थित एम एस हॉस्पिटल में ऑपरेशन के बाद बिगड़ी हालत
- इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े
- स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू की, रिपोर्ट के बाद अस्पताल होगा सील

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**फिरोजाबाद-** जनपद के थाना टूण्डला क्षेत्रांतर्गत राजा ताल स्थित एम. एस.हॉस्पिटल में हर्निया ऑपरेशन के बाद एक मजदूर की मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कुर्री कूपा निवासी कन्हैया के रूप में हुई है। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना मिलते ही थाना टूण्डला पुलिस मौके पर पहुंच गई। वहीं अस्पताल संचालक अस्पताल पर ताला डालकर फरार हो गया। बताया गया है कि कन्हैया को हर्निया की शिकायत थी। परिजन उन्हें उपचार के लिए राजा ताल स्थित एम एस हॉस्पिटल लेकर पहुंचे थे। यहां अस्पताल डायरेक्टर पी के यादव ने ऑपरेशन करने की सलाह दी। आरोप है कि ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही कन्हैया की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने समय पर सही उपचार नहीं दिया।

परिजनों का आरोप है कि हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल स्टाफ लापरवाही करता रहा। कुछ देर बाद कन्हैया की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही थाना टूंडला पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान अस्पताल संचालक अस्पताल पर ताला लगाकर मौके से फरार हो गया। काफी देर तक अस्पताल परिसर में तनाव की स्थिति बनी रही।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल पहुंचकर जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने अस्पताल के दस्तावेज और इलाज से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच में लापरवाही या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर अस्पताल को सील कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा का जन्मदिन मनाया



ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा का जन्म दिवस ऐप्जा की इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व देव राठौर के साथ इकाई के कोषाध्यक्ष अफजाल अहमद अंसारी की जनता फर्टिलाइजर दुकान पर केक काटकर ऑल इंडियन प्रेस जनरल लिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र कुमार मिश्रा का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्व देव राठौर कोषाध्यक्ष अफजाल अहमद अंसारी उपाध्यक्ष हीरालाल गंगवार प्रसार मंत्री बाबू बख्श अंसारी सह सचिव नजमुल हसन अंसारी भानु प्रताप वर्मा के साथ ही अनेकों लोग उपस्थित थे सभी ने इस अवसर पर अध्यक्ष मिश्रा को जन्म दिवस के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त की और बधाई थी उसे मौके पर लोगों ने संगठन को और मजबूत करने के लिए उनका उत्साह वरदान आशीष प्रदान किया।

## ग्राम चुल्हावली में श्रीमद् भागवत कथा का दूसरे दिन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**टूण्डला-** टूण्डला क्षेत्र के ग्राम चुल्हावली में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन भक्तिमय वातावरण के बीच कथा का रसपान कराया गया। गांव में चारों ओर धार्मिक उल्लास और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। कथा स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी, जहां महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण किया।

प्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्री रामसेवक शास्त्री धिमश्री वालों के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन किया जा रहा है। कथा के दौरान उन्होंने भगवान की भक्ति, धर्म, सत्य एवं मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धार्मिक एवं नैतिक संदेश दिए। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। कथा आयोजन को लेकर ग्रामवासियों एवं भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा भक्तों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजन समस्त ग्रामवासियों एवं भक्तगणों के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है।

कथा में परीक्षित के रूप में वीना पचौरी एवं रोहित पचौरी (भोला) अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं, जबकि यज्ञपति के रूप में स्नेहलता एवं श्यामसुंदर पाराशर द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों का निर्वहन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

# चार दिन में दूसरा तेंदुआ पिंजरे में कैद, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिंगाही-खीरी।** बेलरायां वन रेंज क्षेत्र के ग्राम सिंगहा खुर्द के पास कई दिनों से दहशत का कारण बना तेंदुआ आखिरकार सोमवार तड़के वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने तेंदुए की लगातार गतिविधियों को देखते हुए गांव स्थित अस्थायी गौशाला के पास पिंजरा लगाया था। पिंजरे में बंधी बकरी का शिकार करने के प्रयास में सोमवार सुबह करीब तीन बजे तेंदुआ उसमें फंस गया। सूचना मिलते ही रेंजर भूपेंद्र सिंह, वन दरोगा राकेश कुमार गुप्ता समेत वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और तेंदुए को कब्जे में लेकर रेंज कार्यालय पहुंचाया।

ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ पिछले कई दिनों से गांव के आसपास खेतों और आबादी के नजदीक घूमता दिखाई दे रहा था, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ था। वन विभाग लगातार निगरानी कर रहा था और संभावित स्थानों पर पिंजरे लगाए गए थे। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तेंदुए का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि बेलरायां रेंज में चार दिनों के भीतर पकड़ा गया यह दूसरा तेंदुआ है। इससे पहले कटैला फार्म क्षेत्र में भी एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हुआ था, जिसे बाद में दुधवा जंगल में छोड़ दिया गया था। वन विभाग ने एहतियात के तौर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर करीब दस पिंजरे और लगाए हैं। विभाग को इलाके में अन्य तेंदुओं की मौजूदगी की भी आशंका है।

## शाहजहांपुरः विजिलेंस टीम ने पकड़ी स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी, FIR दर्ज

**शाहजहांपुर।** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (एमवीवीएनएल) लखनऊ की विजिलेंस टीम ने सघन जांच अभियान चलाकर दो परिसरों में स्मार्ट मीटर के टर्मिनल पर न्यूट्रल व फेज तथा मीटर से पहले छत पर इनकमिंग केबल बाईपास कर बिजली चोरी पकड़ी। दोनों मामलों में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। प्रवर्तन दल के अवर अभियंता राजेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने सिंजई में जांच की तो यहां स्मार्ट मीटर की सील तोड़कर फेस व न्यूट्रल को बाईपास कर सीधे बिजली उपयोग की जा रही थी। जांच में 6111 वाट का अवैध लोड मिला। एसी, इंडक्शन, सबमर्सिबल पंप, वाशिंग मशीन और फ्रिज समेत कई उपकरण चोरी की बिजली से संचालित पाए गए। टीम ने वीडियो रिकॉर्डिंग कर कनेक्शन काट दिया। दूसरी कार्रवाई बीबीजई चौराहा स्थित परिसर में हुई। यहां छत के रास्ते इनकमिंग सर्विस केबल से सीधे कनेक्शन जोड़कर बिजली चोरी की जा रही थी। मौके पर 2462 वाट का लोड मिला। टीम ने अवैध केबल काटकर आपूर्ति बंद कर दी। उपभोक्ता ने निरीक्षण प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया।

# एक राष्ट्र एक चुनाव पर एकजुट हों राजनैतिक दलः गोपाल कृष्ण

- तेल मिल रोड स्थित इंद्रा कालोनी में पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता
- पहले 27 अब 40 देशों से कर रहे तेल कर आयात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**टूण्डला-** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रविवार दोपहर तेल मिल रोड स्थित इंद्रा कालोनी में पहुंचे। जहां उन्होंने पत्रकारों से वार्ता करते हुए सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। दोपहर तीन बजे पहुंचे राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव के सवाल पर कहा कि बार–बार आचार संहिता लगने के कारण सरकार को काफी परेशानी होती है। विकास के कार्य रुक जाते हैं। सरकारी मशीनरी चुनाव कराने में लग जाती है। हम सभी दलों से प्रार्थना कर रहे हैं कि एक देश एक चुनाव अभियान में सहयोग करें। जनगणना के सवाल पर उन्होंने कहा कि 10 साल बाद जनगणना कराने का प्रावधान है। जनगणना के बाद परिसीमन होगा। जनगणना से जो डेटा कलेक्ट होता है। उससे योजनाओं को बनाने में मदद मिलती है। इस बार तो जातिगत जनगणना भी सम्मिलित है। अलग–अलग जातियों को किस चीज की आवश्यकता है। आरक्षण और विकास की स्थिति भी इससे तय होगी। घुसपैठिए लोग बाहर होंगे। पेट्रोल, डीजल और गैस के दामों की बढ़ोत्तरी को लेकर कहा कि 76 दिन पूरे हुए क्रूड आयल के दाम दोगुने हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेट बढ़ोत्तरी को कई दिनों तक रोके रखा, उसका असर जनता पर नहीं पड़ने दिया। गैस की आपूर्ति कम नहीं होने दी। 33 करोड़ गैस कनैक्शन धारकों को गैस देने का काम किया है। बढ़े हुए दामों को सरकार ने वहन किया। अधिक दाम बढ़ने पर सरकार ने न के बराबर पैसे बढ़ाए हैं। क्रूड आयल हमारे यहां विदेशों से आयात होता है। पहले 27 देशों से हम तेल की खरीद करते थे अब 40 देशों से कर रहे हैं। प्रधानमंत्री यूएई गए थे। यूएई ने भारत में इन्वेस्ट करने का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल, डीजल आवश्यकता से अधिक नहीं खरीदना चाहिए। उन्होंने ऐसी चीजों की खरीद कम करने के लिए कहा है जिसके बिना व्यक्ति का काम चल सकता है। काकरोच जनता पार्टी के सवाल पर उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने भी जनता को बेवखूफ बनाने का काम किया। वह फेल हो गए तो मुखौटा बदलकर यहां आ गए। इन लोगों का काम अराजकता फैलाना है। नीट का पेपर लीक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि यह युवाओं के लिए कठिन समय है। पेपर लीक



होना काफी दुखदायी है। युवाओं के रोष को लेकर उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में जो विकास हुआ है। वह पहले की किसी सरकार में नहीं हुआ। आर्थिक रूप से प्रदेश सशक्त हुआ है। वर्ष 2017 में जब हम प्रदेश में आए थे तब देश में उत्तर प्रदेश की गिनती बीमारू राज्य के रूप में थी। आज नौ लाख करोड़ की प्रदेश की जीडीपी है। देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश है। अभी काम बाकी हैं, इसलिए हम चुनाव लड़ रहे हैं। जिन्हें आगे हम पूरा करा सकें। भाजपा के प्रशिक्षण अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी में नए नए लोग आ रहे हैं। भाजपा वैचारिक पार्टी है। संगठन के क्रिया कलापों से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक प्रेमपाल धनगर, हेमंत उपाध्याय, नगर अध्यक्ष आजाद जैन, दीपक चौधरी, संजय परमार, दुष्यंत जादौन, लोकेश जादौन, रूपेश शुक्ला, सुशील पौनियां, दीपक राजौरिया, हरीश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई का गठन, विवेक शर्मा बने अध्यक्ष

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**टूण्डला-** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील टूण्डला इकाई का गठन स्टेशन रोड़ स्थित होटल जे.एस में मंडल अध्यक्ष अखलेश सक्सेना मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पौनिया एवं मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से विवेक शर्मा को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं अरुण रावत को संरक्षक,संजय पचौरी को उपाध्यक्ष तथा सुनील गर्ग को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित पत्रकारों एवं सदस्यों ने स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने तथा पत्रकार हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना ने बताया कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय लेबल पर कार्य कर रही है, जिसमे 12 राज्यों में संगठन की कार्यकारिणी घोषित हो चुकी है, उत्तर प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी गठित है। जिलाध्यक्ष ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन पत्रकारों के हितों में लगातार आवाज उठाती रही है, और उठा रही है, मंडल उपाध्याय सोमेंद्र पोनियां ने कहा कि संगठन ने हाल ही मे प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह के आह्वान पर पूरे प्रदेश में पत्रकारों के हित में 7 सूत्रीय मांगों को लेकर अभियान चलाया है, जिसके अंतर्गत सभी मंडलों में मंडलायुक्त जिलों में जिलाधिकारी व तहसील क्षेत्रों में स्थानीय विधायकों को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे गए,संगठन द्वारा इतनी बड़ी संख्या में पूरे प्रदेश से प्राप्त ज्ञापनों से मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के हित में आवश्यक कदम उठाए जाने का आश्वासन प्रदेश अध्यक्ष को दिया है। तहसील टूंडला कार्यकारिणी के संरक्षक अरुण रावत ने कहा कि पत्रकार साथी निष्पक्ष और निर्भीक होकर पत्रकारिता करें, संगठन आपके साथ हर संभव मदद को तत्पर है। बैठक में मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना, मंडल उपाध्यक्ष सोमेंद्र पोनियां, क्षेत्रपाल सिंह दिनेश सिंह मंडल संगठन मंत्री राजू उपाध्याय जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद धर्मेंद्र कुमार सिंह, तहसील टूंडला संरक्षक अरुण रावत तहसील अध्यक्ष टूंडला विवेक शर्मा,उपाध्यक्ष संजय पचौरी, अजय मिश्रा कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, रविंद्र कुमार गौतम योगेंद्र सिंह, धीरज बघेल रिंकू यादव पुष्पेंद्र बघेल संतोष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# मोहम्मदी में चोरी पीड़िता न्याय को दर-दर भटकी, एसपी से शिकायत के बाद भी नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मोहम्मदी खीरी।** थाना मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम पडरिया कोल्ड स्टोर के निकट रहने वाली साधना देवी ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का कहना है कि घर में लाखों के जेवर व नगदी चोरी होने के बावजूद अब तक न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही चोरी का खुलासा किया गया। उल्टा पुलिस परिवार को ही परेशान कर रही है। पीड़िता साधना देवी पत्नी बलस्टर सिंह के अनुसार 7 मई 2026 को सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच वह अपने पति के साथ गल्ला लेने गई हुई थीं। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के उत्तर दिशा से घुस आए और कमरे व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने के झाला, तीन पेंडिल, कमर बिछुआ, पायल समेत करीब पांच हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए।

घटना के बाद पीड़िता ने रहेरिया चौकी पर शिकायत दी थी। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस मौके पर पहुंची, जांच पड़ताल की, वीडियो बनाया और चोरी करने वालों के पैरों के निशान भी एक व्यक्ति के मकान तक देखे गए। इसके बाद कुछ लोगों को चौकी बुलाया गया लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस चोरी का खुलासा करने के बजाय उनके पति पर ही चोरी करने का आरोप लगाने लगी। जबकि घटना के समय पूरा परिवार घर से बाहर था और उनका बेटा भी बारात में गया हुआ था। पीड़िता ने कहा कि चोरी का माल बरामद करना तो दूर, पुलिस परिवार को ही धमका रही है जिससे पूरा परिवार दहशत और परेशानी में है।

न्याय न मिलने पर पीड़िता ने लखीमपुर खीरी पुलिस के पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि शिकायत के बाद भी अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। अब पीड़ित परिवार न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

## पीलीभीत में लालच देकर ईसाई बनाने का प्रयास, विश्व हिंदू परिषद ने दर्ज कारया FIR

**पीलीभीत।** नौकरी एवं शादी का प्रलोभन देकर हिंदुओं को ईसाई बनाने का प्रयास किया जा रहा था। रविवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने आरोपित अनोखे सिंह को पकड़ लिया। उससे धार्मिक साहित्य बरामद हुआ। कई ग्रामीणों ने बयान दिए कि वह पूर्व में भी गांव में घर-घर घूमकर प्रलोभन देता था। उसके विरुद्ध उप्र विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन संप्रेषण अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी लिखी गई है। विश्व हिंदू परिषद के मंडल कार्यवाह गौरव गुप्ता ने बताया कि जोगराजपुर गांव में अनोखे सिंह आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के घर जा रहा था। उन्हें धार्मिक पत्रक देते समय प्रलोभन देता कि नौकरी लगवा देगा। अविवाहित युवकों की शादी करा देगा। इसके बदले ईसाई धर्म अपनाना पड़ेगा। वह उनकी दुकान के आसपास भी लोगों को भ्रमित कर रहा था। उनके टोकने पर उन्हें भी पत्रक देकर ईसाई बनने को कहा। इसकी जानकारी पर अन्य कार्यकर्ताओं को बुला लिया गया। इसके बाद अनोखे से पूछताछ की गई। गौरव व अन्य कार्यकर्ताओं ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सीओ प्रतीक दहिया ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता आरोपित अनोखे सिंह को पकड़कर थाने लाए थे। आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। देर शाम, आरोपित का वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ।

# अवैध खनन से मोतीपुर बाढ़ सुरक्षा परियोजना पर संकट

- जौरहा नाले में लगातार हो रही बालू निकासी, बरसात में बह सकती है लाखों की सुरक्षा व्यवस्था।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिंगाही।** क्षेत्र में बहने वाला जौरहा नाला एक बार फिर अवैध खनन को लेकर सुर्खियों में है। मोतीपुर पुल के पास ग्रामीणों को बाढ़ और कटान से बचाने के लिए शासन की ओर से लाखों रुपये खर्च कर कराए जा रहे सुरक्षा कार्य अब खतरे में पड़ गए हैं। सिंचाई विभाग द्वारा नदी किनारे अपरेंन और जियो बैग लगाकर पानी की तेज धार को गांवों की ओर कटान करने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उसी क्षेत्र में लगातार हो रहा अवैध खनन पूरी परियोजना पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोतीपुर, मौका समेत आसपास के इलाके में खनन माफिया दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रालियों से बालू निकाल रहे हैं। इससे नाले का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और पानी का बहाव भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो बरसात के दौरान तेज बहाव में सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए जियो बैग, अपरेंन और अन्य सुरक्षा कार्य बह सकते हैं। इससे लाखों रुपये की सरकारी परियोजना पर पानी फिरने की आशंका है।

ग्रामीणों के मुताबिक अवैध खनन के कारण नाले के किनारे लगातार कमजोर हो रहे हैं। ऐसे में बारिश के मौसम में कटान तेज होने के साथ आसपास के गांवों पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। लोगों का कहना है कि सरकार जहां एक ओर ग्रामीणों को राहत देने के लिए सुरक्षा कार्य करा रही है, वहीं दूसरी ओर खनन माफिया उसी प्रयास को खोखला करने में जुटे हैं।



बताया जाता है कि कुछ समय पहले प्रशासन ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कई ट्रालियां जब्त की थीं, लेकिन इसके बावजूद अवैध खनन का सिलसिला नहीं थमा। ग्रामीणों ने स्थानीय स्तर पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि खनन माफिया बेखौफ होकर नदी का सीना चीर रहे हैं और जिम्मेदार विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जौरहा नाले में हो रहे अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। साथ ही बाढ़ सुरक्षा परियोजना को बचाने के लिए सख्त निगरानी कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि बरसात में क्षेत्र को कटान और संभावित बाढ़ से सुरक्षित रखा जा सके।

# धौरहरा रेंज के लालापुरवा में शातिर लकडकटटों ने प्रतिबंधित जामुन के 15 पेड़ों को काट डाला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर खीरी वन प्रभाग की धौरहरा रेंज में अवैध कटान थमने का नाम नहीं ले रहे है। धौरहरा रेंज के लालापुरवा गांव के पास में शातिर लकडकटटों ने वन विभाग व पुलिस से सांठगांठ कर प्रतिबंधित जामुन के 15 पेड़ों को बिना परमिट अवैध रूप से काट लिया है। इस अवैध कटान की शिकायत के बावजूद वन विभाग शातिर लकडकटटों के विरुद्ध कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

जानकारी के मुताबिक उत्तर खीरी वन प्रभाग की धौरहरा रेंज अवैध कटान को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। ताज़ा मामला रेंज के लालापुरवा गांव का है। जहां गांव की उत्तर दिशा में क्षेत्र के दबंग ठेकेदारोंने वन विभाग व पुलिस से सांठगांठ कर रातोंरात कीमती जामुन के 15 पेड़ों पर सरेआम आरा चला दिया। इस अवैध कटान को लेकर ग्रामीणों ने वन विभाग के अफसरों से शिकायत की, लेकिन वन वन ने कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा। तब ग्रामीणों की सूचना पर मीडियाकर्मियों ने क्षेत्रीय वन दरोगा आरके सिंह से बात की तो पहले तो उन्हें कोई जवाब देते नहीं बना तथा इधर उधर की हांकने लगे। बाद में वन दरोगा आरके सिंह ने कहा कि उनके क्षेत्र में कोई भी अवैध कटान नहीं हुआ है। जबकि इस बाबत धौरहरा रेंजर से संपर्क किया गया, लेकिन रेंजर साहब ने भी फोन उठाने की जहमत तक नहीं उठाई। फिलहाल अब देखना यह है कि क्या उत्तर खीरी डीएफओ इस अवैध कटान को स्वतः संज्ञान लेते हुए अपने भ्रष्ट अफसरों व शातिर लकडकटटों के विरुद्ध क्या कार्रवाई करते है। इससे पूर्व भी कुछ दिन पहले लकडी माफियाओं ने धौरहरा रेंज के लालजीपुरवा गांव के पास




सागौन के 5 पेड़ों के परमिट की आड में अधिक पेड़ों को काट डाला था, इस अवैध कटान में भी धौरहरा रेंजर ने कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की थी। ज्ञात हो कि जहां एक ओर सरकार वृक्षारोपण अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर वन विभाग की मिलीभगत से आम,व जामुन जैसे बेशकीमती पेड़ों का कटान किया जा रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## शादी से पहले खूनी संघर्ष से दहला परिवार, पीड़ित ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप

**26 मई को है घर में शादी, सुरक्षा की मांग को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचा पीड़ित परिवार**

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के गिराई गांव में हुए खूनी संघर्ष के बाद पीड़ित परिवार दहशत के साये में जीने को मजबूर है। शादी समारोह से ठीक पहले हुई हिंसक घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन पर समय रहते कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है। घायल पक्ष के राहुल कुमार सरोज ने बताया कि उनके घर में 26 मई को शादी समारोह होना है। आरोप है कि विपक्षी पक्ष लगातार शादी में विघ्न डालने तथा परिवार को धमकाने का प्रयास कर रहा था। इसी आशंका को लेकर उन्होंने 22 मई को थाना गोपीगंज में लिखित तहरीर देकर सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन पुलिस ने उन्हें चौकी भेज दिया और कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। राहुल सरोज का कहना है कि स्थानीय स्तर पर सुनवाई न होने पर उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भदोही से भी शिकायत की। वहां से मामला दोबारा थाना भेजा गया, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। पीड़ित पक्ष के अनुसार 24 मई को विपक्षी पक्ष के दर्जनों लोग घातक हथियारों के साथ उनके दरवाजे पर पहुंच गए और हमला बोल दिया। मारपीट में परिवार के कई सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और बाद में ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया गया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उपचार के बाद जब वे थाना गोपीगंज मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे तो उन्हें वहां से भगा दिया गया। इसके बाद उन्होंने पुनः पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत की। आरोप है कि एसपी कार्यालय से प्राप्त रसीद लेकर जब वे थाना पहुंचे तो पुलिसकर्मियों ने रसीद लेने से भी इंकार कर दिया। घटना के बाद परिवार में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शादी की तैयारियों के बीच पूरा परिवार सहमा हुआ है और प्रशासन से सुरक्षा तथा निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## बाइक ट्रैक्टर की टक्कर में युवक की मौत दूसरा गंभीर रुप से घायल अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम ट्रैक्टर चालक फरार

**मौत की सूचना लगते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।**



**हलिया मीरजापुर।** ड्रमड़गज थाना क्षेत्र में रविवार को हलिया ड्रमड़गज मार्ग पर गलरा गांव के पास बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने टक्कर हो गया। इस हादसे में बाइक सवार की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गया जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद अज्ञात ट्रैक्टर चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक सवारो को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेजा। गलरा गांव निवासी 25 वर्षीय रवि शंकर अपने 24 वर्षीय साथी राजू के साथ बाइक से प्रयागराज जिले के कोरांव से घर लौट रहे थे गलरा गांव मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर से उनकी बाइक टकरा गई। मौके पर पहुंचे पुलिस वालों ने घायलों को पीएससी हलिया पहुंचाया वहा पर डॉक्टर विमल सिंह ने राजू को मृत घोषित कर दिया। बाइक चालक रवि शंकर की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मंडली चिकित्सालय रेफर कर दिया गया मृतक राजू दो भाइयों में छोटा और अविवाहित था वह क्षेत्र के रतेह गांव स्थित एक पेट्रोल पंप पर रविशंकर के साथ सेल्समैन का काम करता था।

# गंगा दशहरा, बकरीद त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्ण, संपन्न कराने के दृष्टिगत डीएम, एसपी ने विभिन्न धर्म गुरुओं, संभ्रांतजनों के साथ की पीस कमेटी की बैठक

**● परंपरागत ढंग से मनाए त्यौहार, किसी भी नई परंपरा की शुरुआत न करें -जिलाधिकारी**

**किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो-एसपी**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार व पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी गंगा दशहरा, बकरीद त्यौहारों को सकुशल शांतिपूर्ण, भाईचारे, प्रेम, एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस,थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनपद के प्रत्येक थाना क्षेत्र से आए हुए पीस कमेटी के सदस्यों एवं संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की गई। जिलाधिकारी ने कहा की सभी उप जिलाधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पीस कमेटी की बैठक सुनिश्चित कर लें। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों एवं नगर पालिका तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों एवं अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को गंगा दशहरा के दिन लगने वाले मेले /स्नान पर्व को देखते हुए सभी नदी एवं बड़े तालाबों के तटों पर स्थित घाटों एवं मंदिरों की साफ सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीतामढ़ी, रामपुर, सेमराधनाथ धाम मंदिर सहित घाटों पर जाने वाले मार्गो एवं मंदिर मार्गो की सफाई एवं चूना छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि नदी घाटों की गहराई को देखते हुए गोताखोर, रस्सी, नाव आदि की व्यवस्था स्नान वाले दिन सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्रयोग में लाया जा सके। जिलाधिकारी ने ईद उल अजहा (बकरीद) के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए धर्मगुरु, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से सहयोग का आह्वान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि त्यौहार में किसी प्रकार की नई परंपरा की शुरूआत नही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न दी जाए तथा कोई भी कुर्बानी खुले में न हो। सूअर को बाड़े कें अंदर बंद रखा जाए। ड्रिंक एंड ड्राइव व ओवर स्पीड ना करें। जिलाधिकारी ने समस्त धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें तथा किसी भी प्रकार की सोशल मीडिया की अफवाहों से दूर रहे, जिससे त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि यदि कोई सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह फैलता है तो तत्काल उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि कुर्बानी के उपरांत अपशिष्ट/अवशेष पदार्थों को खुले में न डाला जाए। उन्होंने कहा कि अपशिष्ट पदार्थो को निर्धारित गहराई तक गड्ढा खोदकर डिस्पोजल करें। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि नमाज के मुख्य मार्गो का स्थलीय निरीक्षण कर झुके विद्युत पोल एवं जर्जर विद्युत तारों को समय रहते दुरुस्त करना सुनिश्चित करें तथा त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था रहे। उन्होंने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर एवं मस्जिदों के पास प्रत्येक दशा में साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है, वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें, इन कार्यो में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति-सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शरारती तत्वों को आवश्यक धाराओं में समय रहते पाबंद करना सुनिश्चित करें। त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चूना डालकर उचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाए। भीषण गर्मी के दृष्टिगत अपशिष्ट का डिस्पोजल व साफ सफाई बेहतर तरीके से किया जाए, नहीं तो फूड प्वाइजनिंग की खतरे की संभावना बनी रहेगी। शासन के निर्देशानुसार सड़क पर नवाज न हो। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थाना अध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें, जिससे किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक सवेंदनशील मामलों में माहौल खराब करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन व पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शुभांगी शुक्ला, अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पांडेय, परियोजना निदेशक आदित्य, समस्त एसडीएम/सीओ सहित संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न धर्मो के धर्मगुरू, संभ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहे।

# मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ हुआ संगीत कार्यशाला का समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में सोमवार को पाँच दिवसीय कार्यशाला 'पूर्वी लोकगीत इतिहास, समाज और संगीत (मीरजापुर के विशेष संदर्भ में ' के पांचवें दिन समापन सत्र का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या प्रो माधवी शुक्ला ने किया। उन्होंने कहा कि लोक गीतों में लोगों के सुख-दुख,प्रेम,उत्सव, श्रम और सामाजिक जीवन का सहज चित्रण मिलता है। ये मन को आनंद और शांति प्रदान करते हैं तथा सामूहिकता और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाते हैं।मुख्य प्रशिक्षक प्रो संगीता सिंह वाद्य विभाग संगीत एवं मंच कला संकाय काशी हिंदू विश्वविद्यालय ने पूर्वी लोकगीतों की सांस्कृतिक परंपरा एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोक गीतों के माध्यम से नैतिक शिक्षा,सामाजिक मूल्य और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण होता है। लोक गीत मानव जीवन को भावनात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनाते हैं। इस दौरान उनके शोध।छात्र-छात्राओं प्रिया मिश्रा,श्रेया मिश्रा, लसुधीर कुमार गौतम,हिमांशु वर पुजारी एवं सुहासिनी शर्मा ने विद्यार्थियों को कजरी,चैती एवं गंगा दशहरा सहित विभिन्न लोकगीतों का अभ्यास कराया।कार्यक्रम संयोजक प्रो कुसुम लता ने कार्यशाला की संक्षिप्त आख्या प्रस्तुत की।इसी क्रम में लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें विभिन्न समूहों के छात्र-छात्राओं ने लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी ।ग्रुप ए में जान्हवी मोदनवाल,उजाला कुमारी एवं आसिया ने प्रस्तुति दी। ग्रुप बी में आँचल मौर्या,कशिश मौर्या,प्रीति,काजल कुशवाहा एवं वर्षा सोनी ने सहभागिता की।ग्रुप सी में आकांक्षा दुबे,उज्जवल,रोशनी विश्वकर्मा,अंशिका मोदनवाल एवं काजल ने अपनी प्रस्तुति दी।वहीं ग्रुप डी में रोहित कुमार,सतीष वर्मा,अभय यादव, सुदीप,बृजेश कुमार एवं विशाल शर्मा ने लोकगीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।इसके पश्चात प्रो संगीता सिंह एवं उनकी टीम द्वारा सितार वादन की आकर्षक प्रस्तुति दी गई,जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।कार्यक्रम का संचालन डॉ विद्या सिंह ,धन्यवाद ज्ञापन भातखण्डे कल्चरल प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो कुसुम लता ने प्रस्तुत किया।इस अवसर पर डॉ चन्दन साहू, डॉ रजनीश,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ संकठा प्रसाद सोनकर,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ दीप नारायण,डॉ अरुणेश कुमार,डॉ अरविन्द कुमार,डॉ सत्येन्द्र कुमार,डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ नलिनी सिंह,डॉ दीपक कुमार,डॉ शैलेन्द्र कुमार,डॉ शिव कुमार,डॉ अमित यादव,डॉ रीता मिश्रा,डॉ शिखा तिवारी,डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ गुरु प्रसाद,धर्मचंद्र,धर्मेन्द्र सिंह, रामकेश सोनकर सहित शोधार्थियों एवं लगभग 30 विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# सचिवों ने खण्ड विकास अधिकारी सीखड़ के खिलाफ खोला मोर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ मीरजापुर** विकास खण्ड अधिकारी सीखड़ राम जी मिश्रा के खिलाफ ग्राम विकास अधिकारी व सचिवों द्वारा उत्पीड़न व अभद्रता करने के आरोप लगते हुए एडीओ पंचायत अरूण मिश्रा के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्रक भेज कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार सीखड़ विकास खण्ड में कार्यरत खण्ड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा अपने अधिनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं जिसको लेकर ग्राम पंचायत सचिवों ने जिलाधिकारी सहित जिले के आला अधिकारियों से पत्रक भेज कर कार्रवाई करने की मांग की है। वही महिला सचिवों ने खण्ड विकास अधिकारी पर संगीन आरोप लगाते हुए अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने तथा अभद्रता पूर्वक व्यवहार करने का आरोप लगाया है। सचिवों ने बताया कि हर काम के पीछे खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सुविधा शुल्क की मांग की जाती है न देने पर शोषण किया जाता है। वही महिला सचिवों को नाम से न पुकार कर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं तथा मानसिक उत्पीड़न आयें दिन करते रहते हैं।वही खण्ड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा ने बताया कि सचिवों द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार है। सचिवों को ग्राम पंचायत में उपस्थित रहने के लिए आदेशित किया जा रहा है अनुपस्थिति रहने पर वेतन रोकने का नोटिस जारी किया है,जिसके वजह से सचिवों द्वारा मेरे ऊपर आरोप लगाएं जा रहें हैं।

# खनन विभाग की टीम ने ओवरलोड बालू लदा हाइवा किया सीज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बालू से लदे एक ओवरलोड हाइवा को सीज कर दिया। कार्रवाई के बाद ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। लालगंज क्षेत्र के दुबार चौकी के पास लालगंज-दीपनगर मार्ग पर खनन विभाग की टीम ने सोमवार को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान क्षमता से कई गुना अधिक बालू लाद कर जा रहे एक हाइवा( क्क24त्तष्ठ3610 )को रोककर जांच की गई। साथ ही कागजात भी सही नहीं मिले। इसके बाद टीम ने हाइवा को कब्जे में लेकर सीज कर स्थानीय पुलिस चौकी को सुपुर्द कर दिया। बताया गया कि लालगंज और आसपास के मार्गो पर लंबे समय से ओवरलोड वाहनों के संचालन की शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए खनन विभाग की टीम सक्रिय हुई कार्रवाई की गई। अधिकारियों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के कारण सरकार को राजस्व का नुकसान होता है। वहीं सड़कों को भी भारी क्षति पहुंचती है तथा सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध ओवरलोडिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दिया निर्देश, दुकानों पर मुफ्त पानी की व्यवस्था अनिवाय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सुरियावां क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ.ताबिन्दा ने जनपद के सभी चाट, पकौड़े, मिठाई, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को अपने प्रतिष्ठानों पर ग्राहकों के लिए पर्याप्त मात्रा में निशुल्क पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के इस मौसम में लोगों को राहत देना दुकानदारों की सामाजिक जिम्मेदारी भी है और किसी भी ग्राहक को मजबूरी में पानी की बोतल खरीदने के लिए विवश नहीं किया जाना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पाया कि कुछ दुकानदार पानी की बोतल की बिक्री बढ़ाने के उद्देश्य से मटका, सुराही या अन्य बर्तनों में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं रख रहे हैं। इसके कारण ग्राहकों, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को महंगा पैक्ड पानी खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने इसे उपभोक्ता हितों के विपरीत बताते हुए सभी दुकानदारों को तत्काल पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानों और रेस्टोरेंटों पर साफ-सुथरे बर्तनों में ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध रहना चाहिए, ताकि ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही पानी रखने वाले बर्तनों की नियमित सफाई और स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. ताबिन्दा ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा। यदि किसी प्रतिष्ठान पर ग्राहकों के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं पाई गई तो संबंधित दुकानदार या संचालक के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस पहल का आम लोगों ने स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि भीषण गर्मी में मुफ्त पेयजल की व्यवस्था से राहगीरों और ग्राहकों को काफी राहत मिलेगी।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में डीएम ने निर्माण कार्यो में तेजी लाने के दिए निर्देश

**● जल जीवन मिशन की सुस्त प्रगति पर डीएम सख्त, खराब आईजीआरएस स्थिति पर एजेंसियों को कड़ी फटकार**

**● पेयजल परियोजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम शैलेष कुमार ने कार्यदायी संस्थाओं को लगाई कड़ी फटकार**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, जलापूर्ति व्यवस्था, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता तथा शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ने अवगत कराया कि जनपद में कुल 399 पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था वेलस्पन एवं मेसर्स जी.ए. इंफ्रा द्वारा कराया जा रहा है। इन परियोजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुल 399 परियोजनाओं के सापेक्ष 222 परियोजनाओं से 452 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति प्रारंभ कर दी गई है, जबकि शेष परियोजनाओं पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को समय से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी योजना है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की भी समीक्षा की गई। एजेंसी वेलस्पन एवं मेसर्स जी.ए. इंफ्रा की खराब आईजीआरएस स्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराज़गी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाओं के विरुद्ध शासन को पत्र प्रेषित किया जाए तथा शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण को सुनिश्चित कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जलापूर्ति योजनाओं के संचालन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित स्थलीय निरीक्षण करने, निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग बढ़ाने तथा ग्राम स्तर पर पेयजल आपूर्ति की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, संबंधित विभागीय अधिकारी, जल निगम के अभियंता एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लालगंज तहसील में फर्जीवाड़ा का लंबा खेल फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर कोटा का किया गया है आवेदन।

**●ग्रामीणों के शिकायत पर खुलने लगा फर्जी वाड़ा का पोल।**






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मीरजापुर।** लालगंज तहसील क्षेत्र के महुगढ़ी गांव में कोटेदार की मौत के बाद अनुकंपा आवेदक शिवम पुत्र सुखराम ने आवेदन किया है। जो शासनादेश के विरुद्ध है। अर्थात 45 दिन के बाद आवेदन किया गया है। आवेदक शिवम कक्षा आठवीं कंपोजिट विद्यालय महुगढ़ी सन 2017 में उत्तीर्ण किया है। जिसका जन्म तिथि 08/07 /2003 दर्ज है। आवेदक शिवम का जन्म तिथि आधार में 01/01/2005 दर्ज है। आवेदक शिवम पुत्र सुखराम का परिवार रजिस्टर में जन्मतिथि 10/04/2005 दर्ज है। आवेदक शिवम ने बेसिक शिक्षा परिषद की हिंदी माध्यम से तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित विषयों के साथ कक्षा आठवीं उत्तीर्ण किया है। जिसमें उर्दू नहीं है। आवेदक शिवम ने अचानक 7 वर्षो में उर्दू भाषा व विषय से कक्षा 9वी तथा कक्षा दसवीं सन 2024 में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर लिया। आवेदक शिवम पुत्र सुखराम जामिया उर्दू अलीगढ़ से अदीब का सर्टिफिकेट प्राप्त किया जो असंभव लगता है। आवेदक शिवम पुत्र सुखराम जो संस्था से अदीब का सर्टिफिकेट प्राप्त कर पूर्ति विभाग लालगंज मिर्जापुर में जो प्रस्तुत किया है गैर मान्यता प्राप्त है तथा उच्च न्यायालय द्वारा अवैध माना गया है। आवेदक शिवम पुत्र सुखराम निवासी महुगढ़ी ने अवैध तरीके से अवैध संस्था से अदीब की सर्टिफिकेट उर्दू भाषा से प्राप्त कर जो दस्तावेज पूर्ति विभाग लालगंज में जमा किया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ना तो मान्यता है और ना तो अदीब के सर्टिफिकेट को समकक्षता की ही मान्यता देता है। आवेदक शिवम पुत्र सुखराम ठीक से हिंदी नहीं लिख पाता वह उर्दू मान्यता से अदीब की सर्टिफिकेट 2024 में जामिया उर्दू अलीगढ़ से नाजायज तरीके से प्राप्त किया है। आवेदक शिवम पूर्ति विभाग लालगंज मिर्जापुर में जो दस्तावेज दिया है उसके कक्षा आठवीं तथा कक्षा नवी का अंक पत्र क्यों नहीं जमा किया है इन सारे तथ्यों को देखने तथा आवेदक के जन्म तिथि भिन्नता गहरी जांच का विषय है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया कि तहसील पर बैठे कर्मचारी खुद नहीं देख पाते हैं पेपर उल्टा सीधा कागज पर नियुक्ति करने का करते हैं प्रयास ग्रामीणों का मानना है कि कहीं ना कहीं सरकारी कर्मचारी भी फर्जीवाड़ा में सम्मिलित होते हुए नजर आ रहे हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत पतार कला गांव में चौराहे के समीप सोमवार को दोपहर में टीन सेट की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से दुकान का लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार जयकर गांव निवासी श्याम नारायण पतार कला चौराहे पर टीन सेट में किराना और जनरल स्टोर का दुकान है। गैस पर चाय बनाते समय संदिग्ध परिस्थितियों अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख अफरा-तफरी मच गई। तत्काल फायर ब्रिगेड व पीआरबी 112 को सूचना दी गई। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयास के बाद आग बुझाई। लेकिन तब तक दुकान में रखा सारा सामान जल चुका था। श्यामनरायण ने बताया कि आग में दो मोटरसाइकिल, फ्रिज , पंखा और दुकान मे रखा सारा सामान जल कर खाक हो गया लगभग तीन लाख का नुकसान हो गया है । वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद यादव ने लेखपाल को इसकी सूचना दे दी है ।

## संक्षिप्त खबरें

### बकरा ईद को लेकर नैनी कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**नैनी, प्रयागराज।** नैनी कोतवाली परिसर में सोमवार को बकरा ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने की।बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापार मंडल पदाधिकारी एवं विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान सभी चौकी प्रभारी भी मौजूद रहे।बैठक में पर्व के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने, कानून व्यवस्था मजबूत रखने तथा अफवाहों से बचने की अपील की गई। इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है।बैठक में अध्यक्ष नैनी व्यापार मंडल सुभाष चन्द्र केसरवानी, पार्षद राकेश जायसवाल, महामंत्री घनश्याम जायसवाल, समाजसेवी नाजिम खान, अशरफ अली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित।

### पत्नी की हत्या कर फरार आरोपी गिरफ्तार




**प्रयागराज।** थाना पूरामुफ्ती पुलिस ने पत्नी की हत्या के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को फतेहपुर घाट से टिकरी जाने वाली सड़क पर महुआ के बगीचे के पास से दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना पूरामुफ्ती में दर्ज मुकदमा संख्या 61/26 धारा 85/103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शाह मोहम्मद पुत्र स्वर्गीय सदलू निवासी ग्राम बमरौली थाना पूरामुफ्ती, जनपद प्रयागराज को रविवार 25 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की उम्र लगभग 38 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने 24 मई 2026 को घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरामुफ्ती पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया।

### हण्डिया पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार




**प्रयागराज।** हण्डिया पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में फरार चल रहे एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने आरोपी को थाना क्षेत्र के भेसकी स्थित नहर पुलिया के पास से पकड़कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना हण्डिया में पंजीकृत मु0अ0सं0-245/2026 धारा 64(1), 351(2), 352, 333 भारतीय न्याय संहिता तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त श्याम सुन्दर पटेल उर्फ यश पटेल पुत्र रामचन्द्र पटेल उर्फ चन्दे निवासी ग्राम सरायमंसूर थाना हण्डिया को रविवार 25 मई 2026 को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने दुष्कर्म करने तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर थाना हण्डिया में मुकदमा दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस टीम को सूचना मिली कि आरोपी थाना क्षेत्र के भेसकी नहर पुलिया के पास मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय भेजते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त श्याम सुन्दर पटेल उर्फ यश पटेल की उम्र करीब 20 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक साक्ष्य संकलित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जमीन के विवाद में बड़े भाई की निर्मम हत्या,में सगा भाई व दो महिलाएं गिरफ्तार

**● मऊआइमा पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा, कुल्हाड़ी और बसुला बरामद किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के बादलपुर (कहली) गांव में जमीन और रास्ते के विवाद ने शनिवार को खूनी रूप ले लिया। मुंबई से घर लौटे 45 वर्षीय संतोष विश्वकर्मा की उनके ही सगे भाई और परिवार के अन्य लोगों ने धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। घटना के दूसरे दिन रविवार को पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में मृतक का छोटा भाई विनोद कुमार और दोनों भाइयों की पत्नियां शामिल हैं। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा, कुल्हाड़ी और बसुला भी बरामद कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपित अशोक और उसका पुत्र रोहित अभी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार बादलपुर (कहली) निवासी नंदलाल विश्वकर्मा के चार पुत्रों में सबसे बड़े संतोष विश्वकर्मा मुंबई में रहकर फर्नीचर का कारोबार करते थे। शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे वह मुंबई से अपने गांव पहुंचे थे। इसी दौरान छोटे भाइयों अशोक और विनोद ने उनसे घर तक आने-जाने के लिए दस फीट जमीन रास्ते के रूप में छोड़ने की मांग की। संतोष द्वारा जमीन देने से इनकार करने पर विवाद बढ़ गया। परिजनों के मुताबिक कहासुनी के दौरान अशोक, विनोद और उनके परिवार के लोगों ने संतोष पर फावड़ा, कुल्हाड़ी और बसुला से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल संतोष की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

मृतक की पत्नी अर्चना विश्वकर्मा की तहरीर पर पुलिस ने अशोक, उसकी पत्नी नीलम, विनोद, उसकी पत्नी नीलम तथा रोहित पुत्र अशोक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया। रविवार भोर में थाना



प्रभारी राममूर्ति यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कंचनपुर मोड़ के पास से विनोद कुमार, उसकी पत्नी नीलम तथा अशोक की पत्नी नीलम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपित विनोद कुमार ने बताया कि उसका भाई अशोक कई वर्षों से घर बनाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन बड़े भाई संतोष इसका विरोध करते थे। आरोपित के अनुसार दोनों भाइयों का परिवार संतोष के मकान के पीछे छप्पर डालकर रह रहा था और घर निर्माण के लिए नींव खोदी जा रही थी। संतोष लगातार इसका विरोध कर रहे थे और मुंबई से फोन कर भी निर्माण कार्य बंद करने को कहते थे।

### सलिल विश्नोई के सौजन्य से विकास कार्यों का लगातार शिलान्यास



**कानपुर।** माहेश्वरी मोहाल वार्ड के बंगाली मोहाल में विधायक सलिल विश्नोई के सौजन्य से नई सीवर लाइन के कार्य का शिलान्यास दीपा शर्मा (पत्नी स्व0 पार्षद दीपक शर्मा) द्वारा किया गया। क्षेत्रीय नागरिकों की सुविधा के लिए आज दिनांक 25 मई 2026 को माहेश्वरी मोहाल वार्ड के बंगाली मोहाल (लाला लाजपत राय पार्क के पीछे) विधायक सलिल विश्नोई जी के सौजन्य से डलवाई जाने वाली नई सीवर लाइन का शिलान्यास दीपक शर्मा (पत्नी स्व0 पार्षद दीपक शर्मा) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती दीपा शर्मा के साथ प्रकाश शर्मा (पूर्व संयोजक, बजरंग दल), पार्षद अमित गुप्ता, वार्ड अध्यक्ष आशीष मिश्रा, युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष नीरज ओमर, मोहित गुप्ता, आशीष माहेश्वरी, प्रखर तिवारी, सीमा सिंह, आकाश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद की गोविष्ट यात्रा का भव्य स्वागत, दिलाया गोरक्षा का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गो एलएक्स ऐप की शुरुआत के बाद प्रयागराज में गोरक्षा का संकल्प लेते हुए गोविष्ट यात्रा आरंभ की। प्रयागराज शहर से शुरू हुई यह यात्रा यमुनापार स्थित नैनी लेप्रोसी चौराहे पहुंची। वहां से यात्रा नैनी के विभिन्न चौराहों से जैसे की काटर मिल, सब्जी मंडी, आदि जगह से गुजरते हुए मिर्जापुर राजमार्ग स्थित रामपुर तिराहे पर पहुंची,जहां श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने शंकराचार्य को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया तथा जयकारों के बीच उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। 'हर हर महादेव' और 'जय श्रीराम' के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

इस अवसर पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने गौमाता के संरक्षण को लेकर लोगों को गोरक्षा का



संकल्प दिलाया और गौसेवा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और गौसेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए तथा आने वाली पीढ़ियों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।कार्यक्रम त्रिभुवन चौरसिया के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान संकू चौरसिया,चुचु जायसवाल, सहजहदुल एडवोकेट, मोहित पांडे, प्रांजल केसरवानी, डॉ. अफजल, आकाश द्विवेदी, बंटू यादव, कुलदीप यादव उर्फ मोनू सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में बिना पंखे के चल रहा आंगनबाड़ी केन्द्र, बच्चों का हाल बेहाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के अरैल स्थित सच्चा बाबा नगर तपस्वी आश्रम के समीप संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में भीषण गर्मी के बीच बच्चों के लिए पंखे जैसी मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं है।चिलचिलाती धूप और उमस भरी गर्मी में छोटे-छोटे बच्चों को बिना पंखे के कमरे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है, जिससे उनकी सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र के कमरे के अंदर गर्मी से हालात बेहद खराब हैं। बच्चों को गर्मी के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

आंगनबाड़ी केन्द्र, के आस पास गंदगी का अंबार भी लगा हुआ है जिसमे लोगों



को दुर्गंध महसूस होती है। इस संबंध में जब केन्द्र की सहायक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।, जिससे लोगों में नाराजगी व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि बच्चों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल पंखे एवं अन्य जरूरी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि भीषण गर्मी में बच्चों को राहत मिल सके और उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो।

### स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 39वीं पुण्यतिथि ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई जाएगी




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन भदोही द्वारा 27 मई, बुधवार को सुबह 9:00 बजे स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल जी, संस्थापक की 39वीं पुण्यतिथि ग्रामीण पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन आदर्श बाल निकेतन जूनियर हाई स्कूल, जयरामपुर घोसिया, औराई के प्रांगण में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका गोपीगंज के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता होंगे। इस अवसर पर मंडल, जिला सहित तहसील के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिला अध्यक्ष अमृतलाल अग्रहरि ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समय से पहुंचने का आह्वान किया है।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार, लाइसेंसी रिवाल्वर समेत लाखों के जेवर बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**करैली/प्रयागराज।** थाना करैली पुलिस और SOG नगर की संयुक्त टीम ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के पीली धातु के आभूषण, एक लाइसेंसी रिवाल्वर .32 बोर, 36 कारतूस, एक आईफोन और नकदी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना करैली में पंजीकृत मु0अ0सं0 101/2026 धारा 331(4)/305(ए)/317(2) बीएनएस के तहत दर्ज चोरी के मुकदमे में कार्रवाई करते हुए मुखबिर की सूचना पर रविवार 25 मई 2026 को मुर्गा दरबार कछार क्षेत्र से तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में इस्माइल शेख उर्फ पुल्लू पुत्र जैरव शेख, नदीम उर्फ लड्डू पुत्र सेबू शेख तथा खजमुद्दीन शेख उर्फ छोटू उर्फ कल्लू पुत्र जाहिर शेख शामिल हैं। तीनों वर्तमान में थाना करैली क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे थे तथा मूल रूप से साहेबगंज जनपद, झारखंड के निवासी बताए गए हैं।

**किराये के मकान में हुई थी चोरी**

मामले में वादी एखलाक अहमद निवासी मोहतिशिमगंज, थाना करैली ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके किराये के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। सूचना के बाद करैली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और स्व्हत्त नगर टीम के साथ मिलकर आरोपियों की तलाश शुरू की।

**दिन में रेकी, रात में वारदात**

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया




कि वे दिन में कबाड़ बीनने और ई-रिक्शा चलाने के बहाने विभिन्न मोहल्लों और कस्बों में घूमते थे। इस दौरान बंद पड़े मकानों की रेकी करते थे और रात में मौका देखकर ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। चोरी के बाद वे सामान को छिपाने या बेचने के लिए अपने गृह राज्य झारखंड भाग जाते थे। चोरी से मिले पैसों से ही अपना खर्च चलाते थे।

# गर्मी में हर गांव तक पहुंचे स्वच्छ जल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने सोमवार को जल जीवन मिशन की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश दिए कि भीषण गर्मी को देखते हुए अधिक से अधिक गांवों तक स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में सीडीओ ने निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर विद्युत संयोजन लंबित हैं, वहां संबंधित कार्यदायी संस्थाएं तत्काल धनराशि जमा करें। साथ ही अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिया गया कि विद्युत संयोजन की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराई जाए, ताकि पेयजल योजनाओं का संचालन प्रभावित न हो।

उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं के लिए अभी तक भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है, उनका निस्तारण जिला समन्वयक एवं अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे के माध्यम से एसडीएम स्तर की बैठक कराकर कराया जाए। बैठक में कार्यदायी संस्था एलसी इंफ्रा को क्षेत्र से प्राप्त हो रही पानी लीकेज एवं मोटर खराब होने की शिकायतों का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए गए। वहीं कार्यदायी संस्थाएं वीपीआरपीएल एवं गाजा को सितंबर माह तक इंटेक वेल, डब्ल्यूटीपी



तथा सीडब्ल्यूआर से संबंधित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए कहा गया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, जिला समन्वयक डीपीएमयू तथा विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बहरिया थाने में पीस कमेटी की बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** बहरिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना, आपसी सौहार्द को मजबूत करना तथा आगामी त्योहारों और सामाजिक आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना रहा। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों को साझा करने से बचें। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।




बैठक में मौजूद लोगों ने भी अपने सुझाव रखे और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। थानाध्यक्ष ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि जनता और पुलिस के बीच बेहतर संवाद से ही अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था मजबूत हो सकती है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी को लेकर भी चर्चा की। बैठक के अंत में सभी लोगों ने क्षेत्र में अमन-चैन और भाईचारा बनाए रखने का संकल्प लिया।

### पनकी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, तीन शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद

**कानपुर।** कमिश्नरेट के पश्चिम जोन में अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। डीसीपी वेस्ट एस.एम. कासिम आबिदी के पर्यवेक्षण और एसीपी पनकी मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में पनकी पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का खुलासा कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपी और एक बाल अपचारी शामिल है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विपिन कमल (19 वर्ष), प्रेम (18 वर्ष) और रमन उर्फ नमन (15 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों ने पनकी पावर हाउस मार्केट में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया है। बरामदगी में 2 छोटी परात, 4 बड़ी थाली, 10 मीडियम थाली, 3 छोटी थाली, 2 लोटा, एक मीडियम कटोरा, एक बड़ा कटोरा, एक छोटी कटोरी, 2 मीडियम कटोरा, एक प्लेट (सभी पीतल के) तथा एक कांसे का लोटा शामिल है। बरामद सामान की कुल कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई जा रही है।

# नौतपा आज से शुरू, दोपहर 3:37 पर सूर्य का बड़ा गोचर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बीते एक-दो महीनों से जारी गर्मी अब और भी विकराल रूप लेने वाली है. आज यानी 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है, ये 2 जून तक जारी रहेगा। नौतपा यानी खतरनाक ताप वाली गर्मी के नौ दिन। हिंदू पंचांग के मुताबिक इन दिनों में ग्रहों की स्थिति ऐसी होती कि सूरज की किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं। इससे तापमान बढ़ने लगता है।दोपहर 3:37 पर सूर्य के बड़े गोचर के साथ यह दौर और भी अहम माना जा रहा है. मान्यता है कि अगले 9 दिन तीव्र गर्मी के साथ धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद संवेदनशील होते हैं. ऐसे में क्या करें और क्या नहीं? साथ ही इन नियमों और परंपराओं का ध्यान रखें और इन 9 दिन क्या दान करना पुण्यदायी रहेगा।

भीषण गर्मी और तेज धूप के लिए प्रसिद्ध नौतपा आज से शुरू हो गया है. वैदिक ज्योतिष गणना के अनुसार, ग्रहों के राजा सूर्यदेव आज दोपहर 3 बजकर 37 मिनट पर शीतल चंद्रमा के रोहिणी नक्षत्र में गोचर करने जा रहे हैं. इसी के साथ नौ दिनों तक चलने वाले नौतपा का आरंभ माना जाएगा. धार्मिक और वैज्ञानिक दृष्टि से नौतपा का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इन नौ दिनों में सूर्य की तपिश सबसे अधिक होती है और इसका प्रभाव मौसम, कृषि और मानव जीवन पर पड़ता है. ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है तब पृथ्वी पर गर्मी अपने चरम पर पहुंचती है. अगर नौतपा के दौरान तेज गर्मी पड़ती है तो आने वाले मानसून में अच्छी बारिश होने की संभावना बढ़ जाती है. किसानों के लिए भी यह समय बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि अच्छी वर्षा से खेती को लाभ मिलता है.

धार्मिक मान्यता के अनुसार, नौतपा के दौरान सूर्यदेव की पूजा करने और जल अर्पित करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है. इन दिनों में तप, दान और सेवा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है. कहा जाता है कि सूर्यदेव की कृपा से स्वास्थ्य अच्छा रहता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है. पंडितों के अनुसार, नौतपा में सुबह जल्दी




उठकर स्नान करना और सूर्य को तांबे के लोटे से जल अर्पित करना शुभ माना जाता है. जल अर्पित करते समय ? घृणि सूर्याय नमः मंत्र का जाप करने से मानसिक शांति और ऊर्जा मिलती है.

नौतपा के दौरान शरीर को गर्मी से बचाना बेहद जरूरी माना जाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि इन दिनों अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए और हल्का भोजन करना चाहिए. घर से बाहर निकलते समय सिर को ढककर रखना लाभदायक होता है. धार्मिक दृष्टि से इन नौ दिनों में गरीबों और जरूरतमंदों को जल, छाता, सत्तू, आम, खरबूजा, तरबूज और ठंडी चीजों का दान करना शुभ माना गया है. पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना और गायों को हरा चारा खिलाना भी पुण्यदायी माना जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, नौतपा के दौरान अत्यधिक धूप में निकलने से बचना चाहिए. दोपहर के समय खाली पेट घर से बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है. तामसिक भोजन, अधिक तेल-मसाले वाली चीजें और बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दी जाती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इन दिनों जल का अपमान नहीं करना चाहिए और पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाने से बचना चाहिए. क्रोध और विवाद से दूर रहकर शांत स्वभाव बनाए रखना भी शुभ माना गया है।

वैसे तो नौतपा को कई मामलों में जरूरी माना जाता है. इससे खेतों में मौजूद हानिकारक कीड़े-मकौड़े नष्ट हो जाते हैं और फसल खराब नहीं होती। पर सेहत के लिहाज से ये नौ दिन काफी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं/ पहले से ही भीषण गर्मी के बीच नौतपा के कारण तापमान में और वृद्धि होने की आशंका है, जो लू और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं को बढ़ाने वाली हो सकती है। आमतौर पर कई इलाकों में नौतपा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला जाता है जिससे शरीर के कई अंगों पर खतरनाक असर हो सकता है. अब बड़ा सवाल ये है कि इन दिनों में सेहत का ध्यान कैसे रखें, नौतपा में बीमार होने से बचने के लिए क्या करें और क्या नहीं?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नौतपा वैसे तो सभी के लिए खतरनाक माना जाता है, पर इन दिनों में बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं और पहले से हार्ट-डायबिटीज के मरीजों को खास सावधानी रखनी चाहिए. शरीर का तापमान सामान्य से अधिक होने पर हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, जो जानलेवा भी हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, नौतपा के दौरान शरीर को ठंडा रखना, पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स वाली चीजें लेना और धूप से बचना बेहद जरूरी है. थोड़ी सी लापरवाही भी गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर सकती है.बच्चे-बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए क्योंकि उनके शरीर की तापमान नियंत्रित करने की क्षमता कमजोर होती है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 मई को आएंगे प्रयागराज

**● नगर निगम के नए सदन हॉल का करेंगे लोकार्पण, नए लोगो और विकास पुस्तिका का भी होगा विमोचन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 26 मई को प्रयागराज दौरे पर आएंगे। इस दौरान वह नगर निगम में आयोजित 'मेयर के तीन साल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। मुख्यमंत्री शाम करीब 5 बजे नगर निगम पहुंचेंगे और लगभग 45 मिनट तक विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर नगर निगम प्रशासन और जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के नवनिर्मित सदन हॉल का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही नगर निगम के नए लोगो का अनावरण तथा पिछले तीन वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित विशेष पुस्तिका का विमोचन भी उनके हाथों किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर नगर निगम परिसर में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। पूरे परिसर की साफ-सफाई कराई जा रही है, भवनों और सभागारों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा लगातार व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया जा रहा है ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। प्रयागराज के मेयर गणेश केसरवानी ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में नगर निगम ने शहर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। शहर में सड़कों के चौड़ीकरण, सफाई व्यवस्था को मजबूत करने, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर



तेजी से काम हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इन्हीं विकास कार्यों का अवलोकन करने और आगे की योजनाओं को लेकर दिशा-निर्देश देने प्रयागराज मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नगर निगम परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी, जबकि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री की प्रेरणा और सीएम के आवाहन

**» जन आंदोलन बना जल गंगा संवर्धन अभियान: संजय पाठक**

**» छपरवाह में जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित**

**ब्यूरो प्रयागराज।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक श्रमदान एवं जल संरक्षण-संवर्धन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक सहित महापौर प्रीति सूरी,निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन सहित उपस्थित जन समुदाय प्रशासनिक अधिकारियों ने छापरवाह में जल संरचना में स्वच्छता अभियान चलाय कार्यक्रम में श्रमदान उपरांत विधिवत आरती कर जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन नगरवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देशभर में जल संचय के कई सारे काम हो रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे ही स्वच्छता अभियान का आवाहन किया था उसका परिणाम आज पूरे देश में देखने को मिल रहा है ऐसे में हमारी सरकार के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन द्वारा भी प्रदेश में भू-जल स्तर को बढ़ावा देने एवं प्राकृतिक जल स्रोतों (नदियों, कुओं, तालाबों, बावड़ियों) का कायाकल्प किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान को जन आंदोलन बनते देखना सुखद अनुभूति है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती प्रीति सूरी,भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपक सोनी टंडन ने भी जल गंगा संवर्धन अभियान के महत्व को बढ़ावा देने एवं सहभागिता के लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम में विधाय संजय पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक,श्री दीपक सोनी टंडन,जिला कलेक्टर श्री आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव विश्वकर्मा, डीएफओ श्री गर्वित गंगवार, निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार सहित नगर निगम के पार्षद गण जन प्रतिनिधि एवं नागरिकों को उपस्थित रही।

# लायन प्रेम पाठक बने जोन चेयरपर्सन, क्षेत्रीय क्लबों को देंगे नई दिशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** अंतरराष्ट्रीय सामाजिक संस्था लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 322 के रीजन-ङ्क, जोन₇ के लिए लायन प्रेम पाठक को आगामी सत्र 2026-27 हेतु जोन चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष के रूप में सक्रिय रूप से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। जोन चेयरपर्सन के रूप में उनका कार्यकाल 1 जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा। अपने दायित्व के तहत वे लायंस क्लब ऑफ दुमका, लायंस क्लब ऑफ देवघर बैद्यनाथ धाम, लायंस क्लब ऑफ मधुपुर, लायंस क्लब ऑफ मधुपुर यूनिटी तथा लियो क्लब मधुस्थली विद्यापीठ को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसके साथ ही वे सेवा परियोजनाओं को गति देने, सदस्यता विस्तार, नेतृत्व विकास तथा सामाजिक कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लायन प्रेम पाठक ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी क्लबों के सहयोग से समाजसेवा के कार्यों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाएगा तथा जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए अधिकाधिक सेवा प्रकल्प संचालित किए जाएंगे। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ लायंस सदस्यों के मार्गदर्शन एवं सहयोग से जोन को एक आदर्श जोन बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इधर, लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के सदस्यों में इस नियुक्ति को लेकर हर्ष का माहौल है। क्लब के सदस्यों ने लायन प्रेम पाठक को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व, सेवा भावना एवं सक्रिय कार्यशैली से जोन के सभी क्लबों को नई दिशा एवं ऊर्जा प्राप्त होगी। सदस्यों ने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन में सेवा कार्यों का विस्तार होगा तथा समाजहित में कई नई योजनाएँ संचालित की जाएंगी।

# हजारीबाग को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में नगर निगम का विशेष अभियान शुरू

**●इंटर साइंस कॉलेज के समीप तालाब एवं आसपास क्षेत्र में चला सफाई अभियान, 5 जून को होगा वृहद स्वच्छता कार्यक्रम**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा के नेतृत्व में इंटर साइंस कॉलेज के समीप स्थित तालाब एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, वार्ड पार्षद, सफाई कर्मी तथा स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। महापौर अरविंद कुमार राणा ने कहा कि पूरे देश में स्वच्छता फीडबैक अभियान चलाया जा रहा है और हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में इसकी शुरुआत इंटर साइंस कॉलेज क्षेत्र से की गई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा विशेष अभियान के तहत नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई कराई जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि आगामी 5 जून को कोर्रा चौक से इंटर साइंस कॉलेज तक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, जिसमें लगभग एक हजार लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। महापौर ने नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक देने की अपील करते हुए कहा कि लगभग तीन लाख आबादी वाले हजारीबाग शहर को देश के स्वच्छ शहरों में अग्रणी बनाने के लिए सभी को सामूहिक प्रयास करना होगा। उप नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह ने कहा कि महापौर युवा एवं ऊर्जावान नेतृत्वकर्ता हैं और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम के पदाधिकारी एवं कर्मी लगातार विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में जुटे हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनसहभागिता के बिना स्वच्छता अभियान को सफल नहीं बनाया जा सकता। इंटर साइंस कॉलेज के संस्थापक सह प्राचार्य बसंत कुमार झा ने कहा कि यह शहर के लिए गौरव की बात है कि हजारीबाग को अरविंद कुमार राणा जैसा प्रगतिशील एवं कर्तव्यनिष्ठ महापौर मिला है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में हजारीबाग स्वच्छता के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा। वार्ड संख्या 9 के वार्ड पार्षद बैजनाथ राम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता अभियान की शुरुआत उनके वार्ड क्षेत्र से होना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों की सहभागिता से ही हजारीबाग को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। इस अवसर पर वार्ड संख्या 8 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि प्रकाश गुप्ता, प्रभु कुमार, जय नारायण कुशवाहा, अरुण कुमार, हेड जमादार दीपक गोस्वामी, अभिषेक कुमार, बिट्टू कुमार, सूरज कुमार, मंटू कुमार, रंजीत मंडल, आशीष कुमार, सूरज राम, मनीष कुमार, प्रियांशु कुमार, मनोज कुमार, रंजय कुमार, अमित कुमार, गुड्डू, रोशन कुमार, रंजन कुमार, सरवन एवं अंकित सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वित्त एवं वाणिज्य-कर विभाग की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

**● बजट प्रबंधन, राजस्व वृद्धि और प्रशासनिक पारदर्शिता पर विशेष जोर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को झारखंड मंत्रालय, रांची में वित्त एवं वाणिज्य-कर विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, राजस्व संग्रह, बजट प्रबंधन, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन तथा कर संग्रह व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विभाग निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करते रहें। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने बजट प्रबंधन एवं राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि राज्य के वित्तीय संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि विकास योजनाओं को गति मिल सके। समीक्षा में बजट आकलन, बजट प्राक्कलन, स्थापना व्यय, पूंजीगत प्राप्तियां तथा केंद्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदानों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की वर्तमान स्थिति, व्यय की गति और लक्ष्य प्राप्ति की जानकारी भी प्रस्तुत की।

**खनन राजस्व में झारखंड की स्थिति बेहतरः** बैठक में विभिन्न वित्तीय वर्षों के आंकड़ों की समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि खनन राजस्व के मामले में झारखंड की स्थिति पड़ोसी राज्यों ओडिशा और छत्तीसगढ़ की तुलना में बेहतर है। अधिकारियों ने बताया कि खनिज संसाधनों के सुव्यवस्थित प्रबंधन, पारदर्शी नीतियों और निगरानी तंत्र के कारण राज्य के राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस सकारात्मक स्थिति को और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने अवैध खनन पर सख्त नियंत्रण, पारदर्शिता बढ़ाने और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्देश दिया।

**बायोमैट्रिक और ई-गवर्नेंस प्रणाली लागू करने पर जोरः** प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने सभी कार्यालयों एवं विभागों में बायोमैट्रिक प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उपस्थिति और कार्यप्रणाली से जुड़ी प्रक्रियाओं में तकनीकी व्यवस्था को सख्ती से लागू करने से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

**विभागीय समन्वय से विकास कार्यों को मिलेगी गतिः** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि साझा दृष्टिकोण के साथ कार्य करने से न केवल योजनाओं की गति तेज होगी, बल्कि संसाधनों का बेहतर उपयोग भी सुनिश्चित किया जा सकेगा।

**वाणिज्य-कर विभाग की समीक्षा में राजस्व वृद्धि पर फोकसः** वाणिज्य-कर विभाग की समीक्षा बैठक में राज्य में कर संग्रह की स्थिति, जीएसटी अनुपालन, राजस्व वृद्धि के उपाय तथा विभागीय कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विभिन्न कर मदों के अंतर्गत प्राप्त राजस्व के आंकड़ों का विश्लेषण प्रस्तुत किया और कर संग्रह से जुड़ी चुनौतियों एवं संभावनाओं पर चर्चा की। बैठक में वस्तु एवं सेवा कर, मूल्य वर्धित कर, व्यवसायिक कर तथा अन्य राज्य स्तरीय करों की वसूली, निगरानी एवं प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री ने करदाताओं के बीच स्वैच्छिक अनुपालन बढ़ाने, कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और तकनीकी साधनों के माध्यम से निगरानी प्रणाली को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विभागीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि करदाताओं को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके। बैठक में विभागीय मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, वित्त सचिव प्रशांत कुमार तथा वाणिज्य-कर विभाग के सचिव अमित कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# ओमेगा कप T-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच चरम पर

**● आर के सन पावर और मायल 11 ने जीत के साथ फाइनल में बनाई जगह**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखण्डः-** ओमेगा कप हजारीबाग T-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। फ्लड लाइट की रोशनी में खेले जा रहे इस भव्य टूर्नामेंट के दसवें दिन रविवार को दो रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए, जिसमें आर के सन पावर और मायल 11 की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में प्रोग्रेसिव फार्मा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर 78 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आर के सन पावर की टीम ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया और चार विकेट से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में मायल 11 की टीम ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए। जवाब में आतिक्ष बजाज की टीम 10 ओवरों में 6 विकेट खोकर मात्र 62 रन ही बना सकी। इस तरह मायल 11 ने 47 रनों से शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल आपसी भाईचारा, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करने का माध्यम है तथा ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। टूर्नामेंट के आयोजक सह ओमेगा ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट शादाब अंसारी ने कहा कि ओमेगा कप ञ्ज-10 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्देश्य हजारीबाग के युवाओं एवं क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों और क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह आयोजन समिति के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि फाइनल मुकाबले को भव्य एवं यादगार बनाने की तैयारी की जा रही है, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर अनुभव मिल सके। टूर्नामेंट के दौरान मैदान में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ मौजूद रही। दर्शकों ने तालियों और उत्साह के साथ खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। सेमीफाइनल मुकाबलों में अंपायर की भूमिका खुर्शीद आलम एवं सुजल ने निभाई, जबकि उद्घोषक की जिम्मेदारी शरीफ उल्ला गुड्डू और सचिन राणा ने सफलतापूर्वक निभाई।

# देवनद नदी तट पर गूंजे मां गंगा के जयकारे, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया गंगा दशहरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चंदवा, हजारीबाग, झारखंडः-** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर सोमवार को चंदवा स्थित देवनद नदी तट श्रद्धा, आस्था और भक्तिमय वातावरण से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु नदी तट पर जुटने लगे। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना और मां गंगा के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन आचार्य त्रिभुवन पाठक ने विधिवत रूप से कराया। मुख्य यजमान के रूप में अश्विनी मिश्र एवं मंटु केसरी ने श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना कर मां गंगा से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के उपरांत नगर मंदिर के पुजारी सह चंदवा उप प्रमुख अश्विनी मिश्र ने श्रद्धालुओं को गंगा दशहरा के धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इसी कारण इस दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गंगा दशहरा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान, दान और पूजा-पाठ करने से मनुष्य के दस प्रकार के पाप नष्ट हो जाते हैं तथा व्यक्ति को मानसिक, वाचिक और शारीरिक दोषों से मुक्ति मिलती है। धार्मिक आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आराधना कर परिवार एवं समाज की सुख-शांति की कामना की। पूरे कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सुधाकर मिश्रा, अनिकेत भास्कर, मनीष कुमार, मनोज मेहता, दिलीप पाठक, अंकित कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति बालक छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, विद्यार्थियों की समस्याएं सुन दिए त्वरित समाधान के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त हेमन्त सती ने कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति बालक छात्रावास एवं अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास, तकिया मजार के समीप, नवाबगंज, हजारीबाग का आज 25 मई को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा वहां रह रहे विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में छात्रावास के विद्यार्थियों ने उपायुक्त के समक्ष छात्रावास में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं रखीं तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की तथा सभी आवश्यक कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में पुस्तकालय निर्माण, शौचालय एवं सेप्टिक टैंक निर्माण, 100 लीटर क्षमता के आर0ओ0 का अधिष्ठापन, साइकिल स्टैंड निर्माण, हाई मास्ट लाइट, स्ट्रीट लाइट, बिजली वायरिंग एवं सीसीटीवी अधिष्ठापन कराया जाएगा। वहीं अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में 100 बेड वाले नए छात्रावास भवन का निर्माण, बोरिंग कार्य तथा सोलर सिस्टम की मरम्मति कराई जाएगी। उपायुक्त ने छात्रावास में रह रहे सभी विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने, अनुशासन बनाए रखने तथा अपने भविष्य के प्रति गंभीर रहने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी जायज मांगों को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र पूरा किया जाएगा, ताकि उन्हें बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय वातावरण उपलब्ध हो सके।

# जातिसूचक गाली देकर चालक से मारपीट, नगदी व अंगूठी छीनने का आरोप

**●पुलिस अधीक्षक भदोही के आदेश पर मुकदमा कायम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** औराई थाना क्षेत्र के महदेपुर कैयरमऊ निवासी अनिल कुमार सरोज ने कुछ अज्ञात लोगों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट, लूटपाट और वाहन क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार 11 मई की शाम वह टाटा इंट्रा मैजिक वाहन से मिर्जापुर के सेमरी गांव से सामान पहुंचाकर लौट रहे थे। आरोप है कि लालानगर-ज्ञानपुर रोड नहर के पास बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी रोककर जाति पूछी और पासी समाज को लेकर अपशब्द कहते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि बाद में 5-6 लोग और पहुंच गए तथा लाठी-डंडे, ईंट और लोहे के कड़े से हमला कर घायल कर दिया। हमलावरों ने वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि सोने की अंगूठी, मोबाइल और करीब 16 हजार रुपये नगद छीन लिए गए तथा कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल का मेडिकल कराया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि थाना गोपीगंज में सूचना देने के बावजूद अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक भदोही से की तब जाकर थाना गोपीगंज में मुकदमा कायम किया गया।

# चंदवा में बिजली बिलों की भारी गड़बड़ी से हड़कंप, 64 लाख तक के बिल से उपभोक्ता परेशान

**● शिकायत निवारण शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने विभागीय लापरवाही पर उठाए सवाल**

**शिकायत निवारण शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने विभागीय लापरवाही पर उठाए सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखण्डः-** चंदवा स्थित बिजली विभाग कार्यालय में सोमवार को आयोजित बिजली शिकायत निवारण शिविर में उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने लाखों रुपये के गलत बिजली बिल मिलने की शिकायत दर्ज कराई। शिविर में पहुंचे लोगों ने विभागीय लापरवाही और मनमाने बिजली बिलों को लेकर जमकर नाराजगी जताई। शिविर के दौरान कई चौंकाने वाले मामले सामने आए। एक उपभोक्ता को करीब 64 लाख रुपये का बिजली बिल जारी कर दिया गया, जबकि अन्य लोगों ने 6 लाख, ढाई लाख और महज दो महीने में 35 से 40 हजार रुपये तक के बिल आने की शिकायत की। आम उपभोक्ताओं ने इसे बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही बताते हुए तत्काल सुधार की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने कहा कि विभागीय गलती का बोझ आम जनता पर नहीं डाला जा सकता। उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं के बिजली बिल में त्रुटियां हैं, उनकी शिकायत तुरंत दर्ज कर समाधान किया जाए तथा समस्या के समाधान तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाए। उन्होंने कहा कि बिजली बिलों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर व्यापक सुधार किया जाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूरे मामले से विधायक प्रकाश राम को अवगत कराया जाएगा तथा उच्च अधिकारियों से मिलकर स्थायी समाधान की मांग की जाएगी। वहीं बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की जांच कर जल्द त्रुटियों को दूर किया जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान सहायक अभियंता बिरसा उरांव, जेई विकास महतो, लाइनमैन लक्ष्मीनारायण, अमीर खान, विधायक प्रतिनिधि इरशाद मुन्ना, प्रदीप ठाकुर, धीरज कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रपुर में पांच जून से तीन दिवसीय बंगला हरिनाम संकीर्तन का होगा आयोजन



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** नारायणपुर प्रखंड के चंद्रपुर गांव में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पांच जून से तीन दिवसीय हरिनाम संकीर्तन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन को सफल बनाने के लिए ग्रामीणों के बीच अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल से आने वाली कीर्तन मंडली द्वारा बंगला संकीर्तन के माध्यम से भगवान नारायण की लीलाओं का गुणगान किया जाएगा। संकीर्तन के अंतिम दिन कुंज मिलन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि चंद्रपुर गांव में प्रत्येक वर्ष हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी आयोजन को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है तथा तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई हैं।

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रू-नेट मशीन का हुआ शुभारंभ, अब होगी टीबी मरीजों की त्वरित जांच



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही अनुमंडलीय अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नए ट्रू-नेट मशीन की स्थापना की गई। मशीन का शुभारंभ अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने फीता काटकर किया। ट्रू-नेट मशीन के इंस्टॉल होने से अब अस्पताल में टीबी मरीजों की स्पुटम जांच की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इससे मरीजों को जांच के लिए दूसरे अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा तथा समय पर बीमारी की पहचान कर उपचार शुरू किया जा सकेगा। इस अवसर पर उपाधीक्षक डॉ. प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि ट्रू-नेट मशीन लगने से टीबी जांच की प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। उन्होंने बताया कि यह मशीन कम समय में बेहतर रिपोर्ट उपलब्ध कराती है, जिससे मरीजों को शीघ्र उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना है और यह मशीन उसी दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ. ज्ञानी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि लगातार खांसी, बुखार, वजन कम होना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल पहुंचकर जांच कराएं। समय पर जांच और उपचार से टीबी जैसी बीमारी को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। अस्पताल कर्मियों ने भी नई मशीन की स्थापना पर खुशी जताई और कहा कि इससे क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को काफी लाभ मिलेगा। मौके पर बिजेंद्र कुमार, सुधांशु सुमन, अनिता कुमारी, शाहिद, विष्णु महतो, राहुल राणा समेत अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

### मइयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन कार्य हुआ शुरू




**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** मइयां सम्मान योजना के लाभुकों के सत्यापन को लेकर पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को पंचायत मंडप नारायणपुर में शिविर आयोजित कर लाभुकों का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन कार्य पंचायत सचिव पूजा माझी, स्वयंसेवक सुनील सिन्हा एवं सीताराम सोरेन समेत अन्य कर्मियों की देखरेख में संपन्न कराया जा रहा है। विभागीय निर्देश के आलोक में लाभुकों के राशन कार्ड, आधार कार्ड तथा बैंक खाते का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है, ताकि योजना का लाभ वास्तविक और योग्य लाभुकों तक पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार, योग्य लाभुकों को योजना का लाभ मिलता रहेगा, जबकि अयोग्य पाए जाने वाले लाभुकों का नाम सूची से हटाया जाएगा। नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र में मइया सम्मान योजना के लगभग 34 हजार लाभुक हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### होमगार्ड के जवानों द्वारा युवक को बुरी तरह पीटने का वीडियो वायरल



**कोंच(जालौन)-** होमगार्ड के जवानों ने एक युवक को जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटकर खाकी को एक बार फिर शर्मसार कर दिया है। युवक के साथ हो रही मारपीट का वीडियो कैमरे में कैद हो गया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो कोंच तहसील परिसर का बताया जा रहा है, तहसील में तैनात होमगार्ड जवानों की यह करतूत बताई जा रही है। जिस युवक की पिटाई हो रही है वह दिमागी तौर पर कमजोर बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि तहसीलदार की सुरक्षा में लगे होमगार्ड जवानों ने मानसिक रूप से कमजोर युवक के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। वीडियो में युवक को जमीन पर गिराकर मारते हुए साफ देखा जा सकता है, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। घटना जनपद जालौन के कोंच तहसील परिसर की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल मामले को लेकर अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### पत्नि को भगाकर ले जाने पर पीड़ित पति ने कार्यवाही की लगाई गुहार

**कोंच(जालौन)-** एक परिचित व्यक्ति द्वारा पत्नि को बहला फुसलाकर साथ ले जाने के मामले में पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्यवाही न किये से परेशान पीड़ित पति ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। मोहल्ला जवाहर नगर कोंच निवासी पीड़ित व्यक्ति ने एसपी विनय कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती 16 मई की शाम 4 बजे वह अपनी दुकान पर था। इसी दौरान पूर्व से परिचित व्यक्ति रजनीकांत निवासी चिरगांव उसके घर पर जा पहुंचा और घर में मौजूद उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नि और रजनीकांत घर में रखे सोने चांदी के कुछ आभूषण एवं एक लाख रुपये नकदी भी उठाकर साथ ले गए। प्रार्थना पत्र में उसने बताया कि घटना के दो दिन बाद रजनीकांत के घर के कुछ लोग उसके घर पर आ धमके और पुलिस से शिकायत न कर आपस में बैठकर मामला निबटाने का दबाव बनाने लगे। उसने जब विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने एकराय होकर गाली गलौच करते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि पूरे मामले की शिकायत उसने कोतवाली पुलिस से की लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। पीड़ित व्यक्ति ने एसपी से रिपोर्ट दर्ज कराने और पत्नि की सकुशल बरामदगी के साथ ही आरोपी रजनीकांत के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### बकरीद त्योहार पर साफ सफाई, बिजली पानी व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु सौंपा ज्ञापन

**कोंच(जालौन)-** आगामी संभावित 28 मई को मनाए जाने वाले मुस्लिम त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व पर साफ सफाई सहित बिजली पानी आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखे जाने की मांग करते हुए एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के नगर अध्यक्ष चौ वाहिद कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को एसडीएम हेमंत कुमार पटेल को सौंपे अपने ज्ञापन में कहा कि बकरीद त्योहार को देखते हुए मस्जिदों के आसपास सड़कों एवं नालियों की साफ सफाई कराई जाये और प्रतिदिन जमा कूड़े को उठवाया जाये। भीषण गर्मी के चलते निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति के साथ ही पानी की भी आपूर्ति की जाये। प्रमुख स्थानों पर चूना डलवाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जाए। इसके अलावा बकरीद त्योहार के मद्देनजर पुलिस सुरक्षा व्यवस्था भी की जाये ताकि त्योहार शांति सुरक्षा के बीच मनाया जा सके। वहीं एसडीएम ने सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर समय रहते सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने का आश्वासन दिया है। एसडीएम ने कहा है कि त्योहार को शांति सुरक्षा के बीच संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है। ज्ञापन सौंपने वालों में चिराग हुसैन, शफीक अंसारी, इमरान रजा, इकराम खा, शाहबाज अहमद, सईद अहमद, अशफाक राइन आदि शामिल रहे।

## बुन्देलखण्ड की तस्वीर बदलेगा ललितपुर का फार्मा पार्क

● हजारों युवाओं को मिलेंगे रोजगार : मंत्री नन्दी

औद्योगिक विकास मंत्री ने निर्माणाधीन बल्क ड्रग फार्मा पार्क का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी सोमवार को जनपद मुख्यालय से लगभग 55 किलोमीटर दूर ग्राम सैदपुर स्थित निर्माणाधीन बल्क ड्रग फार्मा पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान अपर मुख्य सचिव अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग उत्तर प्रदेश आलोक कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान मंत्री ने प्रोजेक्ट मॉडल एवं साइट मैप का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ललितपुर का यह फार्मा पार्क बुन्देलखण्ड की तस्वीर बदलने वाला साबित होगा और इससे हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। बीडा से बुन्देलखण्ड के औद्योगिक विकास को मिली नई गति औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने बुन्देलखण्ड की उपेक्षा की, लेकिन डबल इंजन की सरकार ने बुन्देलखण्ड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) का गठन कर क्षेत्र के औद्योगिक विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि ललितपुर में विकसित हो रहा बल्क ड्रग फार्मा पार्क देश-दुनिया की बड़ी कंपनियों को आकर्षित करेगा, जिससे स्थानीय युवाओं, किसानों और व्यापारियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में इस स्तर का औद्योगिक निवेश क्षेत्र के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में यहां के लोगों का जीवन स्तर बेहतर होगा।

**प्रथम चरण में पांच औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन**

समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने बताया कि ग्राम सैदपुर में 1472 एकड़ क्षेत्रफल में देश का सबसे बड़ा बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 352.91 एकड़ भूमि पर विकास कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। अधिकारियों के अनुसार अब तक पांच औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन किया जा चुका है और कई बड़ी कंपनियों ने निवेश में रुचि दिखाई है। यूपीसीडा अधिकारियों ने बताया कि प्रथम पैकेज के तहत लगभग 109.98 करोड़ रुपये की लागत से सड़क, फायर फाइटिंग बिल्डिंग, एडमिन बिल्डिंग, एंट्री गेट, लैण्डस्केपिंग और बाउंड्रीवाल जैसे कार्य कराए जा रहे हैं, जिन्हें दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पर्यावरण संतुलन के लिए किया वृक्षारोपण निरीक्षण के उपरांत मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव ने फार्मा पार्क परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और हरियाली पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। सड़क चौड़ीकरण और पाइपलाइन परियोजना भी प्रगतिरत बैठक में बताया गया कि फार्मा पार्क तक बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एमडीआर-35बी सड़क के चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। वहीं जामिनी डैम से फार्मा पार्क तक 26 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने की योजना भी प्रगतिरत है, जिसकी एनओसी सिंचाई विभाग द्वारा जारी की जा चुकी है। इस दौरान अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा अनीता यादव, उपमहाप्रबंधक यूपीसीडा सलिल यादव, उप जिलाधिकारी महरौनी रजनीश बाजपेयी, उप जिलाधिकारी मड़ावरा मदन मोहन गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) यूपीसीडा सत्यपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## होबा की दलित छात्रा से दरिंदगी के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

● महामहिम राज्यपाल के नाम एडीएम दिनेश कुमार को सौंपा ज्ञापन

● ललितपुर में जिला कांग्रेस कमेटी ने उठाई न्याय की मांग, कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** महोबा जनपद में नीट की तैयारी कर रही एक दलित छात्रा के साथ हुई दरिंदगी और अमानवीय अत्याचार की घटना को लेकर जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक के नेतृत्व में सोमवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल एवं जिलाधिकारी ललितपुर को संबोधित ज्ञापन सौंपकर पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की।

**16 दिनों तक बंधक बनाकर गैंगरेप का आरोप**

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि महोबा की एक दलित छात्रा का कोचिंग से लौटते समय अपहरण कर लिया गया था। आरोपियों ने उसे प्रयागराज में 16 दिनों तक बंधक बनाकर रखा और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं, पीड़िता को सिगरेट से जलाकर प्रताड़ित किया गया तथा जबरन शादी कराने का भी प्रयास किया गया। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना को मानवता को शर्मसार करने वाला कृत्य बताया। कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रदेश में लगातार महिलाओं और दलितों के खिलाफ बढ़ रहे अपराध कानून व्यवस्था की बदहाल स्थिति को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि इस जघन्य घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित छात्रा और उसके परिवार के साथ खड़ी है तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने भी की मुलाकात कांग्रेस नेताओं ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्वयं महोबा पहुंचकर पीड़िता और उसके परिवार से मिले तथा उन्हें न्याय दिलाने का भरोसा दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डा.दयाराम रजक, मनरेगा बचाओ संघर्ष समिति प्रभारी जसपाल सिंह बंटी, रामनरेश दुबे, शशिकांत दीक्षित, रामसिंह यादव, पंकज हुँडेत, हरीबाबू शर्मा, खलक सिंह राजपूत, नेहा तिवारी, रामदेवी समोगर, जयपाल सिंह, शिशुपाल लोधी, राजपाल सिंह, मोहन सिंह चंदेल, कुलदीप पाठक, चीकू पठान, राशिद, नीरज शुक्ला, महेश रावत, देवेन्द्र प्रताप सिंह (भानू राजा), पंकज शुक्ला सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

## इप्टा इकाई कोंच ने मनाया स्थापना दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) इकाई कोंच का स्थापना दिवस जन संस्कृति दिवस के रूप में मनाया गया। तहसील परिसर स्थित अग्रसेन विवाह घर में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य, रंगमंच, संगीत और सामाजिक सरोकारों पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में इप्टा की गौरवशाली परंपरा और समाज में सांस्कृतिक चेतना जगाने में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत इप्टा गीत 'बजा नगाड़ा शांति का' के साथ हुई। इप्टा कोंच के अध्यक्ष अनिल वैद ने कहा कि इप्टा केवल एक सांस्कृतिक संस्था नहीं बल्कि समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और परिवर्तन की मशाल है। उन्होंने कहा कि कला और रंगमंच समाज को सही दिशा देने का एक सशक्त माध्यम हैं। मनोज दूरबार ने कहा कि इप्टा ने हमेशा आमजन की पीड़ा, संघर्ष और सामाजिक मुद्दों को मंच के माध्यम से आवाज देने का कार्य किया है। इप्टा सचिव पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में जब समाज में संवेदनाएं कमजोर होती जा रही हैं तब साहित्य, संगीत और रंगमंच लोगों को जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं से सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की। इप्टा महासचिव साहना खान ने कहा कि कोंच इकाई लगातार क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ा रही है। नुक्कड़ नाटक, बाल नाट्य कार्यशालाएं, कवि गोष्ठियां और सामाजिक विषयों पर इप्टा ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है। रंगकर्मी दानिश ने इप्टा के इतिहास को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही इप्टा जनजागरण का कार्य करती आ रही है। इस मौके पर नरेंद्र कश्यप, अंजली, निशि अग्रवाल, मानसी आदि मौजूद रहे।

## जनपद में कानून व्यवस्था ध्वस्त होने से लोगों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।**कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जनपद में लगातार बढ़ रही चोरी, लूट एवं डकैती की घटनाओं तथा महोबा में दलित बेटी के साथ हुई अमानवीय घटना को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन के माध्यम से डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि प्रतापगढ़ जनपद में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आए दिन चोरी, लूट एवं डकैती जैसी गंभीर घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन अपराधियों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि अंतू थाना क्षेत्र, नगर कोतवाली एवं फतनपुर थाना क्षेत्रों में हुई करोड़ों रुपये की चोरी एवं लूट की घटनाओं के बावजूद आज तक किसी भी मामले में संतोषजनक खुलासा नहीं हो सका है, जिससे जनता में भारी भय एवं आक्रोश व्याप्त है।उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सभी घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराकर अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, पीड़ित परिवारों को सुरक्षा एवं न्याय दिया जाए तथा जनपद में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाकर कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए। साथ ही लापरवाह पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जिला महासचिव सुनीता सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश में दलित, पिछड़े एवं कमजोर वर्ग की बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी कर कठोरतम कार्रवाई किए जाने तथा पीड़ित परिवार को न्याय एवं सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग की।जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाने का कार्य करती रही है और अन्याय के खिलाफ संघर्ष आगे भी जारी रहेगा।इस अवसर पर मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी,प्रेम शंकर द्विवेदी,महेंद्र शुक्ला,इंद्रानंद तिवारी, विमल सिंह,अनिल मौर्या,आर.पी वर्मा, रवि भूषण सिन्हा, मासूम हैदर, अरविंद तिवारी, भवानी शंकर दुबे, सुरेश कुमार मिश्रा, सुरेश कुमार सरोज,शुभम मिश्रा, अंजनी पाण्डेय,मोहम्मद वसीम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान,अरबाज आलम, रविंद्र मिश्रा, महेंद्र मिश्रा,मो.कासिम, सुभाष तिवारी, रामकुमार पटेल, राकेश कुमार गौतम, मोहम्मद असलम,रियाज सिटी, शहजाद सलमानी, आशिक अली, मोहम्मद सईद, देवमणि पांडे,नूर आलम,कपिल ओझा, मो.शब्बीर,पृथ्वीराज गौतम,अश्वनी उपाध्याय, सतीश सरोज, सुरेश दुबे आदि उपस्थित रहे।

## प्रतिभाशाली कलासाधकों को मिलेगा नया मंच

● पेन्टिंग विद् आयल कलर्स कला शिविर का भव्य शुभारम्भ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** सिद्धन रोड स्थित कला भवन में कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित एक माह का विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद् आयल कलर्स का शनिवार को भव्य शुभारम्भ हुआ। यह शिविर 24 मई से 21 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र रावत, प्रदीप चौबे तथा शिविर संयोजक ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पूजन किया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र ने कहा कि कला भवन में आकर और यहां प्रदर्शित चित्रों को देखकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। इस प्रकार के शिविर प्रतिभाशाली कलाकारों के लिए अपनी कला को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। अध्यक्षता कर रहे प्रदीप चौबे ने कहा कि ओमप्रकाश बिरथरे ने तैल चित्रकला के इतिहास को जिस विस्तार से प्रस्तुत किया है, उसे पुस्तक के रूप में संकलित किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढियों को मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने कहा कि वह कई वर्षो से इन शिविरों से जुड़े हैं और यहाँ कलासाधकों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों को देखकर आनंद की अनुभूति होती है। शिविर आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने तैल चित्रकला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तैल रंगों से बनाई गई चित्रकला एक अनूठी और कालजयी कला है, जिसका इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है। उन्होंने बताया कि प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक तैल चित्रकला कलाकारों के लिए रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रभावशाली माध्यम रही है। उन्होंने विश्वप्रसिद्ध कलाकार लियोनार्डो दा विंची, रेम्ब्रांट, विन्सेंट वान गॉग और भारत के राजा रवि वर्मा का उल्लेख करते हुए कहा कि इन महान कलाकारों ने तैल चित्रकला को नई पहचान दी। उन्होंने बताया कि सातवीं शताब्दी में अफगानिस्तान के बामियान की गुफाओं में बौद्ध कलाकारों द्वारा पहली बार तैल रंगों का प्रयोग किया गया था। वहीं 15वीं शताब्दी में जान बेन आइक ने इसे लोकप्रिय कला तकनीक के रूप में स्थापित किया। भारत में आधुनिक तैल चित्रकला के जनक राजा रवि वर्मा माने जाते हैं, जिन्होंने भारतीय पौराणिक पात्रों के चित्रों को तैल रंगों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री गौरव गौतम, डॉ. खेमचन्द्र वर्मा, ब्रजवाला सेईया, संस्कार भारती संरक्षक गोविन्द नारायण व्यास, सूचना प्रौद्योगिकीविद् विनोद त्रिपाठी, मानव ऑर्गनाइजेशन अध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह, अरमान कुरैशी, पंकज पाराशर, अवधेश त्रिपाठी, तरुण जामकर, वैभव जैन, अनुराधा मोदी, सुरेश साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर के प्रबंधन में महेश प्रसाद बिरथरे का विशेष योगदान रहा, जबकि कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती अध्यक्ष ब्रजमोहन संज्ञा ने किया।

## महावीरपुरा में लगा वाटर कूलर

●भीषण गर्मी में राहगीरों को मिलेगी राहत

●नपाध्यक्ष सोनाली जैन व भाजपा जिला मंत्री सोनाली बबेले ने किया शुभारंभ



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच नगरवासियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा विभिन्न वार्डों में शीतल पेयजल की व्यवस्था लगातार मजबूत की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड नंबर 26 महावीरपुरा स्थित दुर्गा माता मंदिर के पास नवनिर्मित वाटर कूलर का वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ शुभारंभ किया गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन, भाजपा जिला मंत्री सोनाली बबेले, संध्या पाठक एवं विवेक जैन ने संयुक्त रूप से पूजन-अर्चन कर वाटर कूलर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों को शीतल पेयजल वितरित किया गया। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर पालिका परिषद नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए शहर के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर वाटर कूलर स्थापित कराए जा रहे हैं, ताकि राहगीरों, श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं सुविधायुक्त बनाना परिषद की प्राथमिकता है और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए नगर पालिका पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि दुर्गा माता मंदिर के पास वाटर कूलर लगने से प्रतिदिन आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों और मोहल्लेवासियों को गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी। वाटर कूलर शुरू होने के बाद वार्डवासियों में खुशी का माहौल देखने को मिला। इस दौरान सेवानिवृत्त वरिष्ठ लिपिक रमाकांत तिवारी, नवीन जैन, बृजेश बबेले, कुशाग्र पाठक, बद्री कुशवाहा सहित नगर पालिका के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## कागजात न होने पर बबूल की लकड़ी से भरी डीसीएम से वसूला गया 25 हजार का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात कोंच-कैलिया मार्ग पर कार्रवाई करते हुए अवैध तरीके से ले जाई जा रही बबूल की लकड़ी से भरी एक डीसीएम पकड़ ली। जांच के दौरान लकड़ी से संबंधित जरूरी कागजात न मिलने पर विभाग ने वाहन को कब्जे में लेकर 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। शनिवार की रात वन विभाग के डिप्टी रेंजर अमित शर्मा टीम के साथ कोंच-कैलिया मार्ग पर ग्राम घमूरी के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक संदिग्ध डीसीएम दिखाई दी, जिसे रोककर जांच की गई। तलाशी लेने पर वाहन में बड़ी मात्रा में बबूल की लकड़ी भरी मिली। डिप्टी रेंजर ने वाहन चालक धर्मेंद्र सिंह निवासी अलीगढ़ से लकड़ी परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद वन विभाग की टीम ने डीसीएम को कब्जे में लेकर वन विभाग कार्यालय कोंच में खड़ा करा दिया। डिप्टी रेंजर अमित शर्मा ने बताया कि डीसीएम में करीब 128 कुंतल बबूल की लकड़ी भरी थी, जिसे मोंठ झांसी से मेरठ अवैध तरीके से ले जाया जा रहा था। चालक के पास कोई वैध दस्तावेज न मिलने पर विभागीय कार्रवाई करते हुए 25 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया है।

## गंगा दशहरा व बकरीद को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** गंगा दशहरा एवं ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, हिंदू-मुस्लिम समुदाय के संभ्रांत नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ संयुक्त शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक की।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में दोनों पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें सभी वर्गो का सहयोग आवश्यक है।उन्होने कहा कि नदियो व जलाशयों में डूबने की घटनाये न होने पाये इसके लिये नदियों में गहराई वाले स्थलों पर वैरीकेडिंग व लाल झण्डा लगाया जाये तथा स्थानीय गोताखोरो की तैनाती भी की जाये और उनके चिन्हांकन के लिये रिफलेक्टर कैप की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाय। जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा पर्व को लेकर उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर लें जिससे किसी को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो पाए। जिलाधिकारी ने बताया कि अत्यधिक गर्मी एवं लू का अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से जनहित में दुकानों को दोपहर 2 बजे तक बंद रखने का सहयोग मांगा, ताकि लोग अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें और गर्मी से सुरक्षित रह सकें।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने गंगा दशहरा पर्व के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी घाटों एवं नदी किनारे के क्षेत्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि नदियों में डूबने की घटनाओं की आशंका को देखते हुए गहरे स्थानों पर बैरिकेडिंग कर लाल झंडे लगाए जाएं ताकि श्रद्धालुओं को खतरे वाले क्षेत्रों की जानकारी मिल सके। बकरीद पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों पर नमाज किसी भी स्थिति में न पढ़ी जाए और केवल ईदगाहों एवं मस्जिदों में ही नमाज अदा की जाए। यदि श्रद्धालुओं की संख्या अधिक हो तो शिफ्टवार नमाज की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और यदि कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुर्बानी केवल चिन्हित स्थलों पर ही दी जाए।बैठक में सभी ने आपसी सौहार्द एवं सहयोग के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति सहित पुलिस अधिकारीगण, उपजिलाधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षा और समाज सेवा के लिए हमेशा रहूंगी समर्पित- कांति सिंह



**प्रतापगढ़।** लखनऊ खंड स्नातक विधान परिषद सीट से समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी कांति सिंह रविवार को पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा विकासखंड अंतर्गत भाटी गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने मनोज वर्मा की मां अनारा देवी के गोलोकवासी होने पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर शोक संवेदना व्यक्त की।श्रद्धांजलि सभा के दौरान कांति सिंह ने दिवंगत अनारा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने मनोज वर्मा को अपना परम सहयोगी बताते हुए कहा कि उनके परिवार का सहयोग और सामाजिक जुड़ाव हमेशा प्रेरणादायी रहा है।कांति सिंह ने इस दौरान मनोज वर्मा के पिता स्वर्गीय शिव रामदास को सिद्धांतवादी, प्रखर और समाज के प्रति समर्पित शिक्षक थे। वहीं अनारा देवी के मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनका जीवन सेवा, संस्कार और परिवार के प्रति समर्पण का उदाहरण था। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, महिला शिक्षा को मजबूत बनाने तथा प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों और प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट सुविधाओं से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जहां भी आवश्यकता पड़ेगी, वह सदैव समर्पित भाव से कार्य करती रहेंगी। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से आरडी पटेल, नितेश पटेल, बीएल वर्मा, भोलानाथ वर्मा, शिवकुमार वर्मा सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### दुकान में लगी आग, हजारों का सामान राख



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र खुनियांव के बढ़या बेलवा मार्ग पर एक चाय की दुकान में अचानक आग लगने से उसमें रखा सारा सामान जल कर राख हो गया। विकास क्षेत्र खुनियांव अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलवा निवासी आकाश पुत्र भवन बेलवा स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प के सामने छप्पर के मकान में चाय की दुकान चलाते थे,जहां पर सोमवार को सुबह आकाश का पुत्र शिकुमार कोयला भट्ठी में हवा देकर आग जलाने का प्रयास कर ही रहा था कि अचानक आग की चिंगारी निकल कर छप्पर को छू लिया।आग अपने आगोश में ले लिया। जिससे दुकान में रखा लगभग 12 हजार नकद,दो एंड्रॉयड मोबाइल, एवं दुकान में रखा सारा सामान सहित जलकर राख हो गया। पीड़ित के अनुसार इस अग्नि घटना में करीब हजारों रुपए की क्षति हुई है । लोगों की मानें तो इनका परिवार यहीं पर रात्रि निवास भी करते थे। आगजनी की घटना की सूचना पर हल्का लेखपाल आनन्द तिवारी मौके पर पहुंच कर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है।

### शिक्षक विधायक को उम्मीदवार बनाए जाने पर खिले समर्थकों के चेहरे

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी को विधान परिषद चुनाव को लेकर भाजपा द्वारा अधिकृत प्रत्याशी घोषित किये जाने पर सोमवार को यहां समर्थकों व शिक्षक समुदाय में खुशी देखी गयी। भाजपा द्वारा लगातार दो बार से एमएलसी उमेश द्विवेदी को लखनऊ खण्ड शिक्षक क्षेत्र से अधिकृत प्रत्याशी बनाए जाने की रविवार को घोषणा की गयी। वित्तविहीन शिक्षक महासभा के जिलाध्यक्ष लाल कृष्ण प्रताप सिंह, प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, सभासद एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजेश मिश्र, शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, मनीष मिश्र फौजी, बृजेन्द्र पाण्डेय मंटू, सभासद राजकुमार बरनवाल आदि ने पार्टी नेतृत्व के फैसले को प्रदेश के शिक्षकों के लिए हितकारी कहा है। वहीं शिक्षक विधायक के पैतृक वार्ड सांगीपुर तथा दीवानी वार्ड के साथ लालगंज बाजार में भी समर्थकों में एमएलसी उमेश द्विवेदी के पार्टी प्रत्याशी होने को लेकर खुशी देखी गयी।

# श्री गंगा दशहरा महोत्सव में 21000 दीपों से मां बेल्हा देवी धाम की होगी महा आरती

● पर्यावरण एवं नदियों के संरक्षण की शपथ के साथ होगा पौध वितरण व पौधारोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** श्रीगंगा दशहरा महोत्सव की तैयारी को सोमवार को अंतिम रूप दिया गया। बेल्हा देवी धाम की सफाई सफाई निरीक्षक संतोष सिंह की देखरेख में नगर पालिका की टीम द्वारा की गई।मंगलवार को श्रीगंगा दशहरा महोत्सव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने भी तैयारियों का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार, एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा, सीओ सिटी प्रशांत राज हुड्डा, नगर पालिका आदि की टीम ने निरीक्षण कर भीड़ को देखते हुए बैरीकेटिंग कराने का निर्देश नगर पालिका को दिया है। जिलाधिकारी श्री अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने सभी विभागों को महोत्सव को संपन्न कराने के लिए जरूरी निर्देश दिए हैं। महोत्सव में सफाई व्यवस्था, गोताखोर, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा शिविर के अलावा व्यापक सुरक्षा प्रबंध पुलिस प्रशासन द्वारा किए जा रहे हैं। समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह मुन्ना भैया ने सभी मां के भक्तों को गंगा दशहरा महोत्सव में शामिल होने की अपील की है।समिति के संयोजक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 21000 दीपों से सभी घाटों को रोशन किया जाएगा। तत्पश्चात श्री मां सई गंगा की महा आरती काशी के पुरोहित के साथ-साथ सभी भक्त महा आरती करेंगे। पर्यावरण व नदियों के संरक्षण की शपथ के साथ पौध वितरण/पौधरोपण भी किया जाएगा।महोत्सव को सफल बनाने के लिए रघ्घु पंडा व उनकी पूरी टीम लगी हुई है। इस अवसर पर ईओ नगर पालिका, नगर पालिका सफाई अधिकारी संतोष कुमार, जगदंबा प्रसाद (जग्गू पंडा),सुरेश मास्टर, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, आलोक, अरविंद, प्रदीप, मनोज पंडा, मनीष, गोलू ,राजू, पवन पटवा, बाबा सिंह, मुकेश आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक आसपुर देवसरा के राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ चुनाव में देवेंद्र पति अध्यक्ष व धर्मेन्द्र महामंत्री चुने गए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और शिक्षकों की समस्याओं को संगठित रूप से उठाने के उद्देश्य से सोमवार को विकासखंड आसपुर देवसरा स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ प्राथमिक संवर्ग की बैठक में संगठन के विस्तार के साथ नई ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की गई। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों ने एकजुट होकर शिक्षक हितों की रक्षा और शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने का संकल्प लिया।बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक राय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। शिक्षक जयराम पांडे राही ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया।संगठन विस्तार के क्रम में देवेंद्रपति को ब्लॉक अध्यक्ष, धर्मेंद्र बहादुर सिंह को महामंत्री, लालजी यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष कुमार पांडे को उपाध्यक्ष, प्रशांत शुक्ला को संगठन मंत्री, योगेश चंद्र दुबे को संयुक्त मंत्री तथा रोहित यादव को सह संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा व्यवस्था कई चुनौतियों से गुजर रही है।ऐसे में शिक्षकों का संगठित और जागरूक रहना जरूरी है। जिला अध्यक्ष अशोक राय ने कहा कि संगठन केवल शिक्षकों के अधिकारों की बात नहीं करेगा, बल्कि विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक माहौल तैयार करने की दिशा में भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए संवाद और संघर्ष दोनों स्तरों पर प्रयास जारी रहेंगे।कार्यक्रम में जिला महामंत्री जयप्रकाश पांडेय, सुरेंद्र कुमार यादव, रामराज यादव, राहुल यादव, एआरपी राहुल पांडे, एआरपी घनश्याम यादव, अनुदेशक राकेश पांडे, दान बहादुर यादव, आशीष यादव, राजेंद्र प्रसाद मौर्य, कमलेश पाल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर में जिलाधिकारी ने बाल श्रम पर दिए निर्देश, चिह्नित बच्चों का पुनर्वास कर स्कूलों से जोड़ा जाए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिले को बाल श्रम उन्मूलन व बाल श्रम मुक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला टास्क फोर्स की बैठक श्रम विभाग द्वारा जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सर्वेक्षण के दौरान चिन्हित किए जा रहे बाल श्रमिकों का तत्काल पुनर्वास सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ऐसे बच्चों की सूची शिक्षा विभाग को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनका विद्यालयों में नामांकन कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिले को बाल श्रम मुक्त बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, इसके साथ ही बाल श्रम मुक्त सिद्धार्थनगर बनाने में मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान को सहयोग प्रदान करे। बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि बच्चों के हित में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रोबेशन विभाग के माध्यम से बाल श्रमिकों एवं उनके परिवारों तक पहुंचाया जाए। वहीं, शिक्षा विभाग को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन के लिए नियमित अभियान चलाने और प्रभावी मॉनिटरिंग करने पर जोर दिया। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान द्वारा तैयार जागरूकता सामग्री पोस्टर, स्टिकर एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित बुकलेट का जिलाधिकारी द्वारा विमोचन भी किया गया। बैठक में सहायक श्रमायुक्त ओम प्रकाश, श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल कुमार त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी नौगढ़ राहुल सिंह, विवेकानंद मिश्रा, बीएसए शैलेश कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष अपर्णा श्रीवास्तव, मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान जिला समन्वयक प्रसून शुक्ला, जिला सलाहकार जय प्रकाश, चाइल्डलाइन समन्वयक सुनील उपाध्याय, संरक्षण अधिकारी विवेक मालवीय, एएचटी प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह, निरीक्षक रामा प्रसाद, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सिद्धार्थनगर में DM का औचक निरीक्षण: अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन कटा, स्पष्टीकरण मांगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा 10.20 बजे कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी0एन0 द्वारा सर्वप्रथम संयुक्त कार्यालय के विभिन्न पटलों को देखा गया। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व अभिलेखागार, आंग्ल अभिलेखागार, जूडीशियल अभिलेखागार, आपदा कार्यालय, एलआरसी कक्ष, उपजिलाधिकारी न्यायिक कक्ष, प्रोबेशन कार्यालय, पिछड़ा वर्ग कार्यालय, कोषागार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी कार्यालय, आबकारी अधिकारी कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने एलआरसी को निर्देश दिया कि कृषक दुर्घटना बीमा योजना का कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थापित विभिन्न विभागो के कार्यालयाध्यक्षो को निर्देश देते हुए अपने कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक करा लें तथा पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करें। राजस्व अभिलेखागार में साफ-सफाई व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा ईआरके, आर0ए0, जे0ए0, खान निरीक्षक, आर0आर0के0, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, शैलेन्द्र, ध्रुव तिवारी, कार्मिक अनुपस्थित पाये गये। एस0एल0ओ0 कार्यालय में 04 कर्मचारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में 01 कर्मचारी, कोषागार कार्यालय में 02 कर्मचारी, संयुक्त कार्यालय में 03 कर्मचारी, खाद्य सरक्षा विभाग में 02 कर्मचारी तथा भू-लेख में 01 कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी द्वारा अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी/कर्मचारी समय से कार्यालय में उपस्थित होकर शासकीय कार्यो का निष्ठापूर्वक सम्पादन करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन के निर्देशानुसार 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश व नायब तहसीलदार प्रतीक्षा मौर्या, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन, सांख्यिकी अधिकारी कलेक्ट्रेट, ड्रग इंस्पेक्टर को कार्यालय में उपस्थित न रहने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के साथ नाजिर कलेक्ट्रट पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' का शुभारंभ

● उद्घाटन सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह रहे मुख्य वक्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सिद्धार्थनगर।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' का उद्घाटन सत्र मुख्यालय पर स्थिति होटल शुभम पैराडाइज में पूरे उत्साह, अनुशासन एवं संगठनात्मक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह ने कार्यक्रम हाल में लगे प्रदर्शनी का उद्घाटन कर सभी के साथ उसका अवलोकन किया तथा सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने गौतम बुद्ध की पावन धरती को नमन किया तथा भाजपा की कार्यपद्धति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर के महान तपस्वी कार्यकर्ताओं – माधव प्रसाद त्रिपाठी, धनराज यादव, रामरेखा यादव तथा शिवलाल मित्तल जैसे कार्यकर्ता को तथा उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को संगठन की विचारधारा, सेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को समझना चाहिए तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के पदचिह्नों पर चलते हुए संगठन को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का व्यापक आंदोलन है, जिसकी नींव राष्ट्रवाद, संगठन शक्ति और जनसेवा पर आधारित है। भाजपा की कार्यपद्धति की सबसे बड़ी विशेषता उसका कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जहाँ बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा अनुशासन, समर्पण और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। पार्टी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचने का कार्य कर रही है। द्वितीय सत्र में भाजपा के इतिहास तथा तृतीय सत्र में भाजपा के विचार परिवार पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल,वर्ग प्रभारी एवं पूर्व सांसद अष्टभुजा शुक्ला, जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या, विधायक राजा जय प्रताप सिंह, विधायक श्यामधनी राही, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समस्याओं से नाराज वकीलों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, जतायी नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज, प्रतापगढ़।** विभिन्न समस्याओं को लेकर अधिवक्ताओं ने सोमवार को तहसील परिसर में नाराजगी जताते हुए तहसीलदार को समाधान के बाबत ज्ञापन सौंपा। वकीलों ने इसके पहले तहसील परिसर में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर नारेबाजी के साथ नाराजगी भी जतायी। हालांकि तहसील में न्यायिक कामकाज सुचारू रूप से हुआ भी दिखा। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने भी तहसीलदार से मिलकर समस्याओं के समाधान को लेकर समयबद्ध कार्रवाई पर जोर दिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश तथा पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय व पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र की संयुक्त अगुवाई में वकीलों ने समस्याओं को लेकर तहसीलदार गरिमा वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि एसडीएम कोर्ट में पत्रावलियों में आदेश में विलम्ब होने के कारण वादकारियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ज्ञापन में किसानों की खतौनी में व्यापक त्रुटियों पर नाराजगी जताते हुए इसके दुरूस्त कराए जाने की भी मांग उठाई गयी है। ज्ञापन में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया में अनावश्यक विलम्ब को लेकर भी वकीलों ने समाधान की मांग उठाई है। इसके पहले अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में प्रशासनिक लापरवाही को लेकर नाराजगी जतायी। ज्ञापन देने वालों में ज्ञानप्रकाश शुक्ल, शैलेन्द्र शुक्ला, अशोक शुक्ल, सुशील शुक्ल, अनिल मिश्र, हरकेश पटेल, विपिन शुक्ल, प्रमोद सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह आदि रहे। इधर संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान तथा उपाध्यक्ष नामवर सिंह ने भी तहसीलदार से मिलकर संघ की ओर से विभिन्न बिंदुओं पर पत्रक सौंपकर समयबद्ध समाधान पर जोर दिया है।

# दलित चरवाहों पर दबंगों का जानलेवा हमला जातिसूचक गालियां देकर लाठी-डंडों से पीटा

● वृद्ध का सिर फटा, कान कटा बीच-बचाव करने पहुंचे बेटों को भी नहीं बख्शा चार आरोपियों पर एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मैलार में जातिगत विद्वेष और दबंगई का गंभीर मामला सामने आया है। खेत पर बकरियां चरा रहे दलित समाज के लोगों पर गांव के ही दबंगों ने कथित तौर पर जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। घटना में एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका सिर फट गया और कान कट गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम मैलार निवासी प्रवेश कुमार पुत्र कोमल अहिरवार ने कोतवाली ललितपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 21 मई 2026 की शाम करीब 6.30 बजे उसके पिता कोमल अहिरवार और भतीजा सचिन्द्र खेत पर बकरियां चरा रहे थे। तेज धूप के चलते दोनों खेत में बने एक पेड़ की छाया में बैठ गए। इसी दौरान गांव के चार लोग लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे और कथित तौर पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए विवाद शुरू कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने कहा कि जहां हम राजपूत लोग बैठते हैं वहां तुम लोग कैसे बैठ गए और विरोध करने पर वृद्ध कोमल अहिरवार को जमीन पर गिराकर बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। जब सचिन्द्र ने अपने दादा को बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारपीट का शिकार होना पड़ा। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे शिकायतकर्ता प्रवेश कुमार को भी आरोपियों ने लाठियों से पीट दिया। हमले में कोमल अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में गहरी चोट आई और एक कान कट गया। घटना के दौरान ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित पक्ष ने तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस वाहन को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन जाते समय कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देते रहे। डायल-112 पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने सीताराम पुत्र नारान राजपूत, बच्चू पुत्र हल्के राजपूत, अनंतराम पुत्र नारान राजपूत तथा धन्सु पत्नी लखन राजपूत, सभी निवासी ग्राम मैलार के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 352 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(द), 3(1)(घ) और 3(2)(व्ही.ए.) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी सदर (सीओ सदर) को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आर्यिका माताजी दुर्घटना प्रकरण पर जैन समाज में आक्रोश, निकाला मौन जुलूस

● उच्चस्तरीय जांच और संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग, डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में आर्यिका माताजी सड़क दुर्घटना प्रकरण को लेकर जैन समाज में भारी आक्रोश देखने को मिला। दिगम्बर जैन पंचायत के आह्वान पर रविवार को हजारों की संख्या में जैन समाज के लोगों ने विशाल मौन जुलूस निकालकर शासन-प्रशासन को चेताया और संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। सुबह शहर के सावरकर चौक स्थित पार्श्वनाथ जैन अटा मंदिर से श्वेत वस्त्रों में पुरुष एवं पीत वस्त्रों में महिला श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। हाथों में तख्तियां लेकर अनुशासित ढंग से निकले मौन जुलूस ने शहरवासियों का ध्यान आकर्षित किया। प्रदर्शनकारी तख्तियों के माध्यम से धार्मिक स्थलों और जैन संतों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता एवं आक्रोश व्यक्त कर रहे थे। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में मध्य प्रदेश के रीवा में सड़क दुर्घटना के दौरान जैन धर्म की प्रभावक आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका उपशममति माताजी समाधिस्थ हो गई, जिससे देशभर के जैन समाज में शोक और आक्रोश व्याप्त है। समाजजनों ने कहा कि जैन साधु-संत पूर्णतः अहिंसक, निहत्थे एवं पैदल विहार करने वाले तपस्वी होते हैं, जो समाज में शांति और संयम का संदेश देते हैं। ऐसे संतों के साथ लगातार बढ़ती दुर्घटनाएं एवं हमले अत्यंत चिंताजनक हैं। दिगम्बर जैन पंचायत ने कहा कि रीवा हादसे की निष्पक्ष उच्चस्तरीय एसआईटी जांच कराई जाए तथा राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू की जाए। उन्होंने पदविहार के दौरान प्रशासनिक समन्वय, ट्रैफिक नियंत्रण, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस सहयोग एवं हाईवे पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग उठाई। साथ ही उन्होंने ललितपुर जिले के ग्राम देवरान में हुई 11 मूर्तियों की चोरी का अब तक खुलासा न होने पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि संत सुरक्षा केवल एक समाज का विषय नहीं बल्कि भारत की आध्यात्मिक विरासत की सुरक्षा का प्रश्न है। उन्होंने संतों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को विशेष संवेदनशील श्रेणी में रखने तथा प्रशासन एवं समाज के बीच समन्वय तंत्र विकसित करने की आवश्यकता बताई। कहा कि जैन समाज सदैव शांति, अहिंसा और संवैधानिक मर्यादाओं में विश्वास रखता है। समाज का उद्देश्य किसी प्रकार का तनाव उत्पन्न करना नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है। कलेक्ट्रेट परिसर में दिगम्बर जैन पंचायत के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अक्षय जैन, आकाश, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, सनत जैन, राजकुमार जैन, अनिल जैन, अजित जैन, शीलचन्द्र, राज कुमार, पूर्व पार्षद मोदी पंकज जैन, सौरभ जैन सीए, अशोक जैन, प्रतीक जैन, राकेश जैन, मनोज जैन, पार्षद आलोक जैन मयूर, ज्योति कल्पनित लोधी, हरदयाल लोधी एड., अजय साइकिल, प्रदीप जैन, राजेन्द्र जैन, पवन जैन, अनिल, संजीव जैन ममता स्पोर्ट्स सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एडीसीओ राबर्टसगंज ने गयारतवल और बटबंतरा क्रय केन्द्रो का किया निरीक्षण



**गेंहू क्रय केंद्रो पर किसानो को कोई समस्या न हो -अवधेश कुमार सिंह**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सोनभद्र देवेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर एडीसीओ राबर्टसगंज अवधेश कुमार सिंह ने सोमवार को गयारतवल तथा बटबंतरा गेंहू क्रय केंद्रो का निरीक्षण किया। गयारतवल बीपैक्स पर अबतक 1920 कुंटल गेंहू खरीद पाई गई।केन्द्र प्रभारी महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक 245 कुंटल गेंहू की डिलिवरी हो चुकी है ।इस समय समिति का गोदाम और बरामदा भर गया है तथा अब डिलिवरी के उपरांत ही गेंहू खरीद संभव है।एडीसीओ ने सचिव को परिवहन ठेकेदार से समन्वय स्थापित करके तत्काल डिलीवरी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बटबंतरा मे केन्द्र प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि अबतक 2396 कुंटल गेहू खरीद हो चुकी है तथा 850 कुंटल डिलिवरी भी हो चुकी है।निरीक्षण के दौरान बट ग्राम के किसान अनीस के गेंहू की तौल हो रही थी।तौल के बाद केवल चार बोरे अवशेष रहने की संभावना को देखते हुए एडीसीओ ने सचिव को क्रय एजेंसी से बात करके तत्काल बोरे मंगवाने के निर्देश दिए। एडीसीओ राबर्टसगंज ने निर्देशित किया कि क्रय नीति का सम्यक अनुपालन करके खरीद करें परंतु यह भी ध्यान रखें कि किसानो को गुणवत्ता की जांच के नाम पर अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।यह सुनिश्चित करना हर केन्द्र प्रभारी की जिम्मेदारी है कि क्रय केन्द्रो पर किसानो को कोई समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान सचिव महेंद्र कुमार सिंह , प्रदीप सिंह, आँचल मौर्य, संजय पटेल,विनोद आदि कर्मचारी तथा क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## खुफिया जहाज ने अचानक भारत के पास चालू किया सिग्नल, मचा तहलका!

**● वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच इस जहाज ने भारत तक लिक्विफाइड नेचुरल गैस पहुंचा दी है। इस जहाज ने कितनी धमाकेदार तरकीब निकाली और बिना सिग्नल ट्रांसमिट किए बगैर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस और पर्शियन गल्फ के पास से होता हुआ यह भारत पहुंच गया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

समंदर के बीचों-बीच एक जहाज भारत की तरफ बढ़ रहा था। इस जहाज के बारे में किसी को नहीं पता था क्योंकि इस जहाज ने अपना सिग्नल बंद कर रखा था। लेकिन जैसे ही यह जहाज भारत के पास पहुंचा तो इसने अपना सिग्नल ऑन कर दिया और उसके बाद जो खबर आई उसने तहलका मचा दिया। पीएम मोदी ने यूरोप जाने से पहले ढाई घंटे संयुक्त अरब अमीरात में एक हाई लेवल मीटिंग की थी। दरअसल एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान अमेरिका जंग के बाद पहली बार एक जहाज संयुक्त अरब अमीरात से लिक्विफाइड नेचुरल गैस भरकर भारत ले आया है। लेकिन उससे भी दिलचस्प बात यह है कि जब ये जहाज अबू धाबी के दास आइलैंड पर खड़ा था और गैस को लोड कर रहा था तब इस जहाज ने अपने सिग्नल्स को बंद कर रखा था ताकि किसी को ना पता चले कि यह जहाज़ यहां खड़ा है। गैस भर कर यह जहाज़ बिना सिग्नल ऑन किए भारत की तरफ निकल पड़ा और जब यह जहाज़ खतरे वाले इलाके से निकल कर भारत के नजदीक पहुंचा, तो इसने अपना सिग्नल ऑन कर लिया।

वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच इस जहाज ने भारत तक लिक्विफाइड नेचुरल गैस पहुंचा दी है। इस जहाज ने कितनी धमाकेदार तरकीब निकाली और बिना सिग्नल ट्रांसमिट किए बगैर स्ट्रेट ऑफ हॉर्मोस और पर्शियन गल्फ के पास से होता हुआ यह भारत पहुंच गया। यह है भारत और संयुक्त अरब अमीरात की दोस्ती की ताकत। बहरहाल इसी बीच बढ़ते तेल संकट के बीच भारत लगातार कुछ ना कुछ कदम उठा रहा है। जिससे भारतीय लोगों पर बढ़ते तेल दामों की मार सबसे कम पड़े। दुनिया के कई बड़े-बड़े विकसित देश तेल के दामों को दुगना कर चुके हैं। लेकिन 150 करोड़ की आबादी वाला भारत अभी भी चुनौतियों से डटकर मुकाबला कर रहा है। इसी कड़ी में अचानक वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा ऑयल सप्लायर बन गया है। लेकिन ऐसा क्यों हुआ है वह सच आपको चौंका देगा। एक डाटा के मुताबिक वेनेजुएला ने मई के महीने में भारत को लगभग 47,000 बैरल तेल प्रतिदिन भेज दिया।

अप्रैल के महीने में यह मात्रा 2,83,000 बैरल प्रतिदिन थी और उससे पहले 9 महीने तक भारत ने वेनेजुएला पर सेंशंस के चलते तेल ही नहीं खरीदा था। अब सवाल यह है कि भारत अचानक वेनेजुएला से इतना तेल क्यों खरीद रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि वेनेजुएला के तेल के दाम कम है। ग्लोबल ऑयल मार्केट इस वक्त प्रेशर में है। सेंशंस हटने के बाद रूसी तेल महंगा हो गया है। स्टेट ऑफ हॉर्मोस के चलते सऊदी अरब का तेल भी महंगा हो गया है। ऐसे में भारत के लिए वेनेजुएला का तेल दुनिया के मुकाबले सस्ता है। आपको बता दें कि वेनेजुएला का तेल हैवी और हाई सल्फर क्रूड ऑयल है। दुनिया में चुनिंदा देश ही है जो वेनेजुएला के तेल को रिफाइन कर सकते हैं। इसीलिए इस तेल की डिमांड बहुत ज्यादा नहीं है क्योंकि ज्यादातर देशों के पास ऐसी रिफाइनरीज ही नहीं है कि वह इतना हैवी क्रूड ऑयल रिफाइन कर सके।

## बराक घाटी की पहली छात्रा बनीं माउंट रेनोक विजेता






**● श्रीभूमि की बेटी ने बढ़ाया असम का मान, माउंट रेनोक विजय।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि संवाददाताः** असम के श्रीभूमि (करिमगंज) की बेटी राजश्री राय ने साहस, दृढ़ संकल्प और अनुशासन का अद्भुत परिचय देते हुए 5,030 मीटर ऊँचे माउंट रेनोक को सफलतापूर्वक फतह कर इतिहास रच दिया है। करिमगंज कॉलेज की छात्रा एवं 4 असम बटालियन एनसीसी की कैडेट राजश्री राय बराक घाटी की पहली छात्रा बन गई हैं, जिन्होंने इस दुर्गम पर्वत शिखर पर सफलता प्राप्त की। यह अभियान 18 मई 2026 को सुबह लगभग 10:30 बजे सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

कठिन मौसम, बर्फीले हालात और शारीरिक चुनौतियों के बावजूद राजश्री ने अदम्य साहस और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया। अभियान के दौरान उन्हें ऊंचाई से जुड़ी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा, फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और शिखर तक पहुँचकर पूरे बराक घाटी को गौरवान्वित किया। 4 असम बटालियन एनसीसी के अधिकारियों ने उनकी इस उपलब्धि को साहस, नेतृत्व और समर्पण का प्रतीक बताया। राजश्री राय की सफलता केवल करिमगंज कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे बराक घाटी और असम के लिए गर्व का विषय बन गई है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि युवाओं, विशेषकर छात्राओं के लिए प्रेरणा का उज्ज्वल उदाहरण बन गई है।

## सिलापाथार में पचास से अधिक विधार्थियों सम्मानित, मादक पदार्थों से दूर रहने की अपील





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** सिलापाथार आंचलिक सोनवाल कचहरी क्रिस्टी विकास केन्द्र और सिलापाथार बैठो मंदिर संचालन समिति ने आज सिलापाथार सोनवाल कचहरी क्रिस्टी विकास केन्द्र के आंगन में एक खास बधाई समारोह का आयोजन किया गया। अनुष्ठान में 2026 वर्ष के मैट्रिक और हायर सेकेंडरी में शानदार रिजल्ट हासिल किए विद्यार्थियों को बढ़वा देने की उद्देश्य में आयोजित अभिनंदन समारोह अध्यक्षता की मंदिर संचालन कमिटी के सेक्रेटरी पूर्णकांत सोनवाल और प्रेसिडेंट रमेश सोनवाल ने, अनुष्ठान में विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, फूल और गोमोचा और किताबों का एक पैकेट देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस समारोह में सेवानिवृत्त प्रोफेसर नंदेश्वर कचारी, शिक्षक ब्रजेन बगलारी, प्रदान शिक्षक अनिल बोरा, सोशल वर्कर जॉन हजारिका, आदित्य सोनवाल, रूपम बरुआ, दिगंत सोनवाल, घनकांत सोनवाल, चेनीराम सोनवाल, सोनवाल कचारी छात्र संघ के चंदन सोनवाल, दिगंत सोनवाल के साथ भारी संख्या में विद्यार्थियों के अभिभावक मौजूद थे। सभा में कई वक्ताओं ने विधार्थियों मादक पदार्थो से खुद को दुर रखने की अपील करते हुए विद्यार्थियों को समझाते हुए अपनी भाषण में भविष्य जीवन में विद्या को आग्रधिकार देकर चलने के अलावा समाज भी उनसे एक अच्छी नागरिक के रूप के देखने की आशा रखते हैं। आज की प्रतियोगिता के समय में खुद को हर समय हर कार्य के लिए तैयार करने के साथ, समाज में योगदान के भी आशा करती हैं। एवं विद्यार्थियों के उज्जल भविष्य की कामना की।

## ग्रेटर नोएडाः डार्क वेब से विदेशी ड्रग्स मंगाकर छात्रों को सप्लाई करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** एसटीएफ नोएडा यूनिट ने एनसीआर में आनलाइन तरीके से विदेशी मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर रविवार को मास्टर माइंड को परी चौक से गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान अंजारा इंटीग्रिटी, राजनगर एक्सटेंशन, नंदग्राम, गाजियाबाद निवासी गौरव खन्ना के रूप में हुई है। आरोपित दिल्ली एनसीआर के कालेजों, विश्वविद्यालयों और हास्टलों में रहकर पढ़ने वाले छात्रों को निशाना बनाकर कारोबार चला रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिश्र के मुताबिक, सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग डार्क वेब और इंटरनेट मीडिया पर कम्युनिटी ग्रुप बनाकर इम्पोर्टेड गांजा, ओजी, बाबा कुश, चरस और अन्य नशीले पदार्थो की सप्लाई कर रहे हैं। टीम ने जाल बिछाकर गिरोह के मास्टर माइंड गौरव खन्ना को धरा है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि 1999 में फरीदाबाद के डीएवी कालेज से बीसीए किया था। पढ़ाई के दौरान साथी छात्र हेमराज की हत्या के मामले में 10 महीने रोहतक जेल में रहा। छूटने के बाद फाइनेंस का काम शुरू किया, लेकिन मारपीट और हत्या के प्रयास में फिर नाम आया।

## सिलचर से शिलकुड़ी-बरम बाबा मंदिर संपर्क सड़क की बदहाल स्थिति से जनता परेशान

**● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा का ध्यान आकर्षित किया गया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमि संवाददाताः** असम के सिलचर शहर के महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में शामिल शिलकुड़ी मुख्य क्षेत्र से बरम बाबा मंदिर तक जाने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, जलभराव और खराब ड्रेनेज व्यवस्था के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं। साथ ही स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राएं, व्यापारी, कर्मचारी तथा असम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी नियमित रूप से इसी सड़क का उपयोग करते हैं। लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।







हल्की बारिश होते ही सड़क पर पानी जमा हो जाता है, जिससे आवागमन और अधिक कठिन एवं खतरनाक बन जाता है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि कई बार संबंधित लोक निर्माण विभाग (PWD) को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस महत्वपूर्ण सड़क की जल्द मरम्मत कर स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और असम के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का ध्यान आकर्षित किया गया।

## अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप 2026: वियतनाम में भारतीय पहलवानों का जलवा

**3 Gold समेत 8 पदकों पर किया कब्जा**



भारत का अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में रविवार को शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसमें दूसरे दिन मानसी लाठेर, काजल और सुमित ने स्वर्ण पदक जीतकर दबदबा कायम रखा। मानसी ने 68 किग्रा स्वर्ण पदक मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया और उज्बेकिस्तान की फिरूजा एसेनबाएवा को 14-1 से करारी शिकस्त दी। काजल का 76 किग्रा फाइनल में प्रदर्शन भी शानदार रहा। उन्होंने किर्गिस्तान की आइझारकिन झानीबेकोवा को 10-0 से हराया। वहीं ग्रीको-रोमन पहलवान सुमित ने 63 किग्रा वर्ग का खिताब जीता। उन्होंने उज्बेकिस्तान के ओजोदबेक खलीलबोएव को 12-2 से हराया। इन तीन स्वर्ण पदक के अलावा भारतीय दल ने दो रजत और तीन कांस्य पदक भी जीते। स्वीटी को वियतनाम की न्गोक एल से 5-7 से हार मिली और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। नेहा ने भी 59 किग्रा वर्ग फाइनल में जोरदार संघर्ष किया, लेकिन उज्बेकिस्तान की लायलोखोन सोबिरोवा से 5-9 से हार गई। इसके साथ ही भारत को दिन का दूसरा रजत पदक मिला। इस बीच अहिल्या एस शिंदे ने कांस्य पदक के प्लेऑफ मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने किर्गिस्तान की अरुके कादिरबेक किजी को 13-2 से करारी शिकस्त दी। ग्रीको-रोमन वर्ग में नीरज पटेल ने 55 किग्रा वर्ग के मुकाबले में बेहतरीन तकनीक का प्रदर्शन किया। उन्होंने कजाकिस्तान के रऊआन बेकिमोव को 8-0 से हराकर आसानी से कांस्य पदक अपने नाम किया। पदकों की संख्या में इजाफ़ा करते हुए रोहित बुरा ने 87 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया। उन्होंने किर्गिस्तान के आर्टिकबेक अलीमबेक उलू को 9-0 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई।




## असम-अंडमान जैव विविधता संबंध का नया वैज्ञानिक प्रमाण मिला

**● जाटिंगा में दुर्लभ पौधे की खोज, भारत के मुख्य भूभाग में पहली पुष्टि।**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**श्रीभूमिः** असम के दीमा हसाओ जिले के जाटिंगा क्षेत्र में दुर्लभ पौधे Heliotropium ovatum की खोज पूर्वोत्तर भारत की जैव विविधता के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। यह शोध Assam University के शोधार्थी कंकन कुमार दास तथा University of Science and Technology Meghalaya के सलीम महमूद ने संयुक्त रूप से किया, जबकि नेतृत्व प्रोफेसर Debajyoti Bhattacharyya ने किया। शोध के अनुसार, यह पहली बार है जब इस प्रजाति की भारत के मुख्य भूभाग में आधिकारिक पुष्टि हुई है। इससे पहले भारत में इसकी उपस्थिति केवल Andaman and Nicobar Islands तक सीमित मानी जाती थी। शोधकर्ताओं ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश से पहले जो दावे सामने आए थे, उन्हें बाद की टैक्सोनॉमिक समीक्षाओं में मान्यता नहीं मिली।

यह पौधा जाटिंगा पहाड़ियों में झरने के किनारे बड़े पत्थरों के बीच, सीधे सूर्य प्रकाश वाले स्थान पर पाया गया। शोधकर्ताओं को वहां केवल 5-6 परिपक्व पौधे मिले। लगभग दो मीटर ऊंचे इस झाड़ीदार पौधे में हरे-सफेद रंग के फूल लगते हैं और इसका पुष्पन नवंबर-दिसंबर के दौरान होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह खोज Assam ¥õÚU Andaman and Nicobar Islands के बीच प्राचीन वनस्पति संबंधों की ओर संकेत करती है। साथ ही, इससे पूर्वोत्तर भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के जैव-भौगोलिक संबंधों पर आगे के शोध को भी नई दिशा मिल सकती है। इस अध्ययन के निष्कर्ष हाल ही में वैज्ञानिक पत्रिका National Academy Science Letters में प्रकाशित हुए हैं।

## रीवा में आर्यिकाओं की संदिग्ध मृत्यु से जैन समाज में रोष, कानपुर में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** मध्य प्रदेश के रीवा में 20 मई 2026 को विहार कर रही जैन आर्यिकाओं से जुड़ी दर्दनाक घटना के बाद पूरे जैन समाज में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस हादसे में पूज्य श्रुत मति माताजी एवं उपशम मति माताजी का समाधि मरण हो गया। घटना के बाद जैन समाज इसे केवल सड़क दुर्घटना मानने को तैयार नहीं है और मामले की गहन जांच की मांग उठा रहा है। जैन समाज के लोगों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह सड़क हादसा प्रतीत होता है, लेकिन घटनास्थल से सामने आए वीडियो, तस्वीरों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों में कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिससे घटना संदिग्ध नजर आ रही है। समाज के लोगों ने आशंका जताई है कि मामले में किसी साजिश की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इसी को लेकर कानपुर के जैन समाज ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की है। दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर, कानपुर के पदाधिकारियों की ओर से जिलाधिकारी को पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई गई। जैन समाज का कहना है कि यह मामला अब सिर्फ एक दुर्घटना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संत समाज की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बन गया है। समाज ने मांग की है कि घटना की हर पहलू से जांच कराई जाए, यदि किसी प्रकार की साजिश सामने आती है तो दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, और भविष्य में संतों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था व सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाए जाएं। इस मामले को लेकर कानपुर सहित कई स्थानों पर जैन समाज में गहरा रोष देखा जा रहा है।

## दिल्ली में 25% छूट के साथ घर खरीदने का सुनहरा मौका, बुकिंग 1 जून से शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) सरकारी कर्मचारियों और पेंशन भोगियों के लिए नरेला में 'कर्मयोगी आवास योजना-2025' के तहत दूसरा चरण शुरू करने जा रहा है। इसमें 1522 नए फ्लैट शामिल होंगे। इन फ्लैटों की बुकिंग एक जून दोपहर 12 बजे से 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर शुरू होगी। ये सभी नए निर्मित फ्लैट नरेला के सेक्टर ए1-ए4 के पाकेट-13 में स्थित हैं, जिन्हें पहले से उपलब्ध पाकेट-6 और पाकेट-9 के बचे हुए फ्लैटों के साथ बिक्री के लिए पेश किया जाएगा। पिछली योजना को मिले बेहतरीन रिस्पांस और मांग को देखते हुए डीडीए ने इस नई खेप को शामिल करने का फैसला किया है, जिस पर पहले की तरह ही 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। सभी फ्लैटों के साथ पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी। इसके तहत वन बीएचके के लिए 5.76 वर्गमीटर, टू बीएचके के लिए 11.52 वर्गमीटर और थ्री बीएचके के लिए 23.04 वर्गमीटर का पार्किंग क्षेत्र तय किया गया है।

## ग्राम पंचायत रोरवा में भ्रष्टाचार जांच रिपोर्ट की कॉपी न मिलने पर जिलाधिकारी से लगाई गुहार






**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोन/सोनभद्र।** विकास खंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत रोरवा में ग्राम प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों में कथित अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले की जांच कराई जा चुकी है, लेकिन शिकायतकर्ता को अब तक जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई है। इससे नाराज शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी सोनभद्र को पुनः प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रोखा निवासी राजेश कुमार भाटिया ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों में भ्रष्टाचार और धन गबन की शिकायत पूर्व में की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा पत्र संख्या-3644 दिनांक 28 जनवरी 2026 को जांच टीम गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद 12 मार्च 2026 को जांच टीम गांव पहुंची और विभिन्न कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि जांच पूरी होने के बाद भी आज तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा जांच रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 7 मार्च 2026 को भी जिला पंचायत राज अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम पंचायत रोरवा में कराई गई जांच की रिपोर्ट की प्रति उपलब्ध कराते हुए मामले में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। वहीं ग्रामीणों में भी मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है। इस बाबत जिला पंचायत राज अधिकारी से सेल फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया किन्तु सम्पर्क नहीं हो सका। वही एडीपीआरओ सोनभद्र ने कहा उक्त प्रकरण की जानकारी नहीं है।

## एफआईएच नेशंस कपः कप्तान सलीमा टेटे की अगुवाई में टीम इंडिया का बड़ा इम्तिहान

भारतीय महिला हॉकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से शुरू हो रही चार मैचों की श्रृंखला के जरिये एफआईएच नेशंस कप की मजबूत तैयारी करने का प्रयास करेगी। सलीमा टेटे की कप्तानी वाली टीम का लक्ष्य 15 से 21 जून तक आकलैंड में होने वाले नेशंस कप से पहले लय हासिल करने का होगा। अर्जेंटीना में इस साल की शुरूआत में बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम ने दुनिया की दूसरे नंबर की टीम के खिलाफ श्रृंखला 2 .2 से ड्रॉ कराई थी। पहले दो मैच हारने के बाद भारत ने दो मैच जीतकर वापसी की थी। भारतीय टीम ने बेंगलुरू स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर में काफी अभ्यास किया जिससे खिलाड़ियों को ढांचागत खेल, अपने कौशल को निखारने, पेनल्टी कॉर्नर में विविधता आजमाने और मैच फिटनेस हासिल करने में मदद मिली। भारतीय कप्तान सलीमा ने कहा,'' आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसकी धरती पर खेलना आसान नहीं है। हमें तैयारी के लिये इस तरह के मैच खेलने होंगे और हर मैच काफी अहम होगा। हम नेशंस कप में आत्मविश्वास के साथ उतरना चाहते हैं।'' एफआईएच रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज भारतीय टीम में सोनम, हीना बानो और लालथांटजुआंगी जैसे युवाओं को मौका दिया गया है।

## पारस और कृष्णा अस्पताल ने इलाज में विलंब करके लापरवाही की- पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल

**● आईटीबीपी के जवान की मां का हाथ काटने के मामले में नहीं हुई ठीक ढंग से जांच**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कानपुर।** पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने कहा है कि कृष्णा और परस अस्पताल ने आईटीबीपी जवान की मां का इलाज करने में लापरवाही की है। उन्होंने कहा कि सीएमओ द्वारा गठित मेडिकल टीम की संशोधित जांच आख्या प्राप्त हो गई है। पूर्व में प्राप्त आख्या निर्णायक नहीं थी तथा उसमें दोष निर्धारण स्पष्ट रूप से नहीं किया गया था। इस संबंध में पुनः पत्राचार कर मेडिकल टीम से बिंदुवार स्पष्टीकरण एवं दोष निर्धारण सहित रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने कहा कि संशोधित रिपोर्ट में पारस अस्पताल एवं कृष्णा अस्पताल द्वारा उपचार में अत्यधिक विलंब किए जाने को गंभीर लापरवाही माना गया है, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित का हाथ काटना पड़ा। उक्त आधार पर दोनों अस्पतालों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जा रहा है।

आईटीबीपी एवं पुलिस के मध्य किसी प्रकार का कोई मतभेद अथवा टकराव नहीं था। प्रकरण के संबंध में चर्चा हेतु आईटीबीपी के कमांडेंट एवं मेडिकल ऑफिसर को पुलिस कार्यालय में स्वयं आमंत्रित किया गया था, ताकि जांच से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर पुनः विचार-विमर्श कर सीएमओ स्तर से विस्तृत परीक्षण कराया जा सके। बैठक के दौरान आईटीबीपी अधिकारी अपने साथ काफी संख्या में फोर्स लेकर आए थे तथा




पुलिस कार्यालय के बाहर जिस प्रकार फोर्स खड़ी की गई, उससे मीडिया में गलत संदेश प्रसारित हुआ। जब मीडिया में ख़बर आई तब कमांडेंट को अविलंब अपने साथ लाये बल को वापस करने को कहा गया। उक्त प्रकरण में आईटीबीपी मुख्यालय एवं उनके महानिदेशक को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया है कि संबंधित स्तर पर विभागीय एवं अनुशासनात्मक जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## चतरा क्षेत्र की जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-** भारतीय जनता पार्टी मण्डल चतरा के महामंत्री श्यामू मिश्रा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की तीन प्रमुख जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। श्री मिश्रा ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चतरा पूरे ब्लॉक का एकमात्र अस्पताल है। दूर-दराज के क्षेत्रों एवं दूसरे ब्लॉकों से भी मरीज यहां आते हैं, जिसके कारण मरीजों का अत्यधिक दबाव है। 24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं चालू रहती हैं, परंतु यहां मात्र 2 चिकित्सक, 1 फार्मासिस्ट एवं 1 वार्डबॉय ही तैनात हैं। स्टाफ की कमी के कारण डॉक्टरों व कर्मचारियों को मरीजों के इलाज में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पीएचसी चतरा में कम से कम 2 अतिरिक्त चिकित्सक तथा 1 फार्मासिस्ट एवं 1 वार्डबॉय की तत्काल नियुक्ति की मांग की। ब्लॉक चतरा के कई गांवों में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। बतादे कि रामगढ कस्बा के कब्रिस्तान से लेकर खंड शिक्षा अधिकारी, चतरा कार्यालय तक अवैध रूप से झुग्गी-झोपड़ियां लगाकर कब्जा किया गया है । इसी मार्ग पर तीन विद्यालय संचालित होते हैं। असामाजिक तत्वों द्वारा छात्र-छात्राओं को परेशान किया जाता है, जिससे उन्हें असहजता का सामना करना पड़ता है। श्री मिश्रा ने जनहित में अवैध अतिक्रमण हटवाकर उचित कार्रवाई की डीएम से मांग की। आगे उन्होंने कहा कि उपरोक्त समस्याएं आम जनता से सीधे जुड़ी हैं और इनके शीघ्र निराकरण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि इन बिंदुओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाए।